3 राजधानी
तेज हवा के साथ बारिश से धुला प्रदूषण

6 अभिमत
जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण आवश्यक

10 विदेश
मैक्रों मध्यस्थता के लिए रूस, यूक्रेन की करेंगे यात्रा

11 विविध
शाकाहार की बढ़ती लोकप्रियता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 90
नई दिल्ली, शनिवार, 5 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




टीम चयन में दखल के आरोप गलतः गांगुली
स्पोर्ट्स-12

# स्कूल-कॉलेज, जिम व स्पा सोमवार से खुलेंगे

- राजधानी में 9वीं से 12वीं तक ऑनलाइन पढ़ाई नहीं होगी, एक सप्ताह बाद नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल भी खुलेंगे
- सभी दफ्तर 100% क्षमता के साथ होंगे संचालित और जिम, स्पा, स्विमिंग व कोचिंग संस्थान भी होंगे संचालित
- रात्रि कर्फ्यू अब रात 11 से सुबह 5 बजे तक ही रहेगा, रेस्टोरेंट्स को भी 11 बजे रात तक खोलने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में आगामी सात फरवरी से 9वीं से 12वीं क्लास तक के स्कूल और कोचिंग संस्थान के साथ-साथ सभी कॉलेज दोबारा खुल जाएंगे। निजी और सरकारी दफ्तरों को 100 फीसद क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। जिम, स्पा, स्विमिंग पुल को भी कुछ शर्तों के साथ खोलने की अनुमति मिल गई है। रात्रि कर्फ्यू रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक रहेगा और रेस्टोरेंट्स भी रात 11 बजे तक खोले जा सकेंगे। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की शुक्रवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में कोरोना के मामलों में तेजी से गिरावट आ रही है।

संक्रमण दर में भी गिरावट आई है। इसे देखते हुए आप सरकार ने दोबारा जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए तमाम प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से स्कूल बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई को काफी नुकसान हुआ है। इसलिए सोमवार से सभी स्कूल-कॉलेज खुल जाएंगे। यही नहीं, दिल्ली में सभी दफ्तरों को 100 फीसद क्षमता के साथ खोला जा सकेगा। संचालकों की मांग पर जिम, स्पा, स्विमिंग पूल को भी खोलने की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि रात्रि कर्फ्यू में भी ढील दी गई है। अब रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक ही कर्फ्यू रहेगा और रेस्टोरेंट् भी रात 11 बजे तक खोले जा सकेंगे। पहले कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक था, रेस्टोरेंट भी रात 10 बजे तक ही खोलने की अनुमति थी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि 9वीं-12वीं के ज्यादातर बच्चों को वैक्सीन लग चुकी है, इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि सोमवार से ये बच्चे स्कूल जा सकेंगे। स्कूलों को एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि वे नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए स्कूल खोलने की तैयारी कर लें।

सभी स्कूलों को भी यह निर्देश दिया जाएगा कि स्कूल के सभी शिक्षकों और स्टाफ को दोनों खुराक लग जाएं। नर्सरी से आठवीं तक के स्कूलों को 14 फरवरी से खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी स्कूलों में पढ़ाई ऑनलाइन व ऑफलाइन (ब्लेंडेड मोड में) जारी रहेगी और धीरे-धीरे पढ़ाई पूरी तरह फिजिकल मोड में शुरू कर दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोरोना के कारण कॉलेज भी लंबे समय से बंद हैं और कॉलेज जाने वाले बच्चों की पूरी कॉलेज लाइफ और कैंपस घर के एक कमरे तक सिमट कर रह गया है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि सोमवार 7 फरवरी से दिल्ली के सभी कॉलेज खोले जाएंगे और पढ़ाई पूरी तरह ऑनलाइन से ऑफलाइन मोड में शिफ्ट कर दी जाएगी। डीडीएमए की बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि दिल्ली के सभी सरकारी व प्राइवेट आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के साथ-साथ सभी कोचिंग संस्थान भी सोमवार से खोले जा सकेंगे।

## तीन टीके लगवाने वाले लोगों में बन रही उच्च स्तर की एंटीबॉडी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** के खिलाफ जंग में कोविड-19 की बूस्टर डोज (तीसरी खुराक) कारगार साबित हो रही है। तीन टीके लगवा चुके लोगों के शरीर में ऑमीक्रोन संक्रमण के खिलाफ भी एंटीबॉडी उच्च स्तर की बन रही है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह उन लोगों पर भी लागू होता है जो तीन बार वायरस से संक्रमित हो चुके हैं, जो ठीक हो चुके हैं और फिर दो टीके लगवा चुके हैं। यह दावा हाल ही प्रकाशित नेचर मेडिसिल जर्नल में किया गया है। अध्ययन में 98 कोरोना संक्रमण से ठीक होने वाले और 73 ऐसे लोगों को शामिल किया गया जिन्हें कभी कोरोना नहीं हुआ था। दोनों ग्रुप को फाइजर की वैक्सीनेशन (शेष पेज 9)

## देश में कोविड से मौतों का आंकड़ा पांच लाख के पार

- सर्वाधिक मौतों के मामले में अमेरिका व ब्राजील के बाद भारत तीसरे नंबर पर
- राज्यों में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, उसके बाद केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली में हुई मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को पांच लाख के आंकड़े को पार कर गई। इसके साथ ही भारत सर्वाधिक मौतों के मामले में अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरा देश बन गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी आंकड़े के अनुसार, देश में कोविड मौतों का आंकडा 5,00,055 पर पहुंच गया है। इसमें शुक्रवार को एक दिन में रिकॉर्ड की गईं 1,072 मौतें भी शामिल हैं।

भारत में कोरोना संक्रमण से मौतों की संख्या चार लाख से बढ़कर पांच लाख होने में 217 दिन लगे हैं। बीते वर्ष एक जुलाई को मौतों का आंकड़ा चार लाख था। देश में कोरोना मरीजों की मौत का आंकड़ा गत वर्ष 27 अप्रैल को दो लाख पर पहुंचा था जब दूसरी लहर के दौरान एक माह से भी कम समय में एक लाख और मरीजों की मौत हो गई थी। पिछले साल 23 मई को कोरोना संक्रमितों की मौत का आंकड़ा तीन लाख पर पहुंच गया था। गौरतलब है कि कोविड-19 से मौतों का आंकड़ा दो अक्टूबर 2020 को एक लाख को पार कर गया था। अमेरिका में सर्वाधिक 9.2 लाख मरीजों की जान इस संक्रामक बीमारी के कारण गई है, जबकि 6.3 लाख मौतों के साथ ब्राजील दूसरे स्थान पर है।

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि देश में कोरोना महामारी की स्थिति में सुधार हुआ है। यह भी कहा था कि कुछ राज्य और जिले चिंता का विषय जरूर हैं, लेकिन मोटे तौर (शेष पेज 9)

## सपा कागजी और परिवारवादीः मोदी

- कहा, यह चुनाव दंगाइयों, माफियाओं को पर्दे के पीछे से उत्तर प्रदेश की सत्ता हथियाने से रोकने का

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी को कागजी और परिवारवादी बताते हुए कहा कि यदि वह सत्ता में लौटती है तो उत्तर प्रदेश में बर्बादी लेकर आएगी और दंगाई मानसिकता वाले बेखौफ हो जाएंगे तथा मौजूदा सरकार की सख्तियों का बदला राज्य की बहन-बेटियों से लेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, हापुड़ और नोएडा के मतदाताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के किसानों को भी विरोधी दलों से आगाह किया और कहा कि यदि इनकी (सपा की) सरकार आ गई तो जहां वह केंद्र से मिलने वाली हजारों करोड़ रुपए की मदद पर ब्रेक लगा देंगे, वहीं गरीब के कल्याण की सभी योजनाओं पर चीनी मिल की तरह ताला लगा देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत राजा महेंद्र प्रताप सिंह, चौधरी चरण सिंह और कल्याण सिंह के अलावा आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की। उन्होंने कहा कि इस बार का उत्तर प्रदेश का चुनाव सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की पहचान को बनाए रखने के लिए है। समाजवादी पार्टी द्वारा कथित तौर पर अपराधियों को टिकट दिए जाने का मुद्दा छेड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इन्होंने कैसे-कैसे लोगों को टिकट दिया है। लोकतंत्र में जो लाज शर्म नाम की चीज चाहिए थी, वह भी छोड़ दिया। ऐसे-ऐसे लोगों को टिकट दिया है... इसी से आपको उनके भावी इरादों का पता चल जाएगा।

प्रदेश की जनता से भारी संख्या में मतदान करने की अपील कर भाजपा को जीताने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव हिस्ट्रीशीटर्स को बाहर रखने की हिस्ट्री बनाने के लिए और साथ ही दंगाइयों व माफियाओं को पर्दे के पीछे से सत्ता हथियाने से रोकने का भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद उत्तर प्रदेश ने अनेक चुनाव देखे और अनेक सरकारों को बनते-बिगड़ते देखा है, लेकिन यह चुनाव सबसे अलग है। उन्होंने कहा, यह चुनाव उत्तर प्रदेश में शांति के स्थायित्व के लिए है, विकास की निरंतरता के लिए है, प्रशासन में सुशासन के (शेष पेज 9)

## होशंगाबाद जिले का नाम होगा नर्मदापुरम

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश के होशंगाबाद जिले का नाम नर्मदापुरम करने की मंजूरी दे दी है। इसी तरह केंद्र ने नर्मदापुरम जिले के बाबई कस्बे का नाम बदलकर प्रसिद्ध हिंदी कवि और पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी के नाम पर माखन नगर करने के लिए भी मंजूरी दे दी है। चौहान ने एक ट्वीट में कहा, होशंगाबाद को नर्मदापुरम और बाबई को माखन नगर करने का प्रस्ताव मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। जन आकांक्षाओं के अनुरुप इस सुखद निर्णय के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रदेश सरकार की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी होते ही नाम में बदलाव हो जाएगा। प्रदेश सरकार की एक वेबसाइट के अनुसार होशंगाबाद का नाम मालवा के दूसरे राजा गोरी वंश के होशंगशाह के नाम पर पड़ा था। होशंगशाह ने इसे जीता था, इसका पुराना (शेष पेज 9)

## एमएसपी पर चुनाव बाद समिति बनाएगी सरकार

- केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने राज्यसभा में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के बाद कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर एक समिति गठित करेगी। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा में जीरो ऑवर में एक सवाल के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी पर एक समिति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने कहा है कि विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद इसका गठन किया जा सकता है। संयोग से केंद्र का यह आश्वासन किसान संघों के संयुक्त मंच संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें किसानों से विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देने की अपील की गई थी और सरकार पर एमएसपी पर समिति के गठन के अपने वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया था। पिछले साल 9 दिसंबर को अपने पत्र में की गई अन्य प्रतिबद्धताओं को केंद्र द्वारा पूरा नहीं करने पर 31 जनवरी को, किसानों के नेताओं ने केंद्र के खिलाफ विश्वासघात दिवस मनाया था।

तोमर ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, और एमएसपी को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है और मामला मंत्रालय के विचाराधीन है। तोमर ने कहा कि चूंकि विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए सरकार ने चुनाव आयोग को इसकी मंजूरी के लिए लिखा है। मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग का जवाब आ गया है। आयोग ने कहा है कि चुनाव समाप्त होने के बाद समिति का गठन किया जाना चाहिए। पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा करते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति गठित करने का वादा किया था।

तोमर ने अपने लिखित जवाब में कहा कि देश की बदलती जरूरतों के हिसाब से फसल पैटर्न में बदलाव, एमएसपी को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने और कृषि की प्राकृतिक कृषि पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए एक समिति गठित करने की प्रक्रियाा चल रही है, कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग से सहमति ली जा रही है। बीजद सांसद प्रसन्ना आचार्य के एक अन्य प्रश्न, क्या सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी देने के लिए इस सदन में एक विधेयक लाने पर विचार करने पर तोमर ने कहा कि 2018 से पहले एमएसपी को (शेष पेज 9)

## हरियाणा ने आरक्षण कानून पर स्टे को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के हरियाणा के निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने वाले कानून पर अंतरिम रोक लगाने के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय सात फरवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के कथन पर गौर किया और उच्च न्यायालय के आदेश को अपने रिकॉर्ड में रखने की हरियाणा की अपील पर सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने को वह तैयार हो गई। विधि अधिकारी ने कहा, मैं उस मामले का उल्लेख कर रहा हूं, जो कल माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था, जहां इस कानून को चुनौती दी गई थी और इस पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने (शेष पेज 9)

## अखिलेश और जयंत सहित 402 लोगों पर मुकदमा दर्ज

- नोएडा में रात एक बजे तक किया था चुनाव प्रचार, आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा





**विधानसभा** चुनाव के मद्देनजर बृहस्पतिवार को प्रचार के लिए दादरी विधानसभा आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी सहित 402 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों नेताओं ने आचार संहिता व कोविड नियमों का उल्लंघन किया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि दादरी विधानसभा में चुनाव प्रचार के लिए बृहस्पतिवार आधी रात अखिलेश यादव व जयंत चौधरी दादरी पहुंचे थे। तय कार्यक्रम से आठ घंटे की देरी से दादरी पहुंचे दोनों नेताओं का समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने लुहारली टोल पर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नेताओं को गदा व फरसा भेंट किया था। रोड शो के दौरान करीब दो किलोमीटर तक गाड़ियों का जाम लग गया था। अखिलेश ने सम्राट मिहिर भोज का चित्र हाथ में लेकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

उनके साथ दादरी विधानसभा से सपा प्रत्याशी राजकुमार भाटी समेत कई अन्य लोग थे। करीब बीस मिनट तक दादरी में रुकने के बाद अखिलेश का काफिला नोएडा के लिए निकल गया था। नोएडा में भी रात एक बजे चुनाव प्रचार किया गया था। दोनों नेताओं के अलावा मुकदमें में राजकुमार भाटी, सपा जिलाध्यक्ष इंद्र प्रधान को नामजद किया गया है।

## नीट-पीजी का आयोजन अब 21 मई को होगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्नातकोत्तर मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) 21 मई को आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। एक दिन पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने छह से आठ सप्ताह तक परीक्षा टालने को कहा था। एनबीईएमएस द्वारा शुक्रवार को जारी नोटिस में कहा गया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तीन फरवरी के पत्र के निर्देशों के अनुसार नीट-पीजी 2022 जिसे पहले 12 मार्च को आयोजित करने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब इसके आयोजन को पुनर्निर्धारित किया गया है। नीट-पीजी 2022 अब 21 मई को सुबह नौ बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एनबीईएमएस ने कहा है कि नीट-पीजी 2022 के लिए आवेदन जमा करने को लेकर ऑनलाइन आवेदन विंडो अब 25 मार्च (रात 11:55 बजे तक) तक जारी रहेगी। पहले इसे चार फरवरी को (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,644 | ↓ 143 | |
| निफ्टी | 17,516 | ↓ 43 | |
| सोना | 47,918 | ↑ 34 | /10g |
| चांदी | 61,006 | ↑ 330 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जेएनयू कुलपति जगदीश कुमार यूजीसी अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलपति एम. जगदीश कुमार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, कुमार को पांच साल की अवधि के लिए उच्च शिक्षा नियामक संस्था का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केंद्र सरकार ने एम जगदीश कुमार को पांच साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु का होने तक यूजीसी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। प्रो. डी पी सिंह ने 65 वर्ष की आयु पूरी हो जाने पर यूजीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद सात दिसंबर से यह पद खाली था। सिंह ने 2018 में यूजीसी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था। यूजीसी के उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त है।

## ईडी ने पंजाब के सीएम चन्नी के भतीजे को किया गिरफ्तार

- अवैध रेत खनन से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में पिछले महीने की थी छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे भूपिंदर सिंह उर्फ हनी को राज्य में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि हनी को गुरुवार देर रात धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जालंधर में एजेंसी के कार्यालय में कई घंटों की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि वह पूछताछ के दौरान अपने जवाबों में टालमटोल करने के बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। सूत्रों ने कहा कि हनी से और पूछताछ के लिए अदालत से उसकी हिरासत मांगी जा रही है। हनी चन्नी की भाभी का बेटा है। एजेंसी ने 18 जनवरी को हनी के परिसर की तलाशी ली थी और दावा किया था कि उसने करीब 8 करोड़ रुपये नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों की संपत्तियों की भी तलाशी ली गई।

चन्नी के भतीजे की गिरफ्तारी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पंजाब में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से पहले आया है। गांधी के रविवार को लुधियाना में अपनी वर्चुअल रैली के दौरान यह घोषणा करने की उम्मीद है। चन्नी संभावित रूप से पंजाब में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। पंजाब में 20 फरवरी को मतदान होना (शेष पेज 9)

## उत्तर प्रदेश और शिक्षा मंत्रालय की झांकी सर्वश्रेष्ठ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गणतंत्र दिवस परेड**

- तीनों सेनाओं में नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी शीर्ष पर रही, लोकप्रिय पसंद श्रेणी में महाराष्ट्र अव्वल



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ पर उत्तर प्रदेश की झांकी फाइल फोटो

**गणतंत्र** दिवस परेड में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश ने और मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में शिक्षा मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। जबकि भारतीय नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी तीनों सेनाओं में शीर्ष पर रही। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। गणतंत्र दिवस परेड में कुल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया था।

जिसमें एक जिला एक उत्पाद और काशी विश्वनाथ धाम विषय पर उत्तर प्रदेश की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दूसरा स्थान कर्नाटक को पारंपरिक हस्तशिल्प के पालने पर आधारित झांकी के लिए मिला, जबकि तीसरा स्थान मेघालय को मिला। मेघालय की झांकी राज्य के गठन के 50 साल पूरे होने और महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों तथा स्वयं सहायता समूहों के योगदान पर आधारित थी। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में शिक्षा मंत्रालय और नागर विमानन मंत्रालय की झांकियों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की झांकी की थीम राष्ट्रीय शिक्षा नीति थी। नागर विमानन मंत्रालय की झांकी उड़े देश का आम नागरिक विषय पर आधारित थी। परेड में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों की नौ झांकियों ने भाग लिया था। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (सीपीडब्ल्यूडी) की झांकी को विशेष पुरस्कार श्रेणी के लिए चुना गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, भारतीय नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी को तीनों सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी के रूप में चुना गया है। पहली बार आम जनता को माईजीओवी प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोकप्रिय पसंद श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल और सर्वश्रेष्ठ झांकी के लिए वोट करने को लेकर आमंत्रित किया गया था। ऑनलाइन पोल 25-31 जनवरी के बीच आयोजित किया गया था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) या अन्य सहायक बलों के बीच सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल के रूप में माईजीओवी पर अधिकतम वोट प्राप्त हुए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लोकप्रिय पसंद श्रेणी में महाराष्ट्र को राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वश्रेष्ठ झांकी के रूप में वोट दिया गया। लोकप्रिय पसंद के अनुसार, भारतीय वायु सेना की मार्चिंग टुकड़ी को तीनों सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल के रूप में चुना गया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, दूसरा स्थान उत्तर प्रदेश (लोकप्रिय पसंद) को मिला, जबकि जम्मू कश्मीर का बदलता चेहरा विषय पर जम्मू-कश्मीर की झांकी तीसरे स्थान पर रही। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने ट्वीट कर कहा, गणतंत्र दिवस परेड 2022 में विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ झांकियों का पुरस्कार जीतने वाले सभी विजेताओं को बधाई दी। केंद्रीय मंत्रालयों विभागों की श्रेणी में शिक्षा मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार (शेष पेज 9)

# रौनीजा गांव में चुनाव प्रचार के दौरान बवाल

## जेवर से गठबंधन प्रत्याशी अवतार सिंह भड़ाना पर युवकों को कुचलने की कोशिश का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में जेवर विधानसभा सीट के रौनीजा गांव में शुक्रवार सुबह बवाल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, समाजवादी पार्टी-राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना गांव में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। उसी दौरान गांव के बाहर दौड़ लगा रहे युवकों ने अवतार सिंह भड़ाना का विरोध किया।





आरोप है कि अवतार सिंह भड़ाना की कार ने युवकों को कुचलने की कोशिश की। इसके बाद ग्रामीण भड़क गए। अवतार सिंह भड़ाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कारों पर लगे झंडे और पोस्टर हटाने पड़े। इस सबके बावजूद अवतार सिंह भड़ाना और उनके समर्थकों ने जबरन रौनीजा गांव में घुसने की कोशिश की। जिससे विरोध बढ़ता चला गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अवतार सिंह भड़ाना को प्रचार किए बिना गांव से वापस लौटना पड़ा है।

दूसरी तरफ अवतार सिंह भड़ाना का कहना है, हम गांव में प्रचार करने गए थे। हमारे साथ मारपीट की गई है। रौनीजा के निवासी अमित कुमार ने बताया कि गांव के काफी युवा सुबह के समय दौड़ लगाने जाते हैं। शुक्रवार सुबह गांव के युवा दौड़ लगाने गए थे। इसी दौरान जेवर विधानसभा से सपा-रालोद उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना का काफिला वहां से निकला। गांव के बच्चे पुल के पास खड़े थे। इसी दौरान अवतार सिंह भड़ाना के ड्राइवर ने बच्चों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इस हादसे में बच्चे बाल-बाल बचे हैं। इसके बाद गांव के युवाओं में भड़ाना के खिलाफ रोष फैल गया। जब अवतार सिंह भड़ाना के ड्राइवर ने बच्चों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। अमित का कहना है कि यह पूरा हादसा मेरी आंखों के सामने हुआ है।

ग्रामीणों ने गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी से मांग की है कि अवतार सिंह भड़ाना के प्रचार कार्यक्रम की समीक्षा की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग भी इस तरफ ध्यान दे।

# गुर्जर समाज को साधने नोएडा आए पायलट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गुर्जर समाज के बड़े नेता और राजस्थान के विधायक सचिन पायलट शुक्रवार को नोएडा पहुंचे। यूपी विधानसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर की तीनों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने सचिन पायलट जनपद में आए हैं।

नोएडा डीएनडी बॉर्डर पर सचिन पायलट का कांग्रेसियों ने स्वागत किया। इस दौरान सचिन पायलट ने मीडिया से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी पर हुए हमले को लेकर भी टिप्पणी की।

सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस पूरी ताकत के साथ उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा दिन-रात मेहनत करके घर-घर जाकर वोट मांग रही हैं। प्रियंका जमीनी मुद्दों पर चुनाव लड़ रही हैं।

प्रियंका और कांग्रेस आम जनता और महिलाओं के उत्थान के बारे में सोचती हैं और इन्हीं मुद्दों पर कांग्रेस उत्तर प्रदेश समेत सभी पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ रही है। सचिन पायलट ने कहा, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार फेल हो चुकी है। उत्तर प्रदेश और पूरे देश में लोग परेशान हैं। भारतीय जनता पार्टी हिंदू-मुस्लिम पर चुनाव लड़ती है और इस बात को उत्तर प्रदेश की जनता समझ चुकी है। इस बार उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सफाया है।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अजीत कुमार सिंह, रीता सिंह, बी-4, गली नंबर प्रथम तल, वेस्ट बिनोद नगर, निकट मंगलम हॉस्पिटल, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL0002453642 | बी-4, गली नंबर प्रथम तल, वेस्ट बिनोद नगर, निकट मंगलम हॉस्पिटल, दिल्ली, | 31-12-2021 रू. 24,05,603/- | 31.10. 2021 |
| 2. | बाल कृष्ण दुआ, 1150, मुल्तानी मोहल्ला, मेन गांधी नगर रोड, बांध रोड, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00001431340 | प्रथम तल (आरएवएस), ब्लॉक सी-1, डीएलएफ अंकुर विहार, प्लॉट नंबर सी-1/2, लोनी, गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 5,84,780/- | 31.10. 2021 |
| 3. | मोहित, रोशी गुलाटी, एच-804, प्रिंसेस पार्क, सेक्टर-86, ओल्ड फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00004364371 | एच-804, प्रिंसेस पार्क, सेक्टर-86, ओल्ड फरीदाबाद | 31-12-2021 रू. 25,88,215/- | 04.10. 2021 |
| 4. | सलीम सिद्दीकी, तसमीन सुल्तान बेगम, डी-331, सेक्टर-1, प्रताप विहार, निकट राधेश्याम स्वीट, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBNOD00001738818 | फ्लैट नंबर डी-351 ए, सेक्टर-11, जीएमपी प्रताप विहार, गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 3,79,643/- | 10.06. 2021 |
| 5. | कृष्ण कुमार चावला, टी सी होजरी प्रा. लि., तारा चंद चावला, वंदना चावला, 85, एसआरएम सीजीएचएस लि., 106, आईपी एक्स., पटपड़गंज, दिल्ली खाता नंबर :- LBFDB00001356892 | प्लॉट नंबर 72, नीति खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 9,18,560.48/- | 12.07. 2021 |
| 6. | मुकेश सिंह, किरण, एच नंबर 1571, सेक्टर-10 ए, गुरूग्राम, तहसील गुरूग्राम, गुरूग्राम, खाता नंबर :- LBDEL00002378475 | फ्लैट नंबर 0207, द्वितीय तल, ब्लॉक सी 2, डिलाइट रेजीडेंसीज, खसरा नंबर 205, 206, 207, 208, 209, 697/210, ग्राम टपूकरा, तहसील तिजारा, जिला अलवर, भिवाडी | 28-12-2021 रू. 18,42,491.65/- | 04.10. 2021 |
| 7. | प्रकाश चंद्र जोशी, रामा जोशी, ब्लॉक नंबर 4 एच नंबर 369, खिचडीपुर, त्रिलोकपुरी, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005042703 | खसरा नंबर एस 1097 मिन तथा 1098 मिन, ब्लॉक के, फ्लैट नंबर के-1106, 11वां तल, दिया ग्रीन सिटी, ब्लॉक के, परगना जलालाबाद, गाजियाबाद | 28-12-2021 रू. 16,83,191/- | 04.10. 2021 |
| 8. | राजीव सिंह, संध्या सिंह, एच नंबर 320, ग्राम डाबुआ, फिरोज गांधी नगर, ब्लॉक ई, तहसील फरीदाबाद, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00002396051 | फ्लैट नंबर ए-1001, 10वां तल, टाइप-बी, टावर ए, हैप्पी होम्स, सेक्टर-86, फरीदाबाद | 28-12-2021 रू. 11,89,405/- | 04.10. 2021 |
| 9. | सव्य साची रैना, वीनता रैना, मोंजिश रंजन नंदी, जीएच 5 एवं 7, फ्लैट नंबर 804, पश्चिम विहार, दिल्ली खाता नंबर :- LBGUR00001193760 | प्लॉट नंबर 114, भू तल, ब्लॉक-डी, क्लासिक पर्सनल फ्लोर, साउथ सिटी-II, गुरूग्राम | 28-12-2021 रू. 20,68,170/- | 06.10. 2021 |
| 10. | प्रवीण कुमार शर्मा, ज्योति देवी, प्रदीप कुमार, गंगा टेक्नामेक इंजीनियर्स, एच नंबर 305/318, निकट हनुमान मंदिर, गढ़ोली खुर्द, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00004131587 | फ्लैट नंबर एफ-1004, 10वां तल, आर ऑफ आनंदा, टावर एफ, सेक्टर-95, गुरूग्राम | 28-12-2021 रू. 13,02,441/- | 04.10. 2021 |
| 11. | गीता गुप्ता, ओम दत्त गुप्ता, जी 5 भू तल, एमसीडी फ्लैट्स, ढाका कालोनी, डा. मुखर्जी नगर, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00004880657 | फ्लैट नंबर 0302, खसरा नंबर 1015, ब्लॉक 3 (पार्ट जे), तृतीय तल, निलय ग्रीन्स, 1023/1, 1023/2, 1023 मिन, ग्राम मोर्टा, परगना जलालाबाद, गाजियाबाद | 28-12-2021 रू. 14,37,250.99/- | 04.10. 2021 |
| 12. | महेश, सविता, मोहल्ला गोहरे चंद हाट 172, पलवल, हरियाणा खाता नंबर :- LBPLW00005316174 | फ्लैट नंबर डी 7502, प्रथम तल, डी ब्लॉक, ग्राम शाहपुर, दि पार्क, तहसील तिजारा, भिवाडी, राजस्थान, | 28-12-2021 रू. 19,70,957/- | 31.12. 2020 |
| 13. | नैतान बजाज, विजय कुमार, ब्लैक राइडर्स एडवरटाइजिंग प्रा. लि., एच नंबर 380, तृतीय तल, पाकेट-1, फेज-1, डीडीए एसएफएस फ्लैट्स, सेक्टर-22, द्वारका, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002268454 | फ्लैट नंबर 2703, 27वां तल, ब्लॉक 2, इम्पीरिया मिराज, प्लॉट नंबर जीएच एफ-3, सेक्टर-25, जे पी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, एसडीजेड नोएडा, नोएडा | 31-12-2021 रू. 10,57,835/- | 04.10. 2021 |
| 14. | आनंद प्रकाश, अंजू शर्मा, 328, शाहपुर जाट ग्राम, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002376530 | फ्लैट नंबर 35, तृतीय तल, ब्लॉक एफ 3, पाकेट 3, सेक्टर 34, रोहिणी, दिल्ली | 31-12-2021 रू. 11,23,606/- | 04.10. 2021 |
| 15. | गिरीश कुमार, भावना, 329, चतुर्थ तल 4, मरला माडल टाउन, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBDEL000053648895 | सम्पत्ति 117, मकान नंबर आर 27, आरा मशीन वाली गली, भारत नगर, खेवट नंबर 154, खतौनी 208, खसरा नंबर 213/1/2/1, रकबा नंबर 266, भिवानी, हरियाणा | 31-12-2021 रू. 21,86,598/- | 04.10. 2021 |
| 16. | दुर्गेश ठाकुर, पिंकी ठाकुर, मकान नंबर 135, वार्ड नंबर 8, बनिया वाड़ा, बल्लभगढ़, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00004965177 | फ्लैट नंबर ए 7-704, 7वां तल, टावर ए 7, हैबीटैट 78, सेक्टर-78, फरीदाबाद, हरियाणा | 31-12-2021 रू. 15,71,918/- | 04.10. 2021 |
| 17. | मूल चंद शर्मा, 74, खटियापाड़ा दनकौर, गौतमबुद्ध नगर, दनकौर, उत्तर प्रदेश, बुलंदशहर खाता नंबर :- LBGHZ00005135066 | फ्लैट नंबर सी/010, फ्लोर 0.1, ब्लॉक सी, एसपीएलएस आवासीय योजना, ग्राम कुशलिया, परगना डासना, तहसील और जिला गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 25,18,561/- | 04.10. 2021 |
| 18. | संजय दाल, पूनम, एच नंबर 37812, बिस्वा, छोटी माता मंदिर, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00003296834 | फ्लैट नंबर 201, द्वितीय तल, टावर सी 3, डिलाइट रेजीडेंसीज, टपूकरा, भिवाडी | 31-12-2021 रू. 14,85,819/- | 04.10. 2021 |
| 19. | अजय सिंह, होराइजन टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स, अतर सिंह पुंडीर, कंवर सिंह, एफबी-188, एचआईजी, सेक्टर-4, लाजपत नगर, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBDEL00001568029 | एफबी-188, लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद | 01-01-2022 रू. 3,86,371/- | 30.04. 2021 |
| 20. | अजय सिंह, होराइजन टूअर्स ऐंड ट्रैवल्स, अतर सिंह पुंडीर, कंवर सिंह, एफबी-188, एचआईजी, सेक्टर-4, लाजपत नगर, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBDEL00001568029 | एफबी-188, लाजपत नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद | 01-01-2022 रू. 10,75,837/- | 11.05. 2021 |
| 21. | शिव राम, सुदेश कुमारी, 1 यूए, द्वितीय तल, जवाहर नगर, कमला नगर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00001511427 | फ्लैट नंबर 1 यूए, द्वितीय तल, जवाहर नगर, निकट पंजाब ऐंड सिंध बैंक, निकट हंस राज कालेज, दिल्ली | 01-01-2022 रू. 8,11,801.08/- | 30.01. 2021 |
| 22. | गुलाब सिंह, सविता देवी, एच नंबर 433, अशोक एन्क्लेव-3, वार्ड नंबर 15, सेक्टर-35, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, खाता नंबर :- LBDEL00001943880 | मकान नंबर 433, अशोक एन्क्लेव, सेक्टर-35, फरीदाबाद, | 01-01-2022 रू. 5,24,045/- | 10.06. 2021 |
| 23. | गुलाब सिंह, सविता देवी, फ्लैट नंबर 433, अशोक एन्क्लेव पार्ट-3, सेक्टर-35, निकट सराय, फरीदाबाद, खाता नंबर :- LBDEL00000945884 | प्लॉट नंबर 433, अशोक एन्क्लेव-3, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, | 01-01-2022 रू. 1,66,594.5/- | 28.02. 2021 |
| 24. | कपिल डांग, कांता देवी, 53 55 प्रथम तल, पाकेट ई 16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004807343 | जेओडीए प्रॉप नंबर 53 55 प्रथम तल, ब्लॉक ई 16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली | 31-12-2021 रू. 16,87,436.7/- | 30.06. 2021 |
| 25. | कपिल डांग, कांता देवी, 53 55 प्रथम तल, पाकेट ई 16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004808769 | जेओडीए प्रॉप नंबर 53 55 प्रथम तल, ब्लॉक ई 16 सेक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली | 31-12-2021 रू. 10,81,937.3/- | 30.06. 2021 |
| 26. | दिवाकर कुमार, पल्लवी कुमारी, मकान नंबर सी 30 ए, फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव, इगनू रोड, निकट गेट नंबर 3, दिल्ली खाता नंबर :- LBFDB00002091891 | एच नंबर 2392 पी, भू तल, अरावली विहार, सेक्टर-49, फरीदाबाद | 31-12-2021 रू. 12,07,435/- | 31.08. 2020 |
| 27. | दिवाकर कुमार, पल्लवी कुमारी, मकान नंबर सी 30 ए, फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव, इगनू रोड, निकट गेट नंबर 3, दिल्ली खाता नंबर :- LBFDB00002089814 | एच नंबर 2392 पी, भू तल, अरावली विहार, सेक्टर-49, फरीदाबाद | 31-12-2021 रू. 26,92,533.7/- | 31.08. 2020 |
| 28. | नीरज शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, मकान नंबर डी-250, सेक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00004449519 | फ्लैट नंबर 3 जी-403, चतुर्थ तल, निलय ग्रीन्स, ब्लॉक-3, (पार्ट-जी), खसरा नंबर 1015, 1023/1, 1023/2 मिन, ग्राम मोर्टा, परगना जलालाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 13,13,651/- | 06.04. 2021 |
| 29. | नीरज शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, मकान नंबर डी-250, सेक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00005240430 | फ्लैट नंबर 3 जी-403, चतुर्थ तल, निलय ग्रीन्स, ब्लॉक-3, (पार्ट-जी), खसरा नंबर 1015, 1023/1, 1023/2 मिन, ग्राम मोर्टा, परगना जलालाबाद, तहसील और जिला गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 38,660/- | 06.04. 2021 |
| 30. | पंचशील गौतम, सोनिया गौतम, बी-1034, एमआईजी फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ लोनी रोड, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00002422242 | फ्लैट नंबर 1207, 12वां तल, टावर टी-4, ब्लॉक बी, यूनिबेरा टावर्स, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 31-12-2021 रू. 20,04,184/- | 07.06. 2021 |
| 31. | पंचशील गौतम, सोनिया गौतम, बी-1034, एमआईजी फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ लोनी रोड, दिल्ली खाता नंबर :- LBGHZ00004868725 | फ्लैट नंबर 1207, 12वां तल, टावर टी-4, ब्लॉक बी, यूनिबेरा टावर्स, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 31-12-2021 रू. 73,752/- | 07.06. 2021 |
| 32. | विवेक गुप्ता, शारदा देवी, फ्लैट नंबर 03, द्वितीय तल, रहमान लेआउट जिजाऊ नगर, अमरावती खाता नंबर :- LBNOD00004978909 | फ्लैट नंबर 1501, मिगसन विन, टावर 2, 15वां तल, सेक्टर-ईटीए-2, नोएडा | 31-12-2021 रू. 15,66,233/- | 06.04. 2021 |
| 33. | विवेक गुप्ता, शारदा देवी, फ्लैट नंबर 03, द्वितीय तल, रहमान लेआउट जिजाऊ नगर, अमरावती खाता नंबर :- LBNOD00005113065 | फ्लैट नंबर 1501, मिगसन विन, टावर 2, 15वां तल, सेक्टर-ईटीए-2, नोएडा | 31-12-2021 रू. 1,07,469/- | 06.04. 2021 |
| 34. | बबीता मल्होत्रा, अनिल मल्होत्रा, मकान नंबर 485, 3 निकट विल्सन फैक्ट्री, नई आबादी अर्जुन नगर, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00002973428 | यूनिट नंबर 449, चतुर्थ तल, जेएमडी मेगापोलिस, सोहना रोड, गुरूग्राम | 31-12-2021 रू. 16,24,614.99/- | 04.08. 2021 |
| 35. | बबीता मल्होत्रा, अनिल मल्होत्रा, मकान नंबर 485, 3 निकट विल्सन फैक्ट्री, नई आबादी अर्जुन नगर, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBGUR00002973432 | यूनिट नंबर 449, चतुर्थ तल, जेएमडी मेगापोलिस, सोहना रोड, गुरूग्राम | 31-12-2021 रू. 9,42,069.99/- | 04.08. 2021 |
| 36. | आदेश सक्सेना, कीर्ति सक्सेना, ई 1204, टावर ई एस जी ग्रैंड, राज नगर एक्सटेंशन, एमराल्ड टावर, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00004928121 | नंबर ई 1204, 12वां तल, टावर नंबर ई (एमराल्ड टावर) एस जी ग्रैंड, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, गाजियाबाद | 28-12-2021 रू. 16,05,183/- | 04.10. 2021 |
| 37. | आदेश सक्सेना, कीर्ति सक्सेना, ई 1204, टावर ई एस जी ग्रैंड, राज नगर एक्सटेंशन, एमराल्ड टावर, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBGHZ00004928125 | नंबर ई 1204, 12वां तल, टावर नंबर ई (एमराल्ड टावर) एस जी ग्रैंड, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच-58, गाजियाबाद | 28-12-2021 रू. 5,16,913/- | 04.10. 2021 |
| 38. | राजीव लोहिया, राखी लोहिया, ए 97 लोहिया नगर, निकट नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) खाता नंबर :- LBDEL0000174477 | ए 97 लोहिया नगर, सेक्टर-8, रोहिणी, गाजियाबाद | 04-01-2022 रू. 4,03,879/- | 11.06. 2021 |
| 39. | राजीव लोहिया, राखी लोहिया, ए 97 लोहिया नगर, निकट नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) खाता नंबर :- LBDEL00001894921 | ए 97 लोहिया नगर, सेक्टर-8, रोहिणी, गाजियाबाद | 04-01-2022 रू. 23,711/- | 11.06. 2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन फैक्टरी पर छापा, माल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

### ● कंपनी मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

औषधि विभाग ने लोनी के एक घर में चल रही नकली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाने वाली फैक्टरी का खुलासा किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को पुलिस के साथ मिलकर फैक्टरी पर छापा मारा और इंजेक्शन और इसे तैयार करने वाली मशीनों को बरामद किया। इस मामले में अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

विभाग को पिछले काफी दिनों से लोनी में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बिक्री की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद विभाग ने जांच शुरू की तो गली नंबर-8 हनुमान मंदिर के सामने लक्ष्मी गार्डन में नकली इंजेक्शन तैयार करने वाली फैक्टरी का पता चला।

जिला औषधि निरीक्षक अनुरोध कुमार भारती ने बताया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन तैयार करने के लिए धर्मवीर ने लाइसेंस भी नहीं लिया है।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार एक छात्र की मौत, 4 घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 126 क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार राठी ने बताया कि उत्कर्ष अग्रवाल (21) चार छात्रों आर्यन चौधरी, प्रत्यूष, नरेंद्र सिंह चौहान तथा संभव जैन के साथ कार से ग्रेटर नोएडा से नोएडा की तरफ आ रहा था।

उन्होंने बताया कि कार सेक्टर 126 स्थित जेपी विशटाउन के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, तथा पलट गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की सहायता से घायलों को कार से बाहर निकाला, तथा उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान उत्कर्ष की मौत हो गई,वहीं उसके चार साथियों की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के पिता मेरठ में चिकित्सक हैं।

# संक्षिप्त समाचार




विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक यादव व डॉ. दीपक जैन।

### विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक यादव एवं वरिष्ठ कैंसर रोग सर्जन डॉ दीपक जैन ने लोगों को कैंसर से बचाव के तरीकों पर जागरूक किया। डॉ अभिषेक यादव ने बताया कि पिछले एक साल में हमने हॉस्पिटल में 500 से ज्यादा कैंसर के मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अपनी पूरी प्रतिबद्धता और शक्ति के साथ इस संकटपूर्ण बीमारी से लड़ने के हमारे संकल्प की याद दिलाता है। नई और विकसित हो रही रणनीतियां कैंसर रोगियों और उनके उपचार और देखभाल में शामिल लोगों के लिए आशा की किरण दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने निदान और उपचार में इतना विकास और परिशोधन देखा है जो सुनिश्चित करता है कि हम सही रास्ते पर हैं।

### डिवाइडर पर मिला अज्ञात महिला का शव

**नोएडा।** दिल्ली से लगी सीमा के पास सड़क के डिवाइडर पर एक महिला का शव मिला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार राठी ने बताया कि देर रात ढाई बजे के करीब कालिंदी कुंज की ओर डिवाइडर पर एक महिला के शव के बारे में सूचना मिली। शव पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आशंका है कि महिला की हत्या किसी दूसरे स्थान पर की गई तथा शव को नोएडा में लाकर फेंक दिया गया। पहले भी इस तरह के कई मामले आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि मामले में नोएडा पुलिस दिल्ली पुलिस से संपर्क कर रही है।

# चैटिंग के दौरान महिला ने युवक का बनाया अश्लील वीडियो

## ब्लैकमेलिंग कर युवक से ऐंठे रुपए, शिकायत के बाद केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कौशांबी इलाके में एक महिला द्वारा कथित तौर पर वीडियो कॉल कर अपने फेसबुक फ्रेंड का अश्लील एमएमएस बनाए जाने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही आरोप है कि महिला ने बदनामी का डर दिखाकर शिकायतकर्ता व्यक्ति से रुपये भी ऐंठ लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, कौशांबी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से महिला द्वारा फेसबुक कॉल कर ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता की आपत्तिजनक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए बदनामी का खौफ दिखाकर 35 हजार की ठगी कर ली। पीड़ित ने कौशांबी थाने में महिला सहित दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वैशाली निवासी सार्थक ने गुरुवार को कौशांबी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी एक महिला से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी।

### क्लिप वायरल की दे रहे धमकी

दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर भी आपस में ले लिए। आरोप है कि एक दिन महिला ने मौका पाकर पीड़ित की आपत्तिजनक वीडियो बना ली। उसके बाद वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगी।

पीड़ित को बदनामी का डर दिखाकर महिला और एक व्यक्ति ने उससे 35 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोप है कि अब भी आरोपी और रकम की मांग कर रहे हैं। पीड़ित ने कौशांबी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।


परिशिष्ट IV
देखें नियम 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,

**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **कपिल बजाज, कपिल बजाज; वी-20, रेड क्रॉस रोड, एमआईई भाग बी, बहादुरगढ़, हरियाणा - 124502, शम्मा बजाज; 505, विराट एपीपी, मियावाली नगर, एन.एस. रोड, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, दिल्ली - 110083, परवीन; 61-ए, बैंक वाली गली, बुधनपुर, माजरा डबास, नई दिल्ली, दिल्ली - 110081** को **13.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLRHN00238791** की राशि रू. **35,68,903.29 (रूपये पैंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ तीन और उनतीस पैसे मात्र)** और **25.06.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी ।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **02.02.2022** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है ।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 35,68,903.29 (रूपये पैंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ तीन और उनतीस पैसे मात्र) 25.06.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा ।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**फ्लैट नंबर 606, छठी मंजिल, लिबर्टे टॉवर, ओमेक्स नॉर्थ एवेन्यू, गांव सांखोल और बहादुरगढ़, सेक्टर-15, जिला - झज्जर, बहादुरगढ़, हरियाणा - 124510.**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

दिनांक : 02.02.2022
स्थान : झज्जर



JM FINANCIAL

**जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**

(पूर्वतः जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
सीआईएन : U67190MH2007PLC174287
पंजी. कार्यालय : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400 025
प्राधिकृत अधिकारी : विवेख मेहरा, ई-मेल : vivekh.mehra@jmfl.com
फोन + 91 22 6630 3493 वेबसाइट : www.jmfinancialarc.com

**अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार तथा/अथवा गारंटर(रों) तथा/अथवा बंधकदाता(ओं) को सूचना दी जाती है कि जेएमएफएआरसी - जिलेटिन मार्च 2014 - ट्रस्ट ("प्रत्याभूत लेनदार") के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांकित 06 दिसम्बर, 2017 के अनुसरण में 11 जनवरी, 2018 को लिया जा चुका है और प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी को हस्तांतरित किया जा चुका है, यूनिक प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड ("कर्जदार") तथा ब्लू मार्क मर्केटाइल प्राइवेट लिमिटेड ("गारंटर/बंधकदाता") तथा श्री चेतन जे. संदेसरा, श्री नितिन जे. संदेसरा, श्रीमती दीप्ति सी. संदेसरा ("गारंटर्स") की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 31-12-2012 तक बकाया राशि रू. 56,91,81,846/- उस पर 01 जनवरी, 2013 से वसूली की तिथि तक आगे ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर 01 मार्च, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे के बीच बेची जाएगी। सम्पत्ति, इसके सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :

| लॉट संख्या | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (रू. में) |
|---|---|---|---|
| | सम्पत्ति फ्रीहोल्ड निर्मित सम्पत्ति सं. 70, ब्लॉक नंबर 48, परिमाप 375 वर्ग गज (अथवा 313.55 वर्ग मीटर लगभग) उक्त प्लॉट पर आवासीय बिल्डिंग सहित, जिसमें बेसमेंट, भू तल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल है, जिसका कुल परिमाप 624.94 वर्ग मीटर है, जो डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, नई दिल्ली, 12 राजदूत मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली के नाम से भी ज्ञात, में स्थित है और निम्नानुसार परिबद्ध हैं : उत्तर पूर्व : एप्रोच रोड ; उत्तर पश्चिम : प्लॉट नंबर 71, ब्लॉक नंबर 48 ; दक्षिण पूर्व : सर्विस रोड एवं दक्षिण पश्चिम : सर्विस रोड | रू. 40,41,00,000 (रूपए चालीस करोड़ इकतालीस लाख मात्र) | रू. 4,04,10,000 (रूपए चार करोड़ चार लाख दस हजार मात्र) |

ऋणभार : जेएमएफएआरसी (प्रतिभूत लेनदार) को ज्ञात नहीं
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें https://www.jmfinancialarc.com/assets-for-sale अथवा https://jmfarc.auctiontiger.net

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
जेएमएफएआरसी - जिलेटिन मार्च 2014 - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत

तिथि : 05-02-2022
स्थान : नई दिल्ली


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मॉल में करें खरीदारी, पार्किंग में चार्ज होगा ई-वाहन

## देश में सबसे पहले दिल्ली के शॉपिंग मॉल में चार्जिंग को बढ़ावा देने के लिए गाइडबुक लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी सरकार का दावा है कि लोग माल में जाकर घूमेंगे और सैर सपाटा करेंगे। इस दौरान उनके इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी फुल चार्ज हो जाएगी। राज्य सरकार ने माल में इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने का पूरा इंतजाम किया है। उसकी कोशिश है कि अधिक से अधिक चार्जिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिससे लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रेरित हों।

इसी प्रक्रिया के तहत दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट, इंडिया ने शुक्रवार को शॉपिंग मॉल के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग गाइडबुक जारी की।

इसके साथ ही राजधानी देश का पहला राज्य बन गया है जिसने मॉल के पार्किंग क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग को बढ़ावा देने के लिए गाइडबुक लॉन्च की है। गाइडबुक को डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह, डब्ल्यूआरआई इंडिया के कार्यकारी निदेशक अमित भट्ट और दिल्ली शॉपिंग मॉल संघों के प्रतिनिधियों ने लॉन्च किया। शॉपिंग मॉल के प्रतिनिधियों ने ईवी को बढ़ावा देने की सरकार की इस पहल का स्वागत किया। साथ ही अगले 6 महीनों में मॉल में कम से कम 5 फीसदी पार्किंग क्षेत्र में ईवी चार्जर लगाने का भरोसा दिया।

ईवी चार्जिंग की सुविधा प्रदान करने से शॉपिंग मॉल को फायदा हो सकता है। इससे ग्राहकों की संख्या, ग्राहकों का समय और मॉल का राजस्व बढ़ सकता है। इस तरह की मार्गदर्शिका शॉपिंग मॉल मालिकों को ईवी चार्जिंग के महत्व को समझने में सहायता करती है। इसके साथ ही ईवी चार्जिंग के अवसर का आंकलन और प्रभावी निर्णय लेने के लिए इससे जुड़ी प्रक्रिया की जानकारी देती है।

दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और दिल्ली देश की ईवी राजधानी बनाने के मकसद से अगस्त 2020 में दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति का ऐलान किया था। इस नीति का उद्देश्य जीवाश्म ईधन से चलने वाले वाहनों के बजाए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर वायु गुणवत्ता में सुधार करना है। 2024 तक सभी नए वाहन पंजीकरण में 25 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी का भी लक्ष्य है।

जस्मिन शाह ने कहा कि दुनिया का हर शहर जिसने ई-मोबिलिटी की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है, उसने मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के दम पर ऐसा किया है।

अब यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कार्यालय, आवास या मॉल, जिस स्थान पर वाहन रूके वहां पर चार्जिंग पॉइंट हो। ईवी नीति में इस तरह के आमूलचूल बदलाव की कल्पना की गई है।

### ई वाहनों की बिक्री में हो रहा है इजाफा

अमित भट्ट ने कहा कि चार्जर की उपलब्धता के अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने में लगने वाला समय एक प्रमुख मुद्दा है। इसलिए अन्य गतिविधियों के साथ वाहन चार्ज करना एक बेहतर उपाय हो सकता है और ऐसा करने का एक तरीका खरीदारी के दौरान होगा। क्योंकि एक ग्राहक एक शॉपिंग मॉल में औसतन लगभग 90 मिनट बिताता है। इसलिए शॉपिंग मॉल में व्यापक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर होने से ग्राहकों को बिना कोई अतिरिक्त समय बर्बाद किए अपने वाहनों को चार्ज करने में मदद मिलेगी। इन प्रगतिशील फैसलों के कारण दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। सितंबर और नवंबर 2021 के बीच वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करीब 9 फीसदी रही है, जबकि राष्ट्रीय औसत 1.6 फीसदी रहा।

# लाल चंदन तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने 42 किलो लकड़ी बरामद किया



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लाल चंदन की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसके पास से करीब 42.5 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। जिसकी बाजार में कीमत 5 लाख है।

पुलिस के अनुसार 3 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहाड़ गंज की तरफ गश्त के दौरान एक पर ट्रॉली बैग के साथ एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में देखा गया। उसके बैग की जांच की गई। बरामद लकड़ियां की पहचान पहचान लाल चंदन की लकड़ी के रूप में की। आरोपी की पहचान आरिफ दिल्ली निवासी के रूप में की गई। वह विशखापत्तनम से दिल्ली तक चंदन की तस्करी में शामिल है। आरोपी आरिफ ने खुलासा किया है कि वह अपने अन्य साथियों के साथ दिल्ली में चंदन की लकड़ी बेचने वाले गिरोह को सप्लाई करने वाले अवैध रेडवुड को विशाखापत्तनम से दिल्ली ले जा रहा था।

## जगदीश कुमार बने यूजीसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति एम जगदीश कुमार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुमार का जेएनयू में कार्यकाल विवादों से भरा रहा था।

पिछले साल अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह वर्तमान में कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जगदेश कुमार को यूजीसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## तेज हवा के साथ बारिश से धुला प्रदूषण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शुक्रवार की सुबह बादल छाने के साथ ही न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पिछले 24 घंटे में दिल्ली में एक मिमी बारिश हुई। सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहे और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी रही। अधिकतम तापमान के 17 डिग्री सेल्सियस रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ लेकिन वह 'खराब' श्रेणी में रही। सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार को एक्यूआई 324 दर्ज किया गया था।

वहीं, पड़ोसी शहर, फरीदाबाद में शुक्रवार को एक्यूआई 222, गाजियाबाद में 160, ग्रेटर नोएडा में 164, गुरुग्राम में 216 और नोएडा में 158 दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस महीने में पिछले 19 साल में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान था।

# एसडीएन अस्पताल के डॉक्टर अभी भी हड़ताल पर, बैठक आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- जनवरी में ज्वाइन करने वाले 22 डॉक्टरों को माना जाएगा गैरहाजिर : निगमायुक्त

स्वामी दयानंद अस्पताल के डॉक्टर, नर्स और पैरा-मेडिकल सहित अन्य कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवारह को भी जारी रही। डॉक्टरर्स पिछले कई महीनों से बकाया वेतन नहीं मिलने से नाराज है। साथ ही बर्खास्तगी का नोटिस जारी होने के बाद डॉक्टर सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों काफी रोष में थे। शुकम्रवार सुबह सभी कर्मचारी धीरे-धीरे अस्पताल के गेट पर एकत्रित होने शुरू हुए।

डॉक्टर, नर्स सहित कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि एक तो चार महीने से वेतन नहीं मिल रहा है और अस्पताल प्रशासन बर्खास्तगी का नोटिस जारी कर दबाव बनाना चाहता है, यह कौन सा न्याय है। इस बीच एक डाक्टर ने बताया कि आज निगम अधिकारियों के साथ लंबी बातचीत चली लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। इस संबंध में शनिवार को जीबीएम की अहम बैठक है। इसके बाद फैसला लिया जाएगा कि हड़ताल जारी रखा जाए या नहीं। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त विकास आनंद ने स्वामी दयानंद अस्पताल के हडताली डॉक्टरों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील की।

उन्होंने डॉक्टरर्स को भरोसा दिया कि हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने पर उन्हें 15 फरवरी तक एक माह का वेतन दे दिया जायेगा। इसके अलावा फरवरी और मार्च का वेतन भी समय पर जारी किया जाएगा।





## भारतीय दर्शन ने दिए शिक्षा को नए आयाम : प्रो. सोंधी

**नई दिल्ली।** वैश्विक शिक्षा प्रणाली के विकास में भारतीय दर्शन का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। प्राचीन भारतीय दर्शन ने वैश्विक जगत को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। उक्त बातें महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय छात्र अकादमिक कांग्रेस के समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सुनील सोंधी ने कही। प्राचार्य प्रो. संजीव तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम शिक्षा के महत्व को समझने में मददगार होगा। डॉ. रितु कोहली ने दो दिवसीय सम्मेलन में आयोजित सत्रों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया। सम्मेलन की सह-संयोजक गीतांजली सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र की घोषणा की, जिनके विजेता अक्षय कुमार, वैशाली सक्सेना, अलास्का मिश्रा, मुस्कान वर्मा, वंशिका और नेहा रानी थे। धन्यवाद ज्ञापन इंद्राणी दास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# दक्षिणी निगम विकसित करेगा तीन और जलशक्ति पार्क

- जल संरक्षण के लिए द नए एसटीपी भी स्थापित किए जाएंगे




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के 'जलशक्ति अभियान' से प्रेरित होकर दक्षिणी निगम जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। महापौर मुकेश सुर्यान ने बताया कि इस कड़ी में 3 और जलशक्ति पार्क विकसित किया जाएगा।


महापौर ने बताया कि पिछले वर्ष दक्षिणी निगम ने द्वारका सेक्टर-8 में अपने प्रथम जलशक्ति पार्क का लोकार्पण किया था और अब 3 और जलशक्ति पार्क विकसित करने के लिए नजफगढ़ जोन के बागडौला गांव सेक्टर-8 द्वारका, पालम और दक्षिणी जोन के जौनापुर क्षेत्र में जगह को चिह्नित किया गया है।

इन पार्कों को विकसित करने का मुख्य उदेद्श्य वर्षा जल को एकत्रित कर, भूजल स्तर को बढ़ाना है। इन पार्कों में छोटे-छोटे कृत्रिम तालाब भी बनाये जाएंगे यहां वर्षा जल को एकीकृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बच्चों के खेलने के लिए झूले, गजीबो हट, वॉकिंग ट्रैक और बड़ी संख्या में पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। महापौर ने बताया कि दक्षिणी निगम ने जल संरक्षण के लिए चारों जोन में 16 जगहों पर 50 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता के 20 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाएं है जिनकी कुल लागत 7 करोड़ रुपये है। इन संयंत्रों से निगम के बाग-बगीचों को सिंचित किया जा रहा है जिससे भूमिगत जल का शोधन करने वाले जलकूपों का इस्तेमाल बंद हुआ है।

## कूड़ा बीनने वालों के लिए जागरूकता कार्यक्रम



नई दिल्ली। दक्षिणी निगम ने मध्य जोन के महारानी बाग क्षेत्र में कूड़ा बीनने वालों के लिए एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें कूड़े के पृथक्करण के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही इंद्रा कैंप के नागरिकों को 400 हरे व नीले कूड़ेदान भी बांटे गए ताकि उनमें गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करने की आदत विकसित हो सके।



# जगह है कम, इसलिए अब तीन मंजिला बनेगी स्कूल की इमारत

**साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से बनेगी तीन मंजिला इमारत**

**इमारत बनाने के लिए वर्षों पुराने पेड़ों की भी होगी कटाई**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नागरिक** अस्पताल के विस्तार के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) की करीब तीन एकड़ में से दो एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने के बाद अब स्कूल के पास एक एकड़ से भी कम जमीन बची है। स्कूल की पुरानी इमारतें अस्पताल बनाने के लिए तोड़ी जाएगी, इसलिए बाकी की जमीन पर स्कूल की तीन मंजिला इमारत बनाई जाएगी।

गुरुग्राम की जनसंख्या के हिसाब से जिले के सिविल लाइन स्थित नागरिक अस्पताल में इमारत से लेकर अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी थी। सरकार ने निर्णय लिया कि अस्पताल का विस्तार करके यहां लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) की जमीन को अस्पताल में शामिल करने का निर्णय लिया गया। विद्यालय कुल करीब तीन एकड़ जमीन में बना है। विद्यालय परिसर में 120 साल पुरानी इमारत भी है। यह इमारत अस्पताल के साथ लगती है, इसलिए इस ऐतिहासिक इमारत का टूटना तय है। यहां से शिक्षा ग्रहण करके विभिन्न पदों पर पहुंचे या फिर यहीं से पढ़कर यहीं पढ़ाने वाले शिक्षकों को इसका काफी दुख है। वे तो इस इमारत को हैरिटेज इमारत घोषित करने की सरकार से मांग कर रहे हैं, लेकिन अस्पताल के विस्तार के लिए इसे तोड़ने के सिवाय कोई चारा नहीं है।


गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित रावमावि बाल में इस जगह पर बनेगी तीन मंजिला इमारत।

### स्कूल के पास नहीं बचेगा मैदान

वैसे तो रिहायशी क्षेत्रों में गगनचुंभी इमारतें बनी हैं। स्कूल और अस्पताल के साथ लगती पुलिस लाइन में भी काफी ऊंची इमारतें बनाई जा चुकी हैं। अब नंबर स्कूल का भी आ गई है। यहां ज्यादा ऊंची तो नहीं, लेकिन तीन मंजिला इमारत बनाने का निर्णय लिया गया है। क्योंकि इमारत के फैलाव के लिए यहां पर जमीन पर्याप्त नहीं बची है। करीब एक एकड़ जमीन में भी पूरे विद्यालय का संचालन होना है। ऐसा होने के बाद स्कूल के पास कोई खेल का मैदान नहीं बचेगा।

### साढ़े सात करोड़ की लागत से बनेगी इमारत

विद्यालय की तीन मंजिला इमारत साढ़े 7 करोड़ रुपये में बनाई जाएगी। इसमें 24 कमरे होंगे, आठ प्रयोगशाला, दो स्मार्ट क्लास रूम, एक स्पोर्ट्स हॉल, एक स्टाफ रूम, एक रसोई घर, एक मल्टीपर्पज हॉल और दो शौचालय होंगे। यहां स्कूल में सड़क के साथ लगती दो मंजिला इमारत को ज्यों का त्यों रखा जाएगा। इसमें 15 कमरे हैं।

-नागरिक अस्पताल के विस्तार के लिए ली जाने वाली जमीन की पैमाइश का काम हो चुका है। इसलिए स्कूल में तीन मंजिला इमारत बनाने की तैयारी की जा रही है, ताकि आने वाले समय में यहां विद्यार्थियों को पढ़ाई में कोई बाधा ना आए। हालांकि एक एकड़ जमीन यहां विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से कम है। फिर भी इमारत तो बनानी ही पड़ेगी।

-गीता आर्या, प्रधानाचार्या, रा.व.मा.वि. (बाल)

### दशकों पुराने पेड़ों पर चलेगा आरा

विद्यालय परिसर में काफी बड़े-बड़े और वर्षों पुराने पेड़ हैं। चाहे अस्पताल का विस्तार हो या स्कूल की इमारत बनाने का काम। दोनों ही निर्माण कार्यों में यहां अनेक पेड़ों की बलि दी जाएगी। पेड़ों की कटाई होने के अंदेशे पर भी यहां के पूर्व छात्र एवं शिक्षक दुख जता रहे हैं। सेवानिवृत शिक्षक डा. अर्जुन वशिष्ठ का कहना है कि एक तरफ तो 120 साल पुरानी इमारत का इतिहास मिटेगा। इम पेड़ों की छाया में पढ़कर अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाया है।

## ध्यान दें, इधर-उधर कचरा फैलाया तो होगा चालान


नगर निगम के सफाई अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अगर** आप इधर-उधर कचरा फैलाने या फेंकने के आदी हैं, तो सावधान हो जाएं। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अब ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है, जो गंदगी फैलाते हैं। इन पर जुर्माना करने के लिए विशेष टीमें क्षेत्र में गश्त कर रही हैं।

नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने सफाई शाखा के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि इधर-उधर कचरा फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना नहीं करने पर उनके चालान किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी कचरा कलेक्शन प्वायंट्स की रोजाना सफाई सुनिश्चित करवाएं तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कचरा कलेक्शन प्वाईंट कवर हों, ताकि गंदगी दिखाई ना दे। उन्होंने कहा कि कचरा कलेक्शन प्वाईंट या डस्टबिन के अलावा अगर कोई कचरा डालता है, तो उसका नियमानुसार चालान करें।

निगमायुक्त ने कहा कि इधर-उधर कचरा फैलाने वालों को रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों एवं जागरूक दुकानदारों का सहयोग लें तथा उन्हें समझाएं कि आप अपने क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों को रोकें। विभिन्न बाजारों में दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सड़क या गली में कचरा ना डालें।

इसके लिए डस्टबिन रखें तथा कचरा उठाने वाली गाड़ी में ही कचरा डालें। निगमायुक्त ने सफाई शाखा के अधिकारियों को हमेशा अलर्ट रहने के निर्देश भी दिए। सफाई अधिकारियों को उनकी गाड़ियों पर सैनीटेशन स्क्रायड लिखी प्लेट लगाने तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार


गुरुग्राम विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी इंक समाचार पत्र का विमोचन करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

### गुरुग्राम विवि ने शुरू किया समाचार पत्र

**गुरुग्राम।** मीडिया विभाग के छात्रों को पत्रकारिता का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यूनिवर्सिटी इंक नामक समाचार पत्र का विमोचन किया। इसे विवि के मीडिया विभाग के छात्रों ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में तैयार किया है। चार पृष्ठ के समाचार पत्र यूनिवर्सिटी इंक में गुरुग्राम विश्वविद्यालय और अन्य समसामयिक मामलों से संबंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है। इस समाचार पत्र का ई-संस्करण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगा। साथ ही विश्वविद्यालय के फेसबुक पेज पर भी इसे देखा जा सकता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समाचार पत्र के प्रकाशन पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता का पेशा चुनौतियों से भरा होता है। इसलिए उन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी को मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। भाषा की दृष्टि से भी एक पत्रकार को समृद्ध होना चाहिए तथा छात्रों को सफल पत्रकार बनने के लिए भाषा में दक्षता हासिल करने की कोशिश लगातार करते रहना चाहिए। विमोचन के अवसर पर कुलसचिव शशि भूषण भारती, डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. नवीन गोयल, डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. एमएस तुरान, डॉ. धीरेन्द्र कौशिक, डॉ. अमरजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

### आउटसोर्सिंग चालक यूनियन का बॉडी गठित की

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई नगर निगम नियमित चालक यूनियन व आउटसोर्सिंग चालक यूनियन का 30 दिसंबर 2021 को सर्व सम्मति सम्पन्न हुए त्रिवार्षिक चुनाव में नियमित चालक यूनियन के प्रधान परसराम अधाना व आउटसोर्सिंग चालक यूनियन के प्रधान वेद भड़ाना को प्रधान पद पर विजयी घोषित किया गया था। चुनाव के बाद आज 4 फरवरी को आउटसोर्सिंग चालक यूनियन व नियमित चालक यूनियन ने अपने 11-11 सदस्यों की बॉडी गठित की जिसमें नियमित चालक यूनियन के प्रधान परसराम अधाना के साथ वरिष्ठ उपप्रधान मलखान सिंह भाटी, उप प्रधान लख्मीचंद, सचिव हरिचंद डागर, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, सचिव असफर खान, प्रचार सचिव धनीराम, ऑडिटर हवा सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य अशोक लोहट, सुखपाल सिंह व रामदेव को चुना गया तथा आउटसोर्सिंग चालक यूनियन की तरफ से प्रधान वेद भड़ाना, वरिष्ठ उप प्रधान महेश फोगाट, उप प्रधान मनोज यादव, सचिव संतराज, सह सचिव राजकुमार, प्रचार सचिव करण डागर, कोषाध्यक्ष हरेंद्र, ऑडिटर योगेश शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप, भगत सिंह, हुकम सिंह को चुना गया चुने हुए पदाधिकारियों को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उप महासचिव सुनील कुमार चिंडालिया ने शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर चुनाव अधिकारी जिला सचिव नानक चंद खैरालिया तथा नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया उपस्थित रहे। नव निर्वाचित प्रधान परशराम अधाना व वेद भड़ाना ने यह विश्वास दिलाया कि संघ के जो भी आंदोलन होंगे उन सभी आंदोलनों में हम बढ़-चढ़कर के भाग लेंगे।

### क्लोज द केयर गैप द्वारा कैंसर को दूर भगाएं

**फरीदाबाद।** विस्व कैंसर दिवस पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जूनियर रेडक्रॉस एवं सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि इस वर्ष वर्ल्ड कैंसर डे की थीम क्लोज द केयर गैप है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक दस में एक भारतीय को कैंसर होने की आशंका बनी रहती है और 2025 तक देश के 16 लाख लोग कैंसर का शिकार हो सकते हैं। जिस में सब से अधिक ब्रेस्ट कैंसर के रोगी होंगे। सब से सामान्य स्किन कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, लंग कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, ब्लैडर कैंसर, मेलानोमा, लिम्फोमा, किडनी कैंसर हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर ने कहा कि कैंसर के बिना एक स्वस्थ और उज्जवल विश्व। आप के आस पास भी कोई ऐसा व्यक्ति है, जो कैंसर से पीड़ित हैं और लड़ाई लड़ रहा हैं तो आप के छोटे-छोटे प्रयास उसके जीवन में रंग भरकर उसके चेहरे पर एक मुस्कराहट ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल हेल्थ सर्वे की एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर के रोगी चिंता जनक रूप से देश में बढ़ रहे हैं। सामान्य रूप से और आज के दिवस चार फरवरी, विश्व कैंसर दिवस पर इस बीमारी को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाने की सामयिक आवश्यकता है ताकि सामान्य जनों को कैंसर से बचाव और स्वस्थ जीवन यापन के प्रति सचेत किया जा सके। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार जब शरीर में कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि होती है तो इससे कैंसर होता है और अन्य ऊतकों पर भी आक्रमण करता है। यह शरीर के लगभग किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि कैंसर होने के कई कारण हो सकते हैं। यद्यपि इनमें सबसे कॉमन कारणों में धूम्रपान, तम्बाकू, फिजिकल एक्टिविटी की कमी, न्यूट्रिशियस डाइट की कमी, एक्स-रे से निकली रेज, सूर्य से निकलने वाली यूवी रेज, इंफेक्शन, फैमिली के जीन आदि सम्मिलित हैं।

## नकाबपोश बदमाश एटीएम उखाड़ने के दौरान शायरन बजने पर भाग गए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के सिटी थाना से मात्र 300 मीटर दूरी पर एटीएम उखाड़ने के दौरान शायरण बजने पर नकाबपोश आठ बदमाश साथ लाए टाटा-407 टैम्पो में भाग गए। बदमाश जाते समय एटीएम पर लगे सीसीटीवी कैमरों को साथ ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गुरुवार की रात को गुरुग्राम-अलवर मार्ग पर सिटी थाना से मात्र 300 मीटर की दूरी निजी भवन के नीचे लगा पंजाब नेशनल बैंक एटीएम को टाटा 407 टैम्पू में आठ नकाबपोश बदमाश उखाड़ने के लिए आए थे। बदमाशों ने एटीएम पर लगा शटर का ताला तोड़कर अंदर घूस गए। पहले बदमाशों ने एटीएम के पास लगा सीसीटीवी कैमरा को तोड़ा। उसके बाद साथ लेकर आए औजारों से एटीम को उखाड़ने का प्रयास शुरू करने लगे। जैसे ही बदमाशों ने एटीएम के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। वैसे ही उसका शायरन बज गया। शायरण की आवाज सुनकर भवन की पहल मंजिल पर सो रहा मालिक जाग गया। जिसने ऊपर से आवाजें लगानी शुरू कर दी। शायरन बजने के साथ ही बदमाश एटीएम के सामने खड़ा टैम्पू में सवार होकर भाग गए।


घटना के बाद पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को शटर बंद।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाश

एटीएम के साथ लगती दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरे में नकाबपोश आठ बदमाश दिखाई दे रहे हैं। जिनकी करीब 15 मिनट तक टैम्पू से एटीएम तक हुई चहल कदमी कैद हो गई।

एटीएम पर लगा गार्ड विजय ने बताया कि शायरण और सीसीटीवी कैमरों को दोबारा से तीन दिन पहले ही लगाएं थे। रात के समय में एटीएम पर चौकीदार नहीं होता है। एटीएम के शटर का गिरा ताला लगा दिया जाता है। दिन के समय में दो गार्ड सुबह दस बजे से सायं 6 बजे तक ड्यूटी करते है।

### एटीएम में था सवाल लाख का कैस

गार्ड विजय ने बताया कि एटीएम में सवा लाख के करीब नकदी थी। यहा पर ग्राहक कम आते है। जिसका कारण नकदी नियमित नहीं डाली जाती है। बैंक प्रबंधक की तरफ से उन्हे किसी प्रकार की सूचना अभी तक नहीं दी है। पुलिस अभी तक अपने स्तर पर वारदात की जांच कर रही है।

**उमेश कुमार, सिटी थाना प्रभारी।**

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने को लेकर आयुष विभाग सक्रिय

**योग विशेषज्ञ भी नियमित करवा रहे हैं योग क्रियाएं**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** संक्रमण के इस दौर में लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा नियमित रूप से योग क्रियाएं करवाई जा रही हैं।

योग विशेषज्ञ डॉक्टर भूदेव द्वारा खास तौर पर ऐसे योगाभ्यास करवाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो और उनके इम्युनिटी अच्छी बने। इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा लोगों को खानपान संबंधी जानकारी भी दी जाती है ताकि घर में घरेलू नुस्खे अपनाते हुए भी लोग अपनी इम्युनिटी बढ़ा सकें। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ ने बताया कि पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। ऐसे में हमारा प्रयास है कि लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग द्वारा लोगों को रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढाने संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ उनका खानपान संबंधी भी उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा, विभाग द्वारा लोगों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु संतुलित आहार लेने तथा उचित डाईट प्लान भी बताया जाता है, ताकि वे निरोग और स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि पंचकर्मा पद्धति अर्थात पांच क्रम जिनके द्वारा शरीर में उपस्थित रोग कारकों को दूर करने का काम किया जाता है, विशेषज्ञों द्वारा इस पद्धति से भी लोगों का ईलाज किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक पद्धति से भी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।

डॉ. बांगड़ ने बताया कि आज के समय में ज्यादात्तर लोग जोड़ों का दर्द, सर्वाइकल, कमर दर्द, सिरदर्द आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन सभी रोगों का ईलाज प्रभावी ढंग से किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रात: 9 बजे से 10 बजे तक आमजन के लिए योग शिविर भी लगाया जा रहा है जिसमें योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में योग क्रियाएं करवाई जाती हैं।

## बेराजगार किशोरी व महिलाओं के लिए लगेगा कैंप

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में बेराजगार किशोरी और महिलाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण कैंप लगाएं जा रहे है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किशोरी व महिलाएं अपनी आजीविका चलाकर रोजगार मुखी बन सकेंगी। शिक्षा विभाग ने अब राजकीय स्कूलों में अपने घरों में बैठी बेरोजगार किशोरी से लेकर महिलाओं को रोजगार मुखी बनाने की योजना बनाई है। खंड के राजकीय स्कूलों में महिलाओं को ब्यूटी पार्लर सहित अन्य रोजगार चलाने के प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर लगाएं गए है। स्कूल समय सीमा समाप्ति के बाद प्रशिक्षण शिविर चलाएं जाएंगे। यह प्रशिक्षण कैंप 3 और 6 माह तक चलने वाले है।

## कोविड पॉजिटिव दो मरीजों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जिला में शुक्रवार को 15 विद्यार्थियों सहित 96 व्यक्तियों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 102 मरीजों को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। कोविड से शाहबाद निवासी एक 30 वर्षीय युवक व झांसा निवासी 69 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 398 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 136 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 64 मामले अभी तक सामने आए हैं। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अभी तक लिए गए 664599 में से 637367 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 97.06 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.97 पर है।

## स्कूलों में सूर्य नमस्कार के शिविर लगाए जा रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** के राजकीय स्कूलों में अमृत महोत्सव के तहत सूर्य नमस्कार के शिविर चलाएं जा रहे हैं। सूर्य नमस्कार शिविर में विद्यार्थी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

आजादी का अमृत महोत्सव राजकीय स्कूलों में सूर्य नमस्कार के साथ मनाया जा रहा है। खंड में मंगलवार से खोले गए कक्षा नौ से 12वीं तक के स्कूलों में सूर्य नमस्कार योग के साप्ताहित शिविर चलाएं जा रहे हैं। शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने बताया कि 100 फीसदी छात्राएं सूर्य नमस्कार योग शिविर में भाग ले रहीं हैं। शिविर को सुबह स्कूल लगने से होने वाली प्रार्थना सभा के तुरन्त बाद ही चलाया जा रहा है।


सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सूर्य नमस्कार करते हुए।

ताकि सूर्य नमस्कार शिविर में योग करने के बाद छात्राओं का मानसिक तनाव कम हो जाता है। शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है। रोगों से भी काया मुक्त हो जाती है। पूरा दिन छात्राओं का मन बिना तनाव पढ़ाई में लगता है।

खंड के सभी राजकीय स्कूलों में आजादी का अमृत महोत्सव सूर्य नमस्कार के साप्ताहित योग शिविर लागने के आदेश जारी कर दिए है। जिसका स्कूल प्रभारी पालना भी कर रहे है। सूर्य नमस्कार शिविर में अच्छा परिणाम निकलकर आ रहा है।

**धर्मपाल खटाना, बीईओ सोहना**

## इन दिनों सब्जियों का भाव तेज


बाजार में लगी सब्जी दुकान।

एन रोहिल्ला। सोहना

**मंडी** में एक बार फिर से सब्जियों की कीमतों ने आसमानी छलांग लगानी शुरू कर दी है। आलू , टमाटर और मूली छोड़ अन्य सभी सब्जियों की कीमतें 50 रुपये किलो से पार बिक रही हैं। जिसका कारण सब्जी की आवक मंडी में कम होना बताया जा रहा है।

पिछले सप्ताह हुई बेमौसम बारिश ने सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल ला दिया है। बारिश से सब्जियों की फसल खराब होने से मंडी में आवक कम हुई है। मंडी में सब्जी कम आने से कीमतें बढ़ने लगी है। बेमौसम वाली सब्जियों के साथ-साथ सर्दी में बिकने वाली सब्जियों की कीमते दिन प्रति दिन बढ़ रही है। आलू , टमाटर और मूली छोड़ अन्य सब्जियों की कीमतें 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम से कम ग्राहक को नहीं मिल रही है।

### आवक कमी का कारण

सब्जी की आढ़त चलाने वाले दुकानदार सतप्रकाश का कहना है कि पिछले सप्ताह हुई बारिश ने सर्दी के मौसम में बिकने वाली फूल गोभी, बंद गोभी, समेत मूली, गाजर की फसलों को खराब कर दिया। फसले खराब होने से मंडी में आवक कम हुई है। आढ़ती भागमल का कहना है कि गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, नूंह, तावडू और दिल्ली की आजादपुर मंडी में सब्जियों की मांग अधिक बढ़ गई है। जहां पर स्थानीय मंडी से ज्यादा किसानों को अन्य मंडियों में सब्जियों की कीमतें बढ़कर मिल रही है। जिसके कारण किसान बाहर की मंडियों में सब्जियों को बेचना अधिक पसंद कर रहा है।

| सब्जी | 10 दिन पहले | अब |
|---|---|---|
| फूल गोभी | 30 | 50 |
| बंद गोभी | 30 | 40 |
| मैथी | 25 | 40 |
| गाजर | 25 | 30 |
| घीया | 30 | 40 |
| पालक | 20 | 40 |
| टमाटर | 20 | 30 |
| आलू | 50 | 20 |
| मटर | 30 | 50 |
| मूली | 50 | 25 |

सब्जियों के भाव किलो में

### खेत में सब्जियों की खरीददारी

किसान टीकाराम का कहना है कि गुरुग्राम व दिल्ली की मंडियों से आढ़ती खेत में पहुंच कर पूरी फसल को खरीद रहे हैं। किसान फसल बिना किसी परेशानी के खेत में बेचना भी अधिक पसंद है। क्योकि उसके द्वारा खुदाई कराने से लेकर मंडी तक सब्जियों को लेकर जाने का किराया भाड़ा बच रहा है।

## पूरी सक्रियता से निकाय चुनाव लड़ेगी जजपा : सूबे सिंह बोहरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिले** की सोहना नगर परिषद, नूंह जिले की नूंह नगर परिषद और फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना नगर पालिकाओं के चुनावों के लिए जजपा के वरिष्ठ नेता सूबे सिंह बोहरा पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के साथ बैठकों में शामिल रहेंगे। इसके लिए उन्हें अहम जिम्मेदारी दी गई है।

शीर्ष नेताओं का आभार करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष सूबे सिंह बोहरा ने बताया कि पार्टी सभी स्थानीय निकाय चुनावों में सक्रियता के साथ भाग लेगी। चुनाव को मजबूती से लड़ा जाएगा। जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वे इसे पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निभाएंगे। अच्छे प्रत्याशियों का चयन कर जेजेपी को जीत दिलाने का काम करेंगे। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि अगले कुछ महीनों में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका चुनावों के लिए जननायक जनता पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेताओं को जनसम्पर्क बढ़ाने को कहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा बनाई गई अर्बन लोकल बॉडीज समन्वय समिति ने सात फरवरी से प्रदेश के सभी शहरों में बैठकें करने का फैसला लिया है।


सूबे सिंह बोहरा।

**बोहरा की निकाय चुनाव को लेकर लगी अहम ड्यूटी**

**नगर परिषद व नगर पालिका चुनावों के लिए सात फरवरी से जिला स्तर पर जजपा की बैठकें शुरू**

## भारत में बीमा के विकास को बढ़ाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम और पॉलिसीबाजार ने मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**जीवन** बीमा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी- भारतीय जीवन बीमा निगम ने उपभक्ताओं के लिए टर्म और निवेश उत्पादों के उच्चतम विकल्प उपलब्ध कराने के लिए पॉलिसीबाजार के साथ हाथ मिलाया है। भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले कई दशकों से ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम एवं लाभकारी बीमा उत्पाद उपलब्ध कराती आई है। दोनों कंपनियों ने औपचारिक रूप से 3 फरवरी 2022 को कारोबार शुरू किया।



गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सरबवीर सिंह ने कहा, इस गठबंधन के साथ, हमारा रणनीतिक उद्देश्य वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छोटे शहरों में अपनी पहुंच का विस्तार करना है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने देश में जीवन बीमा सेगमेंट का नेतृत्व किया है और इसलिए यह गठबंधन लोगों तक व्यापक पहुंच प्रदान करेगा। हमें भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है और हम सभी आयु समूहों, जनसांख्यिकी और स्थानों के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

इस ऐतिहासिक साझेदारी का उद्देश्य पूरे देश में जीवन बीमा उत्पादों के डिजिटल वितरण की सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर दिनेश भगत, क्षेत्रीय प्रबंधक भाजीबीनि उत्तर मध्य क्षेत्र, नई दिल्ली एवं पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सरबवीर सिंह सहित दोनों कंपनियों के टॉप मैनेजमेंट उपस्थित थे। इसके अलावा, भाजीबीनि उत्तर मध्य क्षेत्र के जेपीएस बजाज, प्रादेशिक प्रबंधक (विपणन) पंकज कुमार सक्सेना, प्रादेशिक प्रबंधक (बी-एसी) कुमार कुंतल, प्रादेशिक प्रबंधक (बीएसी) और पॉलिसीबाजार डॉट कॉम पीओएसपी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, ध्रुव सरीन, एवं सज्जा प्रवीण चौधरी व्यवसाय प्रमुख टर्म बीमा भी मौजूद थे। भारतीयों के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाले जीवन बीमा सेगमेंट में भारतीय जीवन बीमा निगम सदैव से अग्रणी और प्रमुख रहा है। पॉलिसीबाजार के साथ साझेदारी कर डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन चौनल से भारत के कोने-कोने में बीमा को लेकर जागरूकता फैलाने और पेनेट्रेशन में मदद करेंगे।

भारत की अर्थव्यवस्था बहुसंख्यक है, जिस कारण एक प्रकार का दृष्टिकोण बीमा आवश्यकताओं पर भी लागू नहीं होता है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी कम पेनेट्रेशन वाले बीमा बाजारों में शुमार है, लेकिन यह साझेदारी हर व्यक्ति के लिए बीमा को उपलब्ध कराने की दिशा में अत्यंत लाभकारी साबित हो सकता है।

# कैंसर पीड़िता को आखिर मिल गई तनख्वाह

**वर्ल्ड कैंसर दिवस पर तनख्वाह मिलने से खुश हो गई कर्मचारी, बोली अब करवा सकेगी इलाज**

**पायनियर ने तीन जनवरी के अंक में खबर को प्रमुखता से किया था प्रकाशित**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के एक स्कूल में तैनात एक कम्प्युटर लैब अटेंडेंट, जोकि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। उसे चार माह से तनख्वाह न मिलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उसी के साथ एक अन्य कम्प्युटर लैब अटेंडेंट सुरेखा को भी दो माह से तनख्वाह नहीं मिली थी। जिसे देखते हुए पायनियर ने अपने तीन जनवरी के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें बताया गया था कि 'वेतन न मिलने से कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कैंसर पीड़िता इलाज से वंचित' है। लैब अटेंडेंट का कार्य स्कूलों में कंप्यूटर लैब का कार्य देखना होता है और इस कार्य के प्रति सरकार उन्हें हर माह 12 हजार रुपये तनख्वाह देती है। जिले के विभिन्न स्कूलों में 62 लैब अटेंडेंट हैं। जबकि 10 स्कूलों में पोस्ट खाली हैं। 62 में से चार से पांच अटेंडेंट को तकनीकी कमी, लंबी प्रक्रिया पूरी न होने के कारण तनख्वाह नहीं मिल रही हैं, जिनमें से कैंसर पीड़िता को चार महीने और सुरेखा को जून और जुलाई की तनख्वाह नहीं मिली थी। उन्होंने कई बार जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के कार्यालय के चक्कर लगाए थे। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह ने उनकी समस्या को सुनने के बाद तनख्वाह दिलाने का भरोसा दिलाया था। लेकिन इसके बावजूद तनख्वाह नहीं मिली थी। उन्होंने इस मामले में शिक्षा मंत्री कार्यालय से भी जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी को फोन कराया था।

रितु चौधरी ने जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कार्यालय को पत्र लिखा था। जिसके चलते जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह ने शुक्रवार को तनख्वाह भेज दी है। सभी कर्मचारियों को शुक्रवार को तनख्वाह मिली तो इनमें खुशी का माहौल है। कर्मचारियों ने पायनियर संवाददाता कविता को बताया कि समाचार छपने और जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के प्रयास से इन्हें तनख्वाह मिल सकी है।


वेतन न मिलने से कॅम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कैंसर पीड़िता इलाज से वंचित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


तीन फरवरी को पायनियर हरियाणा में छपी खबर




## दो झपटमार बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने स्नैचिंग के दो आरोपियों को टाऊन पार्क सेक्टर-12 से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी मौसम बल्लभगढ़ की कृष्णा कॉलोनी में और आरोपी सागर फरीदाबाद के सेक्टर-12 नजदीक एसआरएस झुग्गी में रहता है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर दो स्नैचिंग के आरोपियों को टाऊन पार्क सेक्टर-12 से गिरफ्तार कर मोबाईल फोन बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियो से पता चला की आरोपियों ने 15 जनवरी को थाना सैन्ट्रलक्षेत्र से एक मोबाईल फोन छिना झपटी की घटना को अंजाम दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोनाः एक की मौत, 254 पॉजिटिव और 278 ठीक

**फरीदाबाद।** कोरोना संक्रमण से जिले में एक और व्यक्ति की मौत हो गई,। वहीं जिले में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 254 मामले पॉजिटिव आए हैं। अच्छी बात यह है कि 278 मामले ठीक होने पर अपने घर में भेज दिए गए हैं। वहीं शुक्रवार को जिला में रिकवरी रेट भी 97.83 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव के 61 केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 1915 लोगों को रखा गया है, एक्टिव केसों की संख्या भी 1976 रह गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 3752 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1452409 लोगोह्यह्यह्यं ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 124990 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1324161 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 2571 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला में 4 केस वेंटिलेटर और 8 केस ऑक्सीजन पर है। जिला में सैंपल पॉजिटिव रेट 8.61 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 1.58 प्रतिशत है।

### राजनीति की बुराई पर प्रकाश डालेगी वेब सीरिज : नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने गांव दयालपुर में वेब सीरिज एक कर्फ्यू का क्लैप देकर और नारियल फोड़कर शुभारम्भ करवाया। उन्होंने बताया कि मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म राजनीति की बुराईयों पर प्रकाश डालकर लोगों के सामने रखेगी। मुंबई से आई फिल्मकार शशि सक्सेना ने गांव दयालपुर में अपनी फिल्म एक कर्फ्यू की शूटिंग शुरू की। इससे पहले उन्होंने इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक राजेश नागर से करवाया। नागर ने नारियल फोड़कर एवं क्लैप देकर शूटिंग शुरू करवाई। इस अवसर पर नागर ने बताया कि फिल्मकार के अनुसार आज के राजनैतिक हालात पर बुनी यह फिल्म लोगों को नेताओं के कई पहलुओं को उजागर करने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि वेब सीरिज में बताया गया है कि किस प्रकार राजनैतिक व्यक्ति सत्ता बनाने और गिराने के लिए हथकंडों का प्रयोग करते हैं। सरकारों के सही काम को भी गलत तरीके से जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं और लोगों को भडक़ाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि फिल्मकार अनुभवी हैं और हमें उनसे उम्मीद है कि वह सही पक्ष जनता के सामने रखेंगी। वह अनुभवी कलाकारों के साथ काम कर रही हैं जिससे फिल्म की प्रस्तुति निश्चित रूप से अच्छी होनी चाहिए। इस अवसर पर फिल्म क्रू के सदस्य सहित वरिष्ठ भाजपा नेता दयानंद नागर, अमन नागर, सुनील बीसला, संदीप बीसला, ऊधम बीसला, निदेशक शशि सक्सेना, प्रोडक्शन चीफ गोविंद गुलियानी, कैमरामेन मनीष शर्मा, साउंड रिकार्डिस्ट विनोद कुमार, कास्ट्यूम चरनजीत, असिस्टेंट डाइरेक्टर अशरफ अली, कलाकार शिव वर्मा, हिमांशु सक्सेना, सौरभ मदान, सुनीता चौहान आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की दी पानी की गुणवत्ता की जानकारी

**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने जिला सलाहकार दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता रोशन प्रकाश की देखरेख में गांव में जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया और पानी की जांच हेतु मोबाइल लैब ने पानी के सैंपल लिए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पानी की जांच हेतु मोबाइल लैब ने ढांण्ड खंड के 7 गांवों जाजनपुर, सलीमपुर-महदूद, डडवाना, पबनावा, कौल, साकरा व खेड़ी-साकरा के पानी के सैंपल लिए। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पानी की टीडीएस, पीएच, फ्लोराइड, आयरन, टोटल-हार्डनेस, सल्फेट, नाइट्रेट, जिंक, ट्रबीडिटी की जांच होती है। लैब में 10 पैरामीटर की जांच की जाती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि 80 प्रतिशत बीमारियां साफ पानी ना मिलने के कारण होती है। पानी पीने लायक नहीं हुआ तो उसमें जो खामियां है उनको दूर किया जाएगा।

### 'पीएम अवार्ड -2021' के लिए भरें आवेदन

**फरीदाबाद।** केंद्र सरकार की ओर से बेहतर कार्य करने वाले राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को 'प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेनशन-2021' के तहत वेबपोर्टल https://pmawards.gov.in/ पर अब 11 फरवरी 2022 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले यहां आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 4 फरवरी थी। डीसी जितेंद्र यादव ने सरकार की ओर से दिए जाने वाले अवार्ड के बारे जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस वर्ष लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले प्रधानमंत्री वार्षिक पुरस्कारों को नए विषयों के आधार पर अवार्ड देने का निर्णय लिया है। इन विषयों में पोषण अभियान, खेलो इंडिया, पीएम सुनिधि योजना, एक जिला-एक उत्पाद योजना और मानव दखल के बगैर सेवाओं को बेहतर डिलीवरी तथा नवाचार के आधार पर अवार्ड के लिए शासकीय अधिकारियों के कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवार्ड के तहत एक ट्रॉफी, शॉल तथा 20 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन योजनाओं के आधार पर होगा मूल्यांकन: डीसी ने बताया कि जिलों में अधिकारियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए चुनी गई चार योजनाएं फिलहाल नरेंद्र मोदी सरकार के लिए प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने बताया कि देश के जिलों में अधिकारियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए जो चार योजनाएं चुनी गई हैं वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

### नकदी के साथ आठ सट्टेबाज गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से जुआ और सट्टा खाई के मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को आदर्श नगर और सेक्टर-58 थानाक्षेत्र से 8 आरोपियों को सट्टा खाई करते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू, दर्शन, सतबीर निवासी ऊंचा गांव, गुरु प्रसाद निवासी सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़, सुमित भारत कॉलोनी खेड़ी पुल व जोगिंदर निवासी मलेरना रोड, विवेक निवासी कुंदन कॉलोनी और अतुल निवासी आदर्श नगर बल्लबगढ़ के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियो को सेक्टर-58 और आदर्श नगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने सोनू, दर्शन, अतुल और गुरु प्रसाद

# खूनी सड़कों पर 31 दिन में 42 हादसों में 23 मौत और 32 घायल

कविता। फरीदाबाद

**शहर** की खस्ता हाल सड़कों और वाहन चालकों की लापरवाही से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में सैकड़ों लोग अपनी जान गवां रहे है। जनवरी 2022 में 42 सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत और 32 लोग घायल हो गए। वहीं फरवरी में पिछले तीन तीनों से लगातार सड़क हादसे हो रहे है। पिछले तीन वर्षो में 1680 सड़क हादसों में 622 लोग अपनी जान गवां चुके है और 1487 लोग घायल हुए हैं।

जगह-जगह दिशासूचक पट्ट और अलर्ट बोर्ड लगाने के बावजूद पिछले साल तीन सालों में अंदरूनी सड़कों पर हादसे बढ़ गए हैं। वर्ष 2019 में जिले में 689 सड़क हादसों में 264 मौत और 635 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2020 में जिले में 489 सड़क हादसों में 195 मौत और 421 लोग घायल हुए। वर्ष 2021 में 502 सड़क दुर्घटनाओं में 203 लोगों की मौत और 431 लोग घायल हुए थे। जनवरी 2022 की बात की जाए तो 42 सड़क हादसों में 23 लोगों की मौत और 32 लोग घायल हो गए।


शुक्रवार को बल्लभगढ़ में ऑटो को लाइन में लगवा कर कुछ इस तरह जाम खुलवाया गया।

**हाइवे पर कम हादसे:** नेशनल हाइवे पर पिछले तीन वर्षो में सड़क हादसे कम हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक हाइवे तीन वर्षो में 444 सड़क हादसे में 218 मौत और 361 लोग घायल हुए। वहीं अंदुरूनी सड़कों पर 1241 एक्सीडेंट में 444 मौत और 1126 लोग घायल हो गए। इसमें हाइवे पर वर्ष 2019 में 205 हादसों में 105 मौत और 164 घायल हुए हैं। अन्य सड़कों पर 484 हादसों में 159 मौत और 471 लोग घायल हुए। वर्ष 2020 में हाइवे पर 122 हादसों में 60 मौत और 100 लोग घायल हुए। अन्य सडक़ों पर 367 हादसों में 135 मौत और 321 लोग घायल हो गए। 2021 में नेशनल हाइवें पर 117 हादसों में 53 मौत और 97 घायल हुए। अन्य सड़को पर 385 हादसों में 150 मौत और 334 लोग घायल हो गए।

**हादसों में कमी का प्रयास:** रोड़ सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि सड़क हादसों के पॉइंट चिन्हित कर उनमें कमी लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। आटो चालकों को भी नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को बल्लभगढ़ में ऑटो चालकों को लाइन से खड़े होने के निर्देश दिए गए। सड़कों की खस्ता हालत के कारण थोड़ी परेशानी आ रही है।

**पिछले तीन साल में हुए 1680 सड़क हादसों में 662 की चली गई जान**



**लोग हो रहे जागरूक:** सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोग लगातार आगे आ रहे है। इसी कड़ी में रविन्द्र चंदीला नामक व्यक्ति ने शुक्रवार सुबह स्कूटी सवार राकेश नामक व्यक्ति के घायल होने पर तुरंत एम्बुलेंस के माध्यम से उसे अस्पताल पहुंचा दिया, जोकि एक इनाम देने योग्य काम है।

## सोशल मीडिया पर भ्रमक प्रचार करने पर मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद साइबर क्राइम सेल की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम की शिकायत पर फेसबुक यूट्यूब और ट्विटर पर भड़काऊ कंटेंट/वीडियो पोस्ट करने के आरोप में फरीदाबाद पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए और 295ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में भ्रामक वीडियो बना फेसबुक पर डालने वाले लोगों पर आरोप कि बिना सच्चाई जाने भ्रामक वीडियो से अफवाह फैलाकर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। सूरजकुंड थाने में दर्ज इस मामले में गौवंश हत्या के भ्रामक वीडियो बनाये गए थे। जिनके माध्यम से धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने इस मामले की जांच कर पाया था कि शहर में मृतक पशुओं के अवशेषों के निस्तारण के लिए नगर निगम फरीदाबाद की तरफ से ठेका दिया गया है। पुलिस ने इस ठेकेदार के खिलाफ मृत पशुओं के शरीर को अनुचित तरीके से निस्तारण करने का मुकदमा दर्ज कर गिरफतार किया गया था। पुलिस ने जांच में यह भी पाया था कि हजारों की तादाद में गोवंश हत्या की जो खबरें इन सोशल मीडिया चैनल्स पर चलाई गई थी वो बेबुनियाद थी। पुलिस ने मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त झूठी खबर का खंडन करते हुए अफवाह ना फैलाने की चेतावनी दी गई थी। गौवंश हत्या की खबरें गलत थीं। इन सोशल मीडिया एक्टिविस्ट ने भ्रामक खबरें अपने यूट्यूब, फ़ेसबुक और ट्विटर हैंडल पर शेयर करके लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



**भ्रामक वीडियो से अफवाह फैलाकर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया**

## डालसा ने नि:शुल्क नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**असंगठित मजदूरों को खाना वितरण और कोविड़-19 पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर**

**चीफ** जूडिसियल मजिस्ट्रेट कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर और असंगठित मजदूरों को बना हुआ खाना वितरण करने के अलावा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम ने सेक्टर-12 अदालत परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में बताया कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से बचाव के लिए जागरूकता शिविर के साथ सेक्टर -12 में लोगों को फेश मास्क वितरित किए। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ डालसा द्वारा सामाजिक न्याय अधिकार समिति के सहयोग से असंगठित मजदूरों को भोजन का वितरण भी किया गया। यह भोजन श्रम चौक बड़खल फ्लाईओवर, सेक्टर -19 के पास असंगठित मजदूरों को किया गया। नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर पैनल अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सहयोग से न्यायिक परिसर सेक्टर -12 में आयोजित किया गया। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने आगे बताया आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कोरोना महामारी के दौरान लोगों को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। ताकि जरूरतमंद व्यक्ति अधिक से अधिक लाभ ले सके। उन्होंने बताया कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण अधिनियम, 2007 के रखरखाव में संशोधन पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ नागरिक क्लब में पैनल अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिक क्लब सेक्टर- 21, के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई।

## कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी ने जलाई केन्द्रीय बजट की प्रतियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** की कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी की जिला कमेटी फरीदाबाद ने जलाई केंद्रीय बजट की प्रतियां। शुक्रवार को माकपा जिला कमेटी फरीदाबाद ने जन विरोधी बजट के खिलाफ राजस्थान भवन से लघु सचिवालय तक जुलूस निकाला।

उपायुक्त कार्यालय के बाहर एक फरवरी को सरकार द्वारा लोक सभा में पारित जन विरोध बजट की प्रतियां जलाई। प्रदर्शनकारियों को माकपा के जिला सचिव शिव प्रसाद और जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही देश की जनता को इस बजट ने और कठिनाइयों में डालने का काम किया है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। पिछले वर्ष में मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक लोगों का रोजगार चले गया। इतना ही नहीं इस सरकार ने मनरेगा के बजट में भी कटौती कर दी।



केन्द्रीय बजट की प्रतियां जलाते भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ता।

डंगवाल ने बताया कि सरकार ने बिना एथेनाल पेट्रोल, डीजल पर 2 रुपए की एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इस बजट में रसोई गैस की सब्सिडी में भारी कटौती कर दी गई। जिसके कारण आम आदमी को ईंधन खरीदने में भी भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। होम लोन मैं ब्याज पर डेढ़ लाख की टैक्स में छूट थी। अब इसको को खत्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि किसानों की एकता के बदौलत ही सरकार ने दबाव में आकर 3 कृषि कानूनों को निरस्त कर दिया। परंतु किसानों की फसलों की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून आज तक नहीं बनाया गया। इसके बजाय किसानों की फसलों को खरीदने के लिए केंद्रीय एजेंसियों और फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को केवल किसानों की फसलों की 28त्न से कम खरीद करने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि बताया कि पिछले वर्ष 2021 में गेहूं धान की खरीद के लिए सरकार द्वारा 2.48 लाख करोड़ रुपये अलग रखे गए थे।

## गांजे की तस्करी में एक किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर -30 की टीम ने आरोपी राहुल को थाना सेक्टर-17 क्षेत्र से गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल उत्तर प्रदेश के गांव भोलीपुल फरुकखनगर हाल नहर पाल खेडीपुल फरीदाबाद में रहता है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी राहुल को गांजा पत्ती सहित थाना सेक्टर-17 के क्षेत्र से गिरफ्तार कर 1.620 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-17 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ आरोपी से पता चला की आरोपी पिछले एक महिने से गांजा बेचने काम कर रहा है। आरोपी गांजा पत्ती को उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के गांव अट्टा से लाया था। आरोपी को पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सदर बल्लभगढ़ थाना की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शिवनगर शाहूपुरा से कार चुराकर भाग रहे एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक स्थायी रूप से फरीदाबाद के मलेरना गांव का निवासी है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बीती रात सदर बल्लभगढ़ थाना क्षेत्र में मुख्य सिपाही बलदेव के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त लगा रही थी। जब पुलिस की गाड़ी शिवनगर साहुपुरा से गुजरी तो पुलिस को चोर-चोर, पकड़ो-पकड़ो का हल्ला सुनाई दिया। पुलिस को समझते देर ना लगी और पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी शोर वाले स्थान की तरफ मोड़ दिया। वहां कुछ लोग इकट्ठे होकर एक चोर को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। चोर अभी-अभी कार चुराकर उस स्थान से लगभग सौ मीटर की दूरी पर तेजी से भाग रहा था। पुलिस ने तुरंत चोर का पीछा किया और हर संभव प्रयास व घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बाल संरक्षण इकाई ने चलाया जागरुकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण अधिकारी अधिकारी डॉ गरिमा सिंह ने की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यह जागरुकता कार्यक्रम वर्ल्ड विजन एनजीओ के सहयोग से चलाया जा रहा है।

आपको बता दें जिला में कोविड-19 वैश्विक महामारी संक्रमण की बीमारी से ऐसे बच्चे जिनके मां बाप इस दुनिया से चले गए हैं। उन्हें जिला फरीदाबाद में मुख्यमंत्री स्वयं बाल सेवा योजना का लाभ बच्चों को दिया जा रहा है। सरकार इस योजना के क्रियान्वयन पर गंभीरता से कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल संरक्षण इकाई, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग तथा इस योजना से जुड़े अन्य विभाग सरकार द्वारा जारी हिदायतो अनुसार बाल सेवा योजना के तहत यह प्रक्रिया पूरा करने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूसीडी एचआरवाईडॉटजीओवीडॉटइन पर भी आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभ में शामिल बच्चों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करें।

आमजन सरकार की वेबसाइट या जिला बाल संरक्षण ईकाई के फोन नम्बर -0129-2984044 पर सम्पर्क करके ऐसे बच्चों की जानकारी दे सकते हैं। जिला बाल संरक्षण ईकाई की जिला अधिकारी गारिमा सिंह तोमर ने बताया कि उपायुक्त जितेन्द्र यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा ऐसे बच्चों की कागजी कार्रवाई पूरी की जानी है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार ऐसे बच्चे जिनके माता पिता कोरोना संक्रमण से इस दुनिया से चले गए हैं। उन्हें मुख्यमंत्री बाल संरक्षण योजना के जाएगा।

**उपायुक्त जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है जागरुकता अभियानः गारिमा सिंह**

उन्होंने बताया कि जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा 2500 रुपये प्रति अनाथ हुए उन बच्चों को दिए जा रहे हैं। जो अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। ऐसे अनाथ हुए बच्चे जो सीसीआई चाइल्ड केयर सेंटरों/इंसीट्यूट में रहे हैं उन्हें 1500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके आलावा 12000 रुपये सालाना उन बच्चों के पढाई के लिए परिवार वालों को दिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि इन कोविड-19 में बीमारी से अनाथ हुई बच्चियों को विवाह के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 51000 रुपये की धनराशि भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन बच्चों में से जो बच्चे पढाई करना चाहेंगे उन्हें कस्तूरबा गांधी स्कूलों में दाखिला दिलवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला बाल संरक्षण ईकाई अधिकारी गारिमा सिंह ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, चेयर पर्सन बाल विकास, जिला बाल संरक्षण ईकाई बाल सेवा योजना के माध्यम से मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ यथाशीघ्र जिला में लाभान्वित बच्चों को देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी गारिमा सिंह ने बताया कि वर्ल्ड विजन एनजीओ के सहयोग से पांच ऑटो फरीदाबाद, बल्लभगढ़, एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद, ग्रेटर फरीदाबाद सहित अन्य स्थानों पर जाकर बाल संरक्षण के अधिकारों बारे लोगों को जागरुक करेंगे। इन ऑटो पर बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल अधिकारों बारे सलोग्न बारे भी विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों, एनजीओ के पदाधिकारियों तथा बाल वर्कर ने भाग लिया।

## केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में समावेशी विकास व जलवायु कार्रवाई स्वागत योग्य कदम : संदीप चाचरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** बजट 2022, समावेशी विकास और जलवायु कार्रवाई को केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में बताया गया है। यह स्वागत योग्य कदम है। वित्त मंत्री ने साठ लाख नई नौकरियों के सृजन के भी संकेत दिए हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत थी।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी सीएमआईई के आर्थिक सर्वेक्षण और डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2021 में निजी खपतए 2020 की संख्या से बेहतर एवं 2019 के आंकड़े से काफी नीचे है। निजी खपत लोगों की आय और भलाई का एक प्रमुख संकेतक है। मौजूदा आय असमानताओं का मतलब यह भी है कि अधिकांश आबादी की स्थिति बहुत खराब होगी। रोजगार और आय बढ़ाने की



अत्यधिक आवश्यकता को देखते हुएए 2022 के बजट ने 50 करोड़ से अधिक अनौपचारिक श्रमिकों और कई अन्य लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उदाहरण के लिएए मनरेगा के लिए बजट परिव्यय भी 2021.22 के संशोधित अनुमानों और 2020.21 के वास्तविक व्यय दोनों में कमी दर्शाता है। यह दुखद है कि हमने कोविड.19 के मेहनतकश लोगों की अनिश्चितताओं के गहरे स्तर को उजागर करने से सबक नहीं सीखा है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 फरवरी, 2022



## बाल उत्पीड़न

### सर्वोच्च न्यायालय का कदम

**सर्वोच्च** न्यायालय ने मंगलवार को देश भर में वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधायें बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आपराधिक मामलों में बाल गवाहों की गवाही दर्ज की जा सके। अदालत ने इस प्रकार संचार तकनीक के अधिकतम उपयोग से न्यायिक प्रक्रिया सरल बनाने तथा बच्चों को कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में शारीरिक रूप से अदालतों में उपस्थित होने के आघात से बचाने का प्रयास किया है। अदालत ने एक प्रोटोकाल बनाने की आवश्यकता बताई है ताकि बच्चों को अपने घर से लंबी यात्रा तय कर गवाही के लिए न आना पड़े। इससे बचचे को अपने घर से 'कोर्ट प्वाइंट' या 'रिमोट प्वाइंट' पर पहुंचने में आसानी होगी जहां सुनवाई हो रही हो। अदालत का सुझाव वर्तमान समय में बाल व्यापार संबंधी संवेदनशील मामलों की सुनवाई के संदर्भ में सामने आया है। उसने इच्छा प्रकट की है कि बच्चों की गवाही वाले सभी आपराधिक मामलों में तकनीक प्रयोग को स्थाई रूप प्रदान किया जाए। यह एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि बच्चों को गवाहों या पीड़ित के रूप में अदालतों में अपनी बात रखते समय आघात का सामना करना पड़ता है। अदालत ने एक मामले का संदर्भ देते हुए कहा कि बाल व्यापार के मामलों में आरोपी छोटे गवाहों पर निशाना लगा सकते हैं। बच्चों को आपराधिक मामलों में अदालतों में गवाही के लिए पेश होने पर अनेक घरेलू विवाद तथा अपराध जन्म ले सकते हैं जिनमें हत्या भी शामिल है। बच्चों को अदालत में अपराध का वर्णन देना पड़ता है और



संभवत: कभी-कभी अपने माता-पिता से विपरीत दृष्टिकोण अपनाना पड़ता है। लेकिन सबसे बुरी स्थिति तब होती है जब बच्चे स्वयं अपने खिलाफ किए अपराधों के गवाह होते हैं। इनका संबंध मुख्यत: यौन उत्पीड़न से होता है और अधिकांश मामलों में आरोपी उनसे परिचित होता है।

ऐसे में बच्चों को पुलिस, डाक्टरों, वकीलों, अपने परिवार तथा मित्रों से पूछताछ के समय भयानक आतंक याद करने पर मजबूर होना पड़ता है। बचाव पक्ष के वकील के सवाल उनके लिए उत्पीड़नकारी, अपमानजनक व परेशान करने वाले हो सकते हैं। बाल पीड़ित अक्सर दंड न्याय प्रक्रिया में आरोपी के सामने आते हैं। ऐसे में गवाही का अनुभव भयानक हो सकता है। लड़की गवाहों के मामलों में बचाव पक्ष के वकील के सवाल अक्सर उत्पीड़नकारी, परेशान करने वाले और यहां तक कि अपमानजनक हो सकते हैं। बाल पीड़ित अक्सर कहते हैं कि न्याय प्रक्रिया में आरोपी के सामने आना उनके लिए भयानक होता है। ऐसे में गवाही का भयानक अनुभव पहले से ही आघात के शिकार बच्चे के लिए फिर से अपराध से गुजरने के समान हो सकता है। इन बच्चों के लिए कम से कम आघात व भय यथासंभव न्यूनतम किया जाना चाहिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुदूर गवाही एक-पक्षीय या द्वि-पक्षीय क्लोज़ सर्किट गवाही हो सकती है। इसमें बच्चे को अदालत नहीं आना पड़ेगा जिससे उनको आरोपी के सामने आने का कष्ट नहीं होगा। गवाही देते समय वे एक अलग कमरे में हो सकते हैं। गवाही द्वि-पक्षीय संचार के रूप में जीवंत हो सकती है अथवा इसे एक-पक्षीय रूप से रिकार्ड किया जा सकता है। पूछताछ करने वालों को प्रशिक्षित करना चाहिए ताकि वे बच्चे से पूछताछ के समय तटस्थ व संवेदनशील दृष्टिकोण अपनायें। इस दृष्टिकोण की आलोचना अदालत में गवाही की तुलना में कम-प्रभावी होना हो सकती है, लेकिन इसके लाभ नकारात्मक तत्वों की तुलना में अधिक हैं। सबसे अच्छा तरीका अदालत द्वारा अपराध दर्ज करने के बाद गवाही रिकार्ड करना है ताकि बच्चे को पुन: प्रक्रिया से न गुजरना पड़े। यह तकनीक अन्य संकटग्रस्त लोगों, खासकर बलात्कार पीड़ितों, वृद्धों व व्हिसिलब्लोअरों के लिए भी सहायक हो सकती है।

# जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण आवश्यक

पूरे देश की एकता व अखंडता बनाए रखने तथा इसके समतापूर्ण क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना जरूरी है।



**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं)



भारत में बेलगाम जनसंख्या वृद्धि इन दिनों आम लोगों में चर्चा का केन्द्रीय विषय है। यह सच है कि चर्चा स्वतंत्रता के पहले ही शुरू हुई थी, पर सरकार की प्रतिबद्धता में कमी के कारण बहसों का कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। 1940 में राष्ट्रीय योजना आयोग ने एक उप समिति गठित की थी जिसका उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के बारे में समाधान-केन्द्रित चर्चा में शामिल होना था। 1945 में स्वास्थ्य सर्वेक्षण तथा विकास समिति ने एक रिपोर्ट पेश की जिसके 11वें अध्याय का शीर्षक था 'जनसंख्या समस्या'। इसमें अधिक जनसंख्या की अनियंत्रित समस्या चिन्ता प्रकट करते हुए अनेक तथ्य सामने रखे गए थे।

1946 में अंतरिम सरकार गठित होने पर नीति निर्माता सहमत थे कि जनसंख्या की बेलगाम वृद्धि भविष्य के लिए समस्या बन सकती है। लेकिन इतने साल बाद भी कुछ स्वार्थी शक्तियां सुनियोजित तरीके से भारत की जनसंख्या संरचना बदलना चाहती हैं और वे जनसंख्या नियंत्रण बहस को सांप्रदायिक दृष्टिकोण से देखती हैं। इस कारण एक लॉबी जनसंख्या नियंत्रण के खिलाफ है तथा अपने कट्टरपंथी राजनीतिक आकाओं की सेवा करना चाहती है। परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरुआत भारत में 1952 में हुई। उस समय भारत दुनिया में ऐसा कार्यक्रम शुरू करने वाला पहला देश था। पहली पंचवर्षीय योजना में इसके लिए 15 लाख रुपये आबंटित हुए थे, पर चौथी पंचवर्षीय योजना समाप्त होने तक लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च हुए।

1947 से 2014 के बीच भारत सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण पर 2 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। लेकिन संकीर्ण दृष्टिकोण के कारण कोई सार्थक नतीजा नहीं निकला तथा इसके कारण प्रयासों, उद्देश्यों, नीतियों व गंभीरता में कमी आई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2000 में स्थापित राष्ट्रीय आयोग-एनसीआरपीडब्लूसी ने भी जनसंख्या नियमन कानून बनाने की सिफारिश की। इसके साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात व कई अन्य राज्यों में इस संबंध में कानून बनाए हैं, लेकिन इनका राष्ट्रीय स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

जनसंख्या नियंत्रण उपायों की मांग समय-समय पर भारतीय संसद में भी उठती रही है। 2018 में कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री से भारत में कठोरता से एक बच्चे का मानक लागू करने का अनुरोध किया था। इस संबंध में अब तक दोनों सदनों के अनेक सदस्यों ने 35 निजी विधेयक पेश किए हैं जिनमें 15 सांसद कांग्रेस से भी थे। एक बार फिर इस पर संसद में व संसद के बाहर चर्चा हो रही है, लेकिन कुछ कथित सेक्युलर नेता व स्तंभकार तथा वामपंथी विचारधारा वाले लेखकों व इतिहासकारों ने इसके लिए 'सैफरन डेमोग्राफी' शब्द का प्रयोग किया है। उनका उद्देश्य सार्थक चर्चा को पटरी से उतारना है। इस विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस विषय पर छद्म सेक्युलरवादियों के सवालों का संक्षिप्त जवाब दिया था। इन तत्वों का आरोप है कि यह बहस हिंदुओं के मन में अल्पसंख्यकों का भय पैदा कर हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए की जा रही है।

यह आरोप हास्यास्पद है। स्वतंत्रता के पहले 1901 में आई जनगणना रिपोर्ट के बाद बंगाल के जनगणना आयुक्त एच.एच. रिसले ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, 'ऐसा लगता है कि समाज में मुसलमानों और ईसाइयों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे सवाल उठता है कि हिंदू समुदाय कब तक अपनी स्थिति बनाए रख सकेगा?' इस प्रकार यह पहले 'सैफरन डेमोग्राफी' न होकर 'सिविलाइजेशनल डेमोग्राफी' है ताकि भारत का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, भारतीयता, संस्कृति व सभ्यता का चरित्र बदलने से रोका जा सके। 1980 में दुनिया की 57 प्रतिशत जनता को आवश्यक संसाधन नहीं मिल रहे थे क्योंकि उनकी संख्या 2017 तक 72 प्रतिशत बढ़ गई थी।

1992 में जब दुनिया की जनसंख्या ने 300 करोड़ का आंकड़ा पार किया तब दुनिया के 1700 विद्वानों, अर्थशास्त्रियों व वैज्ञानिकों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर कहा था कि जनसंख्या दुनिया के लिए भारी समस्या बन गई है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया एक परिस्थितिकीय संकट से गुजर रही है। यदि दुनिया के सभी लोगों को एक औसत अमेरिकन का जीवनस्तर उपलब्ध कराना तथा सब लोगों का पेट भरना हो तो धरती जैसे पांच ग्रहों की जरूरत होगी। इसी प्रकार यदि दुनिया यूरोपियनों की तरह रहने लगे तो तीन और ग्रहों की जरूरत होगी। ऐसे में समझा जा सकता है कि धरती को बचाना कितना जरूरी है जिसका अर्थ ग्रह पर रहने वाले सभी प्राणियों का जीवन बचाना भी है। यह पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। इस काम के लिए जनसंख्या नियमन कानून जरूरी हैं क्योंकि दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति भारत में रह रहा है। देश में कुछ लोग अमेरिका और यूरोपीय देशों की तेजी से घटती जनसंख्या की ओर संकेत कर तर्क देत हैं कि भारत में बढ़ती जनसंख्या एक संकट के बजाय संसाधन है। उनका कहना है कि विदेशों में श्रमिकों के रूप में जा कर भारत के लोग लाभ उठा सकते हैं। अफगानिस्तान, बहरीन, इंडोनेशिया, ईराक, जार्डन व कुवैत उन 18 आप्रवासी नियंत्रण वाले 18 देशों में शामिल हैं जहां अधिकतम लोग पैसा कमाने के उद्देश्य से श्रमिकों के रूप में काम करने जाते हैं। क्या यह भारत के आत्मसम्मान व गौरव पर सवाल नहीं उठाता है कि जो देश सारी दुनिया में अपने नेतृत्व के लिए मशहूर है, वहां के लोग किसी अन्य के लिए श्रमिकों की तरह काम करें?

भारत में जनसंख्या के आंकड़ों को देख कर हम बढ़ती वृद्धि दर को समझ सकते हैं। इस तथ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है कि 1951 से 2011 तक देश में मुस्लिम जनसंख्या 1951 में 9.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2011 में 14.23 प्रतिशत हो गई, जबकि हिंदू जनसंख्या में तेजी से गिरावट आई। हिंदुओं की जनसंख्या 1951 में 84.1 प्रतिशत थी जो 2011 में 79.80 प्रतिशत रह गई। यदि जिलावार मुसलमानों की बढ़ती संख्या पर गौर करें तो पता लगेगा कि भारत के कुल 748 जिलों में से 116 जिलों में मुस्लिम जनसंख्या 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। इनमें 8 राज्यों के वे 32 जिले भी शामिल हैं जहां उनकी जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है।

इसके बावजूद उनको इन जिलों में अल्पसंख्यक के लाभ क्यों दिए जा रहे हैं? हमें याद करना चाहिए कि 1947 में जनसंख्या भारत विभाजन का प्रमुख कारण बनी थी। वर्तमान समय में भी एक भारत-विरोधी या 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग देश के भीतर सक्रिय है जो देश को बांटने का षडयंत्र कर रहा है। ऐसे समय राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना देश की एकता व अखंडता के लिए जरूरी है। भारत हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है, अत: यह कहना उचित नहीं है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने से किसी खास धर्म को हानि या लाभ होगा। हमारे देश को पारसियों की घटती संख्या की चिन्ता है।

भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि वह सामाजिक व सांस्कृतिक विधियों से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि पारसियों की संख्या और न गिरे। उपलब्ध संसाधनों तथा जनसंख्या असंतुलन के कारण भविष्य की आवश्यकताओं और समस्याओं को देखते हुए समय की आवश्यकता है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून राष्ट्रीय लाभ के लिए बनाए जांए तथा सभी धर्मों व समुदायों के लिए उनका क्रियान्वयन समान रूप से सुनिश्चित किया जाए।

# आर्थिक वृद्धि में निजी उद्यमों की भूमिका

"चुनौती यह होगी कि निजी उद्यमों को विकास की कहानी के बारे में उत्साहित किया जाए और उनकी यात्रा में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



एक अच्छी किताब झूठ की गुप्त कुंजी आम तौर पर सावधानीपूर्वक शब्दों की प्रस्तावना में पाई जाती है, जहां लेखक पाठक के लिए आगामी सामग्री के माध्यम से जाने के लिए मूल संदर्भ को सारांशित करता है। बजट 2022-23 का संदर्भ पिछले साल के आर्थिक सर्वेक्षण में लिखी गई प्रस्तावना के पहले दो पैराग्राफ में मिलता है। इसमें नीति निर्माण के झरना दृष्टिकोण का उल्लेख है, जो घोषित नीति के सभी संभावित परिदृश्यों और परिणामों, नुकसानों, लाभों आदि के एक विशाल भंडार (या यदि आप चाहें तो क्लाउड स्टोरेज) की तरह है और इसलिए एक पूर्व-भरे संदर्भ सेटिंग की तरह है, कभी-कभी बदलती वास्तविकता के लिए, अचानक महामारियों से प्रभावित, और ऐसे अन्य चर। आर्थिक सर्वेक्षण में सुझाया गया वैकल्पिक समाधान, एक फुर्तीली नीति निर्माण है जो यात्रा के दौरान फीडबैक लूप्स, निगरानी और पाठ्यक्रम सुधार पर बहुत अधिक निर्भर करता है। सीधे शब्दों में कहें, तो आधार यह है कि वास्तविक समय डेटा विश्लेषण और मौके पर, नीति के प्रभाव का आकलन करने के लिए नंबर क्रंचिंग पर भरोसा करना और बाहरी परिस्थितियों के आधार पर, यदि आवश्यक हो तो वैकल्पिक पाठ्यक्रम सुधार उपायों की पेशकश करना हमेशा बेहतर होता है। एक घोषित नीति से अधिक नागरिकों को लाभ होगा। बजट घोषणाओं के एक समूह और व्यापक संदर्भ सेटिंग से चिपके हुए, और बहुत कुछ करता है, जिसने कई लोगों को परिणामों के बारे में हैरान कर दिया।

ओटीटी सामग्री के अनुकूल नए भारत के लिए तकनीक-भारी, न्यूनतर बजट में आपका स्वागत है। वित्त मंत्री ने



भाषण को लगभग 90 मिनट तक सीमित रखने का फैसला किया, इसके बाद बार को 160 मिनट पहले रिकॉर्ड करने के लिए उठाया। एक हार्ड कॉपी के बजाय एक टैबलेट पर एक पारंपरिक और प्रतीकात्मक 'बहिखता' में बजट को ही ले जाया गया था, और वित्त मंत्री ने टेलीविजन सेटों से चिपके हजारों लोगों के लिए कोई लोकलुभावन रियायत नहीं दी, उनकी घोषणाओं का शब्द-दर-शब्द पालन किया। उन्होंने लगभग 100 बार 'तकनीक और डिजिटल' शब्दों पर जोर देने के साथ विकास और भविष्य के भारत का एक कैनवास प्रदान करने के लिए किया और कृषि से लेकर बैंकिंग तक के क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाओं के दायरे का विस्तार किया।

प्रौद्योगिकी के एक विचारशील उपयोग के साथ सरकारी या निजी उद्यम सेवाओं का त्वरित, कुशल वितरण, जिसे स्वदेशी रूप से विकसित या आयात किया जा सकता है और शासन के अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसका समर्थन करना रीयल-टाइम फीडबैक लूप या डेटा सेट की एक बड़ी मात्रा है जो आपको जमीन पर वास्तविक प्रभाव या पाठ्यक्रम सुधार की किसी भी आवश्यकता के बारे में बताता है। वह, मेरे लिए, शो का असली सितारा है जो फुर्तीली नीति बनाने के सिद्धांत का अध्ययनपूर्वक पालन कर रहा है।

संभवत नीति निर्माण में प्रौद्योगिकी के महत्व के प्रति नौकरशाही जाग गई है और मुश्किल परिस्थितियों में उनकी मदद करने के लिए निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल करने से कतराती नहीं है।

आर्थिक सर्वेक्षण ने मैप माई इंडिया और गूगल जैसे बड़े और विविध निजी स्रोतों से डेटा का उपयोग करके चपलता के मूल्य पर प्रकाश डाला। यह सीख संभवतः विशाल कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के लिए कोविन नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म को जल्दी से विकसित करने से मिली है। इसने बड़ी मात्रा में अनुसंधान और विकास धन की भी बचत की, जिसे सरकार को इस तरह की एक एप्लिकेशन सेवा विकसित करने के लिए खर्च करना पड़ता था। बजट भारत के विकास के अगले 25 वर्षों में एक विशाल निजी क्षेत्र की भागीदारी की संभावना के बारे में बात करता है जिसे 'अमृत काल' भी कहा जाता है।

चुनौती यह होगी कि निजी उद्यमों को विकास की कहानी के बारे में उत्साहित किया जाए और उनकी यात्रा में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। यह फिर से नौकरशाहों को ले जाएगा, विशेष रूप से जो छोटे और मध्यम क्षेत्र के व्यवसाय के साथ बातचीत कर रहे हैं, वास्तव में अपने जलप्रपात के दृष्टिकोण को छोड़ने और एक चुस्त पाठ्यक्रम अपनाने के लिए।

## आप की बात

### अपराधियों को टिकट

**एडीआर** की ताजा अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, 10 फरवरी को उत्तर प्रदेश की जिन 58 विधानसभा सीटों पर मत डाले जाएंगे, वहां से कुल 623 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें से 615 उम्मीदवारों के बारे में एडीआर को सूचनाएं मिली हैं। इन 615 प्रत्याशियों में से 156, यानी करीब 25 फीसदी उम्मीदवार दागी हैं। 121 पर तो गंभीर आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, जिनमें दोषसिद्ध होने पर पांच साल या इससे भी अधिक की सजा वाले गैर-जमानती जुर्म शामिल हैं। जैसे, हत्या-अपहरण-बलात्कार आदि। अब यदि जनता निष्कलंक उम्मीदवार को वोट देना चाहे और दोनों ही दागी उम्मीदवार खड़े हो तो वह नोटा का बटन दबाएं और नोटा का बटन दबाने पर भी उसका पक्ष दर्ज हो जाएगा और हो सकता है कि उनमें से कोई एक दागी उस नोटा के बटन को दबाए जाने से जीत जाए! अब राजनीतिक दलों से तो कोई अपेक्षा नहीं रहीं कि वह बेदाग और ईमानदार उम्मीदवारों को मैदान में उतारेंगे! सभी राजनीतिक दलों का एक ही पैमाना रह गया है कि कौन जीत कर आ सकता है वह टिकट का हकदार है! राजनीतिक दलों की इस मानसिकता को सुधारने के लिए जनता को चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### शत-प्रतिशत मतदान हो!

**लोकतंत्र** या जनतंत्र एक ऐसी शासन-व्यवस्था है जिसमें जनता के हित के लिए, जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही सारी व्यवस्था का संचालन किया करते हैं। इसी कारण जिन देशों में इस प्रकार की सरकारों की व्यवस्था है, राजनीतिक शब्दावली में उन्हें लोक-कल्याणकारी राज्य और सरकार कहा जाता है। जो हमारे भारत में है जनता एक सरकार पांच साल के लिए चुनती है और पसंद ना आने पर बदल देती हैं पांच वर्षों एक बार चुनाव कराना लोकतंत्र की पहली और आवश्यक शर्त है। चुनाव में प्रत्येक बालिग (18+) अपनी इच्छानुसार अपने मत (वोट) का प्रयोग करके इच्छित व्यक्ति को जिता और अनिच्छित को पराजित करके सत्ता से हटा सकता है। एक एक मत का लोकतंत्र में एक अहम योगदान होता है क्योंकि एक मत से सरकार गिर भी सकती हैं और बन भी सकती हैं इसीलिए हमें हमारे मन में यह भाव कदापि नहीं लाना है कि हमारे एक वोट से क्या होता है हमें मिलकर शत प्रतिशत मतदान करना है और अपने मन जी सरकार को सत्ता में लाना है जिससे हमारा और हमारे समाज का विकास हो लोकतंत्र की जंजीर टूटे न! अबकी कोई मतदाता छूटे न!

– **सचिन बाजपेई**, तंबौर, सीतापुर


### नकली वैक्सीन का कारोबार

**देश** दुनियाभर में विगत वर्षों से कोरोना का खौफनाक मंजर हम सभी देख चुके है। और तीसरी लहर की मौजूदगी में आपदा में लोगो को राहत देनेका काम तो दूर परन्तु रातो रात पैसे कमाने की होड़ में आम लोगो के साथ जान माल पर खिलवाड़ करने वाले इन समाज के दुश्मनों की फ़ितरतों का होना चिन्तनीय है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर वाराणसी में बन रही नकली कोविड वेक्सीन व अन्य माल 4 करोड़ रुपये का जब्त हुआ। उत्तर प्रदेश के स्पेशल टास्क फोर्स (एस टी एफ) ने गिरोह का भंडाफोड़ कर नकली कोविशील्ड ओर जाय कोविड टीके के साथ नकली कोविद टेस्टिंग किट भी बरामद की। और साथ ही गिरफ्तारी भी हुई। समझ से परे लगता है कि लोगों को दूसरों की जान से खिलवाड़ करने में समाज , कानून किसी का डर नही? पिछले समय भी कोरोना महामारी में नकली इजेक्शन का कारोबार देश के अन्य स्थानों में सुर्खियों में रहा। कोरोना महामारी से लोग जैसे तैसे बाहर आते है। परंतु समाज के इन आर्थिक पिशाचों को लोगों की जान की कोई परवाह नहीं।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**यह** बजट भारत की अर्थव्यवस्था के पैमाने को बदलने में सक्षम बजट साबित होगा।
– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**अब** हम दुनिया के अधिकांश क्षेत्रों में होने वाली मौतों चिंताजनक वृद्धि के साथ बहुत कुछ देखना शुरू कर रहे हैं।
– **टेड्रोस एधानम**
डब्लूएचओ के महानिदेशक



**गोवा** के लिए यह विधानसभा चुनाव अहम है। गोवावासियों को तय करना होगा कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है।
– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री"



# कई मुस्लिमों के मैदान में आने से बीजेपी की राह हो सकती है आसान

**पश्चिमी यूपी**

## ● बसपा, एआईएमआईएम व निर्दलीय कहीं बिगाड़ न दें सपा-रालोद गठबंधन का गणित

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ



**पश्चिम** यूपी में चुनावी संग्राम पूरे जोरों पर हैं। हर जाति और हर वोट को अपने पाले में करने के लिए राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। जहां सपा, आरएलडी मुस्लिम, जाट और जाटव वोटों को सहेजने में दिन-रात एक किए हुए हैं तो वहीं बीजेपी के लिए अच्छी खबर यह है कि पश्चिम की करीब एक दर्जन ऐसी सीटें हैं जहां पर सपा, बसपा और आवैसी के उम्मीदवार आने से भाजपा की राह आसान होती दिख रही है। वह इसलिए कि इन सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी दूसरे नंबर पर थी और कुछ पर तीसरे नंबर पर थी। बसपा और एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार दिए हैं। जाहिर है कि पश्चिम में सपा-आरएलडी के गठजोड़ पर असर पड़ता दिख रहा है। इन तीनों दलों ने अगर थोड़े वोट भी मुस्लिम समाज के काटे तो जाहिर है कि उन सीटों पर बीजेपी को आसानी से जीत हासिल हो जाएगी। बीजेपी के रणनीतिकारों का भी कहना है कि मोदी-योगी सरकार ने सभी धर्म और मजहब के हर वर्ग को लाभ दिया है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारो की रक्षा सबसे बड़ा मसला है जिस पर बीजेपी सभी धर्म की महिलाओं की नजर में खरी उतरती है। इसका लाभ भाजपा को जरूर मिलेगा।

इन सबके बीच सपा के ऐसे कई प्रत्याशियों का वीडियो भी वायरल होने लगा है जिसमें वह धर्म के आधार पर एकजुटता की बात कर रहे हैं। इसमें सबसे पहले कांग्रेस छोड़ सपा में शामिल हुए इमरान मसूद हैं। मसूद के यह तेवर पश्चिमी यूपी में बदलते समीकरण के संकेत हैं। असल में बसपा और एआईएमआईएम उम्मीदवारों की लिस्ट ने पश्चिमी यूपी के चुनाव में मुस्लिम मतों के बंटने की संभावना बढ़ा दी है। जिसका सीधा नुकसान सपा को और फायदा बीजेपी को हो सकता है। पश्चिमी यूपी की करीब 25 सीटें ऐसी हैं जहां पर मुस्लिम मतों में बंटवारा हो सकता है। ऐसे में मुस्लिम जाट वोटों की एकजुटता की योजना बना रहे अखिलेश यादव के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। बीजेपी भी किसान आंदोलन के बाद जाट-जाटव को साधने का जतन कर रही हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस और एआईएमआईएम की लिस्ट के अनुसार पश्चिमी यूपी में कैराना, छपरौली, बागपत, सिवालखास, किठौर, मेरठ, मेरठ दक्षिण, मेरठ कैंट, लोनी, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, कोल, अलीगढ़, मीरापुर, शिकारपुर, सहारनपुर देहात, बेहट, मुजफ्फरनगर सदर, बिथरी चैनपुर, बरेली, नजीबाबाद, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद शहर, रामपुर, मीरगंज, बुलंदशहर से मुस्लिम उम्मीदवार है। इनमें कई सीटों पर गठबंधन के साथ-साथ बसपा और एआईएमआईएम के भी मुस्लिम प्रत्याशी हैं। ऐसे में वोटों का बटवारा होना स्वाभाविक है। असल में इस क्षेत्र में करीब 20 फीसदी जाट और 30 से 40 फीसदी मुसलमान हैं। दोनों मिलकर करीब 55 सीटों पर निर्णायक असर डालते हैं। अखिलेश यादव इसी समीकरण ये यह उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें बड़ी जीत मिलेगी। अब देखना यह है कि करीब दो दर्जन सीटों पर बसपा और ओवैसी की एआईएमआईएम द्वारा मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की चुनौती से अखिलेश यादव और जयंत चौधरी कैसे मुस्लिम वोट को बंटने से रोकते हैं। पश्चिमी यूपी की इन 58 सीटों में कई ऐसी हैं जो मुस्लिम बाहुल्य हैं और इनमें से लगभग एक दर्जन से ज्यादा सीटें ऐसी हैं, जहां से विभिन्न पार्टियों के अलावा निर्दलीय के रूप में कई मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हैं। ऐसे में वोटों का बंटवारा रोकना कड़ी चुनौती होगी। पिछले चुनावों में भाजपा ने यहां की 90 फीसदी से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की थी। यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिमी यूपी में क्लीन स्वीप किया था जिसमें मुस्लिम बहुल सीटों पर विपक्षी दलों का सफाया कर दिया था। पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बहुल सीटों पर सपा, बसपा, आरएलडी सहित कई पार्टियों से मुस्लिम प्रत्याशियों के उतरने का सियासी फायदा बीजेपी को मिला था। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से लेकर मेरठ दक्षिण, लोनी, सिवालखास सहित करीब सात सीटें हैं जहां पर एक से ज्यादा मुस्लिम कैंडिडेट्स के चुनावी मैदान में उतरने के चलते मुस्लिम विधायक नहीं बन सके थे।

### सिवालखास-दो मुस्लिम की प्रत्याशियों की लड़ाई में बीजेपी जीती

मेरठ जिले की मुस्लिम बहुल सिवालखास विधानसभा सीट पर बीजेपी महज इसीलिए जीत गई थी क्योंकि सपा और बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे थे। बीजेपी के जितेंद्र पाल सिंह को 72842 वोट मिले थे, सपा के गुलाम मोहम्मद को 61421, बसपा के नदीम अहमद के 42524 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों के दो दलों के बीच बटने का फायदा बीजेपी को मिला और मुस्लिम प्रत्याशी विधायक बनने से महरूम रह गया।

इसी प्रकार मुस्लिम-जाट बहुल बुलंदशहर सीट पर बीजेपी 2017 के चुनाव में कमल खिलाने में कामयाब रही थी। वीरेंद्र सिंह सिरोही भाजपा के टिकट पर 111538 वोट हासिल किए थे। वहीं बसपा से मो अलीम खान को 88454 सपा के सुजात आलम को 24119 वोट मिले थे। यहां सपा और बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी के उतरने का सियासी फायदा बीजेपी को मिला और मुस्लिम विधायक नहीं बन सका। अलीगढ़ की शहर सीट पर बीजेपी का कब्जा है जबकि इससे पहले मुस्लिम विधायक चुने जाते रहे हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के संजीव राजा 113752 वोट हासिल किए थे जबकि सपा के जफर आलम को 98312, बसपा के मो आरिफ को 25704 वोट मिले थे। ऐसे में साफ है कि मुस्लिम वोटों के बटने का राजनीतिक लाभ बीजेपी को मिला और मुस्लिम विधायक नहीं बन सका।

### मीरापुर-193 वोटों के चलते विधायक नहीं बन सके

**गत** चुनाव में मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा सीट पर लिकायत अली महज 193 वोटों से हार गए थे। तब मीरापुर सीट पर कुल 14 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे, जिनमें छह मुस्लिम उम्मीदवार किस्मत आजमाने उतरे थे। सपा के लियाकत अली और बीजेपी के अवतार सिंह भड़ाना में कड़ा मुकाबला हुआ था, जिनमें बीजेपी को 69035 वोट मिले तो सपा को 68842 वोट मिले थे। लियाकत अली 193 वोटों से इसीलिए हार गए थे क्योंकि बसपा के नवाजिश आलम ने 39689 वोट मिल गए थे।

### लोनी-तीन मुस्लिम कैंडिडेट्स ने बिगाड़ा खेल

**गाजियाबाद** की लोनी विधानसभा सीट पर मुस्लिम वोटों के बंटवारे के चलते बीजेपी मुस्लिम बहुल सीट पर कमल खिलाने में कामयाब रही थी। बीजेपी के नंदकिशोर गुर्जर को 113088 वोट मिले थे जबकि बसपा के जाकिर अली को 70249 वोट तो सपा के राशिद मलिक को 42297 वाट मिले थे। ऐसे में सपा और बसपा के वोटों को मिला लें तो बीजेपी से ज्यादा हो रहा है। ऐसे में अगर मुस्लिम वोट एकजुट होकर पड़ता तो बीजेपी के लिए यहां जीतना आसान नहीं था।

### थाना भवन-मुस्लिम वोटों के बंटने में खिला कमल

**शामली** जिले की थानाभवन विधानसभा सीट मुस्लिम बहुल मानी जाती है। बीजेपी महज यहां पर इसलिए कमल खिलाने में कामयाब रही थी क्योंकि बसपा से लेकर आरएलडी सहित तमाम मुस्लिम नेता निर्दलीय भी चुनावी मैदान में उतरे थे। बीजेपी के सुरेश राणा को 90995 वोट मिले थे। वहीं बसपा के अब्दुल वारिस खान को 74088, रालोद के जावेद राव को 31210 वोट मिले थे। इससे साफजाहिर है कि मुस्लिम वोटों के बटने के चलते बीजेपी कमल खिलाने में कामयाब रही।

### इन सीटों पर होगा दिलचस्प चुनाव

**अलीगढ़** और सिवालखास की सीट पर तीन मुस्लिम उम्मीदवार है। वहीं लोनी, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी यूपी के कई सीटों पर एआईएमआईएम की एंट्री से भी चुनाव दिलचस्प हो गया है। मेरठ दक्षिण से सपा ने आदिल चौधरी, बसपा ने दिलशाद अली और कांग्रेस ने नफीस जैदी को टिकट दिया है तो अलीगढ़ सीट से सपा-रालोद ने जफर आलम, बसपा ने रजिया खान व कांग्रेस ने सलमान इम्तियाज पर दांव लगाया है। मुसलमान बाहुल्य होने के बाद भी यहां से उनके वोट बंटने की पूरी संभावना है। यही हाल लोनी, थाना भवन, सिवालखास, बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि का रहा जहां एक से ज्यादा मुसलमान प्रत्याशी खड़े होने की वजह से भाजपा प्रत्याशी को जीत हासिल हुई।

### मेरठ दक्षिण-मुस्लिम वोटों के बिखराव में खिला कमल

**मेरठ** दक्षिण विधानसभा सीट पर भी कई मुस्लिम प्रत्याशी के चुनावी मैदान में उतरने से बीजेपी कमल खिलाने में कामयाब रही थी। मुस्लिम बहुल मेरठ दक्षिण सीट पर बीजेपी के सोमेंद्र सिंह तोमर को 113225 वोट मिले थे। वहीं बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब कुरैशी को 77830 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस के मोहम्मद आजाद सैफी को 69117 वोट मिले थे। बसपा और कांग्रेस के मुस्लिम प्रत्याशी के वोट मिला ले तो दोनों वोट का जोड़ एक लाख 46 हजार से भी ऊपर पहुंच रहा है। ऐसे में साफजाहिर है कि मुस्लिम वोटों के बंटना का सियासी फायदा बीजेपी को मिला था।

# परिवारवाद व यादववाद से बचती दिखाई पड़ रही सपा

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ



● अब तक जारी उम्मीदवारों की सूची में यादवों की संख्या पहले से कम

● मंच पर नहीं दिखाई दे रहा परिवार का कोई सदस्य

● सपा से समाजवादी परिवार के अखिलेश है इकलौते उम्मीदवार

**समाजवादी** पार्टी विधानसभा चुनाव 2022 में परिवारवाद व यादववाद से बचती दिखाई पड़ रही है। सपा द्वारा अभी तक घोषित लगभग 300 उम्मीदवारों में यादव प्रत्याशियों की संख्या हर बार से कम है। समाजवादी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की सूची में जाट के साथ साथ प्रमुख रूप से पिछड़ों दलितों व मुस्लिम पर ध्यान रखा गया है। यदि पारिवारिक उम्मीदवारों की बात की जाए तो समाजवादी पार्टी की तरफ से सिर्फ पार्टी मुखिया अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से मैदान में हैं जबकि उनके चाचा शिवपाल जसवंत नगर से चुनाव मैदान में हैं जो कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते गठबंधन में सपा के साथ खड़े हैं। सपा ने इस बार लखनऊ की सरोजनी नगर सीट से अपने पारिवारिक सदस्य अनुराग यादव का भी टिकट काटकर पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा को प्रत्याशी बना दिया है।

वर्ष 2017 के विधानसभा या फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की गैर यादव ओबीसी वोटरों को इकट्ठा करने की रणनीति से मात मिली थी। समाजवादी पार्टी को 2017 के विधानसभा चुनाव में काफी नुकसान पहुंचाया था। पार्टी सिर्फ 47 सीटों पर सिमट कर रह गई थी जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मात्र पांच सीटों पर समाजवादी पार्टी को जीत हासिल हुई थी जिसमें सिर्फ परिवार के दो सदस्य ही जीते थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से व सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी लेकिन इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपने ऊपर लगाए गए जा रहे परिवारवाद और यादववाद के ठप्पे को हटाने की पूरी कोशिश की है। अखिलेश ने हाल के अपने चुनावी अभियानों में पार्टी के यादव नेताओं से दूरी बनाए रखी है। पार्टी के उम्मीदवारों की लिस्ट में सिर्फ उनके चाचा शिवपाल यादव का नाम है। शिवपाल की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने समाजवादी पार्टी से गठबंधन किया है इसलिए वह गठबंधन के आधिकारिक उम्मीदवार हैं समाजवादी पार्टी के नहीं।

सपा मुखिया अखिलेश ने परिवार के नेताओं को भी चुनावी रैलियों से दूर रखने की कोशिश की है। पहले उनके चाचा रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव और भाई धर्मेंद्र यादव लगभग हर मंच पर उनके साथ दिख जाते थे।उनकी पत्नी डिंपल यादव स्टार प्रचारक की सूची में होने के बावजूद भी रैलियों में नहीं जा रही हैं। अखिलेश ने पहले ही साफ कर दिया था कि इस बार परिवार के लोगों को टिकट नहीं दिया जाएगा। उनके भाई प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव को लखनऊ कैंट सीट से समाजवादी पार्टी का टिकट मिलने की उम्मीद थी लेकिन अखिलेश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी। वह बीजेपी में शामिल हो गईं। अखिलेश ने इस बार विधानसभा चुनाव में गैर यादव ओबीसी आधार वाली छोटी पार्टियों से गठबंधन किया। ओमप्रकाश राजभर, स्वामी प्रसाद मौर्यए,धर्म सिंह सैनी जैसे नेताओं को अपने साथ लाकर अखिलेश ने यह संदेश देने की कोशिश की कि वह सत्ता में दूसरे पिछड़े समाज के लोगों को भी भागीदारी देने के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं।

दूसरे अखिलेश ने जाति जनगणना का समर्थन कर भी गैर यादव ओबीसी जातियों को साथ लाने की कोशिश की है। अब देखना यह है कि अखिलेश यादव अपने इस नए जातीय समीकरण से वह परिवारवाद से दूरी बना कर कितनी सफलता हासिल कर पाते हैं। विधानसभा प्रथम चरण का चुनाव 10 फरवरी को है। समाजवादी पार्टी पहले चरण की सभी 58 सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार चुकी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सहयोगी दल रालोद के मुखिया जयंत चौधरी के साथ पश्चिमी यूपी के विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियां करके जनता को लुभाने में लगे हुए हैं।

## बलिया में दौड़ते हुए नामांक्न पत्र दाखिल करने पहुंचे खेल कूद मंत्री

**बलिया** उत्तर प्रदेश सरकार के खेलकूद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विधानसभा चुनाव में फेफना क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार उपेंद्र तिवारी शुक्रवार को दौड़ते हुए नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तिवारी शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार के रूप में जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर में जब नामांकन पत्र दाखिल करने पहुचे तो नामांकन करने में तकरीबन तीन मिनट समय ही शेष रह गया था। उन्होंने बताया कि कम समय होने के कारण तिवारी को मुख्य द्वार से नामांकन कक्ष तक दौड़ लगानी पड़ी। उत्तर प्रदेश के खेल कूद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उपेंद्र तिवारी को भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जिले की फेफना विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि तिवारी 2017 और 2012 में भी तिवारी इसी निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीते थे।

# पश्चिम में कांग्रेस की महिला प्रत्याशियों ने चुनाव को बनाया रोचक

## ● पहले चरण की 58 सीटों में 15 पर कर रहीं दावेदारी

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ


पंखुड़ी पाठक


अर्चना गौतम


पूनम पंडित


भावना वाल्मीकि

**कांग्रेस** पार्टी इस बार लड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे के साथ उत्तर प्रदेश के चुनावी समर में उतरी है। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने महिला सशक्तीकरण की वकालत करते हुए पार्टी के 40 फीसदी टिकट महिला प्रत्याशियों को दिए हैं। इसी कड़ी में पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण की 58 सीटों में 15 पर कांग्रेस की ओर से महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। जीत-हार अपनी जगह लेकिन इन महिला प्रत्याशियों के जरिए कांग्रेस ने चुनाव को रोचक अवश्य बना दिया है। पश्चिम की हस्तिनापुर, स्याना, नोएडा और हापुड़ सरीखी सीटें कांग्रेस की महिला प्रत्याशियों के मैदान में होने के चलते समय सुर्खियों में हैं। यूं तो पिछले कई चुनाव से पार्टी का प्रदर्शन अत्यंत लचर रहा है लेकिन इस बार लड़की हूं लड़ सकती हूं मुहिम के चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिल रहा है।

बुलंदशहर की स्याना विधानसभा सीट इस वक्त खूब सुर्खियां बटोर रही है। एक समय में हरियाणवी डांसर सपना चौधरी की बाउंसर रह चुकीं पूनम पंडित इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। इंटरनेशनल शूटर और गोल्ड मेडलिस्ट रहीं पूनम पंडित बीते साल अक्टूबर में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। पूनम पंडित ने किसान आंदोलन के दौरान अपने आक्रामक भाषण से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। पूनम तब अधिक चर्चा में आई थीं जब उन्हें मुजफ्फरनगर में आयोजित किसान महापंचायत के मंच पर चढ़ने से रोक दिया गया था।इसके बाद से वह सत्ता के विरोध में मीडिया के सामने बयान देने लगीं। किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।

कांग्रेस ने जिस सीट से पूनम को उतारा है वहां 2012 में पार्टी को जीत मिली थी और 2017 में बीजेपी ने इस सीट पर बाजी मारी थी। मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर कांग्रेस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस मॉडल अर्चना गौतम को टिकट देकर इसे चर्चा में ला दिया है। अर्चना गौतम का नाम जैसे ही प्रत्याशी के तौर पर घोषित हुआए वैसे ही हस्तिनापुर और अर्चना गौतम के साथ ही प्रियंका गांधी का फैसला सुर्खियां बन गया। कई लोग उनके पेशे से जुड़े ग्लैमरस फोटो वायरल करने लगे। कई हिंदू संगठनों ने तो अर्चना गौतम को टिकट देना हस्तिनापुर का अपमान बता दिया। बहरहाल अर्चना गौतम के चलते ये आरक्षित सीट हाईप्रोफाइल बन गई है। 2014 में वह मिस यूपी रह चुकी हैं और कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। 2015 में उन्होंने बॉलीवुड की फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती में अभिनय से अपनी शुरुआत की। जिसके बाद उन्होंने हसीना पार्कर, बारात कंपनी, जंक्शन वाराणसी जैसी फिल्मों में भी छोटी-छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने तमिल फिल्मों में भी काम किया है। वहीं साल 2018 में अर्चना ने मिस बिकिनी इंडिया 2018 का खिताब भी अपने नाम किया था।

नोएडा विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने पंखुड़ी पाठक को चुनाव मैदान में उतारा है। छात्र जीवन से सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाली पंखुड़ी पाठक का कोई राजनैतिक बैकग्राउंड नहीं है। इसके बावजूद आज वह राष्ट्रीय राजनीति में बेहद चर्चित चेहरा हैं। पंखुड़ी पाठक छात्र राजनीति में समाजवादी छात्र सभा से जुड़ीं। वह अखिलेश यादव और डिंपल यादव से काफी प्रभावित रही थीं। पंखुड़ी ने साल 2010 में समाजवादी पार्टी ज्वॉइन की और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की क्रांति रथ यात्रा में भी हिस्सा लिया था। साल 2013 में उन्हें लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। पंखुडी ने कुछ विवादों के चलते समाजवादी पार्टी को छोड़ दिया था और कुछ समय बाद कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी। पंखुड़ी ने दिसंबर 2019 में सपा नेता रहे अनिल यादव से शादी की। अनिल यादव की ये दूसरी शादी है। उनका पहली पत्नी से तलाक हो चुका है।

किठौर विधानसभा सीट से कांग्रेस नेता डा. बबीता सिंह गुर्जर को टिकट दिया गया है। करीब 10 साल से वह पार्टी से जुड़ी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष और महिला कांग्रेस कमेटी उप्र की प्रदेश महासचिव हैं। 2017 में भी इन्होंने किठौर से दावेदारी की थी। जोधपुर यूनिवर्सिटी से हिंदी साहित्य में एमएए पीएचडी हैं।

साहिबाबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व प्रवक्ता रहे राजीव त्यागी की पत्नी संगीता त्यागी को उम्मीदवार घोषित किया है। राजीव त्यागी की हृदय गति रुकने पर मौत हो गई थी। उनकी पत्नी संगीता त्यागी पिछले करीब 25 वर्षों से एक स्कूल में आठवीं कक्षा के बच्चों को साइंस पढ़ाती हैं। फिलहाल वह अपने पति राजीव त्यागी की मौत के बाद राजीव त्यागी फाउंडेशन के माध्यम से परिवार के साथ जनसेवा से जुड़ी हैं। मोदीनगर से पार्टी ने नीरज कुमारी प्रजापति को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले काफी समय से पार्टी की सदस्य होने के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग में हैं। हापुड़ सीट से कांग्रेस ने भावना बाल्मीकि को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से चार बार के पूर्व विधायक गजराज सिंह ने पिछले दिनों रालोद का दामन थाम लिया था। इसके बाद इन्हें रालोद-सपा गठबंधन से हापुड़ सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। गजराज सिंह के अचानक पाला बदलने से कांग्रेस में खलबली मची हुई थी। मजबूत प्रत्याशी की तलाश पार्टी लगातार कर रही थी। कई दिन बीत जाने और लंबी खींचतान के बाद जिला पंचायत सदस्य भावना वाल्मीकि को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है। हापुड़ विधानसभा क्षेत्र में वाल्मीकि समाज की करीब दस हजार वोट हैं। कांग्रेस की इन वोटों पर नजर है।

गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा सीट से आभा चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। आभा चौधरी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी की पत्नी है। सचिन चौधरी ने वर्ष 2019 में अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें सचिन की बुरी तरह से हार हुई थी। लंबे समय से आभा चौधरी गढ़मुक्तेश्वर सीट से टिकट की दावेदारी कर रही थी।

लड़की हूं लड़ सकती हूं के नारे के तहत कांग्रेस के अन्य कई सीटों पर भी ऐसी महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है जिनका कोई विशेष राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं रहा है। डिबाई से कांग्रेस ने सुनीता शर्मा को टिकट दिया है। कांग्रेस ने इगलास से प्रीति धनगर को प्रत्याशी बनाया है। वह मूल रूप से एटा की रहने वाली हैं। खैर से गांव अटारी के पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता व आईटी विभाग में प्रदेश में पदों पर रहे हेमंत सूर्यवंशी की पत्नी मोनिका सूर्यवंशी को टिकट दिया गया है। मांट से जाट नेता और हाल ही में रालोद छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए योगेश पचहरा की पत्नी सुमन चौधरी को टिकट दिया गया है। योगेश पचहरा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुके हैं। छाता विधानसभा क्षेत्र से जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की पत्नी पूनम देवी को टिकट दिया है। पूनम इससे पूर्व ग्राम प्रधान और जिला पंचायत का चुनाव लड़ चुकी हैं। एत्मादपुर से कांग्रेस ने शिवानी सिंह बघेल को प्रत्याशी बनाया है जो धरेरा ग्राम की प्रधान है।

शिवानी बघेल आगरा के पुराने कांग्रेस नेता शिवव्रत आर्य की बहू हैं। बाह से कांग्रेस ने पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती मनोज दीक्षित को टिकट दिया है। मनोज दीक्षित पहली बार बाह से चुनावी मैदान में उतरेंगी। वह भाजपा में कई पदों पर रहने के बाद कांग्रेस में शामिल हुई थीं। मोदीनगर से पार्टी ने नीरज कुमारी प्रजापति को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले काफी समय से पार्टी की सदस्य होने के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग विभाग में हैं।

# भाजपा को उत्तराखंड में मोदी फैक्टर के फिर काम करने की उम्मीद

भाषा। देहरादून



**भाजपा** को उम्मीद है कि जिस तरह 2017 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी को मोदी फैक्टर की वजह से बड़ी जीत मिली, उसी तरह यह फैक्टर राज्य में फिर काम करेगा। पार्टी का मानना है कि 2017 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव महत्वपूर्ण था। तब उसने एकतरफा लड़ाई में राज्य की कुल 70 विधानसभा सीट में से 57 पर जीत हासिल की थी और प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को सिर्फ 11 सीट ही मिल पाई थीं। भारतीय जनता पार्टी के नेता जहां मोदी फैक्टर के पार्टी के पक्ष में काम करने को लेकर काफी आशावादी हैं, वहीं चुनाव पर करीब से नजर रखने वाले लोग इस बार पार्टी की संभावनाओं को ज्यादा नहीं आंकते हैं, लेकिन वे भी मानते हैं कि पार्टी को जो भी सीट मिलेंगी, वे मोदी फैक्टर के कारण मिलेंगी।

राजनीतिक टिप्पणीकार जेएस रावत ने इस संबंध में कहा कि पांच साल के भीतर भाजपा के तीन मुख्यमंत्री देने के कारण राज्य में एक मजबूत सत्ता विरोधी लहर है, जो पार्टी की संभावनाओं को बिगाड़ सकती है। हालांकि, पार्टी जहां भी जीतेगी वह मोदी के बल पर होगी। राज्य में 60 से अधिक सीट जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा मोदी के जादू पर काफी निर्भर है। वर्चुअल रैलियों के जरिए अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे भाजपा नेता मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। चुनावी रैलियों में उनके आधे भाषण बड़ी विकास परियोजनाओं को समर्पित हैं, जिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में काम शुरू हुआ।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र भसीन ने कहा कि मोदी हमारे सबसे बड़े प्रतीक हैं। यह एक ऐसा कारक है जिसने हमेशा पार्टी के लिए काम किया है और आने वाले चुनाव कोई अपवाद नहीं हैं। भसीन ने कहा कि लोग जानते हैं कि लंबे समय से प्रतीक्षित ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन, चारधाम ऑल वेदर रोड या केदारनाथ-बद्रीनाथ पुनर्निर्माण जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के पीछे मोदी ही प्रेरक शक्ति हैं। भाजपा नेता ने कहा मोदी इतनी बार राज्य का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं और उनकी योजनाओं में उत्तराखंड को दी गई प्राथमिकता पूरी तरह स्पष्ट है। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। भाजपा प्रवक्ता शादाब शम्स ने कहा कि चुनावी रैलियों के लिए राज्य के दौरों के अलावा, केदारनाथ की मोदी की कई यात्राएं, जिनमें से एक के दौरान उन्होंने एक गुफा में ध्यान किया, राज्य में भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैनिकों के साथ त्योहार मनाने के लिए उनकी यात्रा और उत्तराखंड के विश्व पर्यटन मानचित्र संबंधी कॉर्बेट का उनका दौरा लोगों को याद है। हालांकि जेएस रावत ने कहा कि महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और कृषि कानून मोदी के खिलाफ जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग भी आम बजट से निराश हैं जिसमें राज्य के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इस बार भाजपा को कोई कारक नहीं बचा पाएगा क्योंकि उत्तराखंड में लोगों ने बदलाव के बारे में अपना मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड इस बार बदलाव के लिए मतदान करेगा और कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

### छह बागी नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया

**देहरादून**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तराखंड में अपने छह बागी नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। विधानसभा चुनाव के लिए इन्होंने पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि निष्कासित लोगों में रुद्रपुर के विधायक राजकुमार ठुकराल, टीका प्रसाद मैखुरी, महावीर सिंह रंगड, जितेंद्र नेगी, धीरेंद्र चौहान और मनोज शाह शामिल हैं। भाजपा नेतृत्व ने नामांकन वापसी के लिए मनाने में नाकाम रहने के बाद इन्हें पार्टी से निष्कासित किया है। पार्टी से टिकट ना मिलने के बाद ठुकराल ने रुद्रपुर से, मैखुरी ने कर्णप्रयाग से, रंगड ने धनोल्टी से, नेगी ने डोईवाला से, चौहान ने कोटद्वार से और मनोज शाह ने भीमताल से नामंकन दाखिल किया है। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 14 फरवरी को होना है।



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एमए अय्यंगार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

### वरवर राव को आत्मसमर्पण के लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया

भाषा। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में कवि, सामाजिक कार्यकर्ता वरवर राव के आत्मसमर्पण करने की समयसीमा शुक्रवार को 28 फरवरी तक बढ़ा दी। मामले के एक आरोपी राव (83) को फरवरी 2021 में उच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कारणों से अस्थाई जमानत दी थी। उन्हें गत पांच सितंबर को आत्मसमर्पण करना था, लेकिन उन्होंने जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए एक याचिका दायर की और बाद में खराब स्वास्थ्य के आधार पर स्थाई जमानत के लिए एक और अर्जी लगाई।

# मुख्यमंत्री के भतीजे की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने कांग्रेस से मांगे जवाब

पंजाब चुनाव

भाषा। चंडीगढ़

**धनशोधन** मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे भूपिन्दर सिंह उर्फ हनी की गिरफ्तारी के चंद घंटे बाद विपक्षी दलों ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर यह कहते हुए निशाना साधा कि वह (सरकार) जवाब के दायित्व से बच नहीं सकती। हनी को कथित गैर-कानूनी रेत खनन से संबंधित एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वार जालंधर में कई घंटों तक चली पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार देर रात धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था।

आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा ने चन्नी के भतीजे से संबंधित परिसरों से ईडी द्वारा भारी पैमाने पर नकदी बरामद किए जाने का जिक्र शुक्रवार को करते हुए कहा कि हनी ने चन्नी के 111 दिन की सरकार के दौरान अकूत पैसे कमाए। चड्ढा ने आरोप लगाया, यदि मुख्यमंत्री के तौर पर चन्नी की 111 दिनों की सरकार के दौरान एक रिश्तेदार ने जब इतनी काली कमाई की तो कल्पना कीजिए पांच साल में उनके रिश्तेदार कितनी कमाई करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही चन्नी ने अपने भतीजे के कथित कुकृत्यों से अपनी दूरी बना ली है, लेकिन वह जवाब के दायित्व से बच नहीं सकते। ईडी के समक्ष हनी द्वारा कुछ चौंकाने वाले खुलासे करने का दावा करते हुए चड्ढा ने पूछा, क्या मुख्यमंत्री इस बात का जवाब देंगे कि हनी को सुरक्षा, कमांडो और एस्कॉर्ट वाहन कैसे उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सजा देगी। शिरोमणि अकाली दल नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि वह कहते रहे हैं कि पैसा पहले जब्त हुआ, उसके बाद गिरफ्तारी हुई, फिर चन्नी कैसे इससे पीछा छुड़ा सकते हैं? मजीठिया ने कहा कि उत्तर देना उनका (मुख्यमंत्री कस) दायित्व है और मुख्यमंत्री तथा उनकी पार्टी को यह बताना चाहिए कि किस हैसियत से हनी को सुरक्षा मुहैया कराई गई। जब्त किया गया धन काली कमाई है। पिछले माह छापे के बाद ईडी सूत्रों ने दावा किया था कि एजेंसी ने 10 करोड़ रुपए नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए थे, जिनमें से आठ करोड़ रुपए और अधिकतर कागजात अकेले हनी के थे। हनी की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने वाले हैं।

इस बीच चन्नी ने कहा कि ईडी ने जिस तरह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रिश्तेदारों के परिसरों पर छापे मारे थे, ठीक वही तरीका ईडी ने यहां भी किया।

### यदि कांग्रेस ने लोगों के लिए काम किया होता तो मुझे राजनीति में आने की जरूरत नहीं होती: केजरीवाल

**पणजी**। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर इसने लोगों के लिए काम किया होता तो उनके जैसे व्यक्ति को राजनीति में आने की कोई जरूरत नहीं होती। उनका बयान कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा केजरीवाल को 'छोटा मोदी' बताए जाने और यह कहे जाने के एक दिन बाद आया है कि वह गोवा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कवर फायर देने आए हैं, जो कि तटीय राज्य में जमीन खो रही है। राज्य में 14 फरवरी को मतदान होगा। सुरजेवाला के बयान का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, वह जो चाहें, कहने दें। इससे क्या फर्क पड़ता है? उन्होंने कहा कि दरअसल सुरजेवाला सपने में भी मुझे भूत की तरह पाते हैं। हर समय, 24 घंटे, मैं उनके दिमाग में रहता हूं। कांग्रेस नेता मुझे बदनाम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को उनके बारे में बुरा बोलने के बजाय लोगों के लिए काम करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने लोगों के लिए काम किया होता तो राजनीति में केजरीवाल की कोई जरूरत नहीं होती। केजरीवाल ने कहा कि लोग उनकी पार्टी को उसके 'अच्छे काम' के कारण वोट देते हैं। गोवा में कांग्रेस उम्मीदवारों के हलफनामे पर हस्ताक्षर करने और राहुल गांधी की उपस्थिति में पार्टी की वफादारी की शपथ लेने, जैसा कि आप के उम्मीदवारों ने किया था, के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता का आम आदमी पार्टी की सभी अच्छी चीजों की नकल करने के लिए स्वागत है।



रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के लिए ट्रेनों का इंतजार करते अर्धसैनिक बल के जवान

### जैसलमेर में चार किलो अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

**जयपुर**। राजस्थान के जैसलमेर जिले की विशेष पुलिस टीम ने एक रिहायशी मकान से 4.375 किलोग्राम अफीम और 88.240 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत ने बताया कि सांगड थाना पुलिस ने मुलाना गांव में गंगा सिंह राजपूत के रिहायशी मकान पर दबिश दी। इस दौरान चार किलो 375 ग्राम अफीम, 88 किलो 240 ग्राम डोडा पोस्त, 31 किलो 600 ग्राम पॉलिथीन के पैकेट, नकदी व मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# कांग्रेस उम्मीदवारों ने राहुल गांधी की मौजूदगी में ली दलबदल विरोधी शपथ

गोवा विधानसभा चुनाव

भाषा। पणजी

**पिछले** पांच साल में दलबदल से बुरी तरह प्रभावित रही कांग्रेस ने गोवा में राज्य विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों से एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराए और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्हें पार्टी के प्रति वफादारी की शपथ दिलाई। गोवा की सभी 40 विधानसभा सीट पर 14 फरवरी को मतदान होगा और परिणाम 10 मार्च को घोषित किया जाएगा।

कांग्रेस ने चुनाव के लिए गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के साथ गठबंधन किया है। इसने जहां 37 उम्मीदवार खड़े किए हैं, वहीं जीएफपी तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। कार्यक्रम में जीएफपी उम्मीदवार भी मौजूद थे, जिन्होंने यह कहते हुए हलफनामे पर हस्ताक्षर किए कि चुनाव जीतने के बाद वे पार्टी नहीं छोड़ेंगे। गांधी शुक्रवार सुबह गोवा पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने मुरगांव विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। उनका सांखालिम में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

विपक्ष के नेता दिगंबर कामत के नेतृत्व में, जो विधानसभा में बचे पार्टी के दो विधायकों में शामिल हैं, उम्मीदवारों ने हलफनामा पढ़ा, जिसमें वादा किया गया कि वे अगले पांच वर्षों में पार्टी से इस्तीफा नहीं देंगे या किसी अन्य राजनीतिक संगठन में नहीं जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी के गोवा चुनाव प्रभारी पी चिदंबरम, इसके प्रदेश प्रभारी दिनेश गुंडू राव और गोवा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर भी मौजूद थे। पिछले पांच वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित तटीय राज्य में दलबदल से कांग्रेस सबसे ज्यादा प्रभावित रही है, क्योंकि उसके अधिकतर विधायकों ने पाला बदल लिया। साल 2019 में कांग्रेस के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सदस्यों की वर्तमान संख्या 27 है। कांग्रेस 2017 के विधानसभा चुनाव में 40 सदस्यीय सदन में 17 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी, लेकिन अब सदन में इसके केवल दो विधायक बचे हैं।

### मोदी सरकार ने किसान आंदोलन का बदला लेने के लिए पंजाब पर हमला किया : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के रिश्तेदार को गिरफ्तार किए जाने के बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने किसान आंदोलन का बदला लेने के लिए पंजाब पर हमला किया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चोर दरवाजे से मदद करने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने ट्वीट किया कि पंजाब चुनाव से 15 दिन पहले मोदी सरकार की राजनीतिक नौटंकी फिर शुरू कि भाजपा का इलेक्शन डिपार्टमेंट - ईडी मैदान में उतरा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि क्रॉनोलॉजी समझें - पंजाब के लोग अब किसान आंदोलन के पक्ष में खड़े होने की क़ीमत चुका रहे हैं। मोदी जी हार की हताशा में फ़र्ज़ी छापे-गिरफ्तारी करवा रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला मुख्यमंत्री चन्नी पर नहीं, पंजाब पर है, किसान आंदोलन का समर्थन करने की सजा है, यह बदला है कल किसानों द्वारा भाजपा को चुनावों में दंड दिए जाने के आह्वान का। उन्होंने कहा कि हमला है ताकि छोटे मोदी - केजरीवाल की पार्टी को चोर दरवाज़े से मदद की जा सके। केजरीवाल ने कृषि के काले क़ानून अधिसूचित किए थे, अब अहसान लौटाया जा रहा है।

### कुछ लोग अंग्रेजी बोलने वालों का महिमामंडन करना पसंद करते हैं: रिजिजू



**नई दिल्ली**। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण की सराहना करने वाले कुछ विपक्षी सदस्यों पर शुक्रवार को परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग पश्चिमी विचारों को ध्यान में रखकर अंग्रेजी बोलने वालों का महिमामंडन करना पसंद करते हैं। कम से कम दो लोकसभा सदस्यों ने बृहस्पतिवार को भाजपा नीत सरकार के तहत सत्ता के केंद्रीकरण संबंधी गांधी की टिप्पणी की सराहना करते हुए कहा था कि वह देश के लोगों की नब्ज को सही ढंग से समझते हैं। रिजिजू ने हिंदी में ट्वीट किया कि कई सांसदों ने संसद में बहुत ही शानदार और खूबसूरती से बात की, लेकिन कुछ लोग पश्चिमी विचारों को ध्यान में रखकर अंग्रेजी बोलने वालों का महिमामंडन करना पसंद करते हैं। लोकसभा में बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के ई टी मोहम्मद बशीर ने कहा था, मेरा मानना है कि अगर हमें धन्यवाद संदेश देना है या धन्यवाद संकल्प देना है तो वह राहुल गांधी को दिया जाना चाहिए। उनका कल (बुधवार) का भाषण भारतीय लोगों की नब्ज का असली प्रतिबिंब था। रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के सदस्य एन के प्रेमचंद्रन ने कहा था कि वह गांधी की इस बात से सहमत हैं कि भारत कोई साम्राज्य नहीं है, बल्कि राज्यों का एक संघ है। उन्होंने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यक्रमों का विरोध करने वाले सभी लोगों को 'राष्ट्र-विरोधी' करार देती है।

### महिला राजनेताओं के खिलाफ टिप्पणी करने पर आध्यात्मिक नेता पर मामला दर्ज

**पुणे**। महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले और भारतीय जनता पार्टी की पंकजा मुंडे के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर आध्यात्मिक नेता बंड्या तात्या कराडकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सतारा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कराडकर ने सुपरमार्केट और किराना दुकानों में शराब की बिक्री की अनुमति देने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इस आंदोलन के दौरान आध्यात्मिक नेता ने कथित तौर पर सुप्रिया सुले और पंकजा मुंडे के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की। पुलिस ने शुरुआत में कराडकर और अन्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कोविड-19 संबंधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए मामला दर्ज किया था।

# धनखड़ ने सार्वजनिक रूप से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की खिंचाई करने पर ममता पर निशाना साधा

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सार्वजनिक रूप से एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से यह पूछने के लिए निशाना साधा कि क्या राजभवन में मौजूद व्यक्ति उन्हें धमका रहा है और उनके काम में हस्तक्षेप कर रहा है।

धनखड़ ने ट्विटर पर कहा कि क्या चिंताजनक परिदृश्य है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में पूर्व मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) की खिंचाई करते हुए उनसे पूछती हैं कि क्या राज्यपाल ने आपको फोन किया था, यह गंभीर मुद्दा है, जिस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है, मुख्यमंत्री का पुलिस पर प्रहार। बनर्जी ने बृहस्पतिवार को एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक में अपने जिले में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर एसपी अमरनाथ को फटकार लगाई थी। प्रतीत होता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार और राज्यपाल के बीच अंतहीन खींचतान एक नए निचले स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि बनर्जी ने हाल में संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्होंने धनखड़ के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को ब्लॉक कर दिया है, क्योंकि अपने पोस्ट में वह बार-बार उनकी सरकार को निशाना बनाते थे।

धनखड़ ने इस पर पलटवार किया था और याद दिलाया था कि राज्य के प्रशासनिक मामलों और कानून के प्रस्तावों से संबंधित सूचना प्रदान करना, संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री का संवैधानिक कर्तव्य है।



गुवाहाटी के लताशिल गणेश मंदिर में गणेश पूजा के अवसर पर प्रार्थना करने के बाद हाथी से आशीर्वाद लेते भक्त

# पीएमएलए अदालत ने देशमुख, उनके बेटों और अन्य को 5 अप्रैल को पेश होने को कहा

भाषा। मुंबई

धन शोधन मामला



**मुंबई की** एक विशेष पीएमएलए अदालत ने शुक्रवार को धन शोधन मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, उनके दो बेटों और अन्य आरोपियों को पांच अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश आर एन रोकडे ने पिछली कार्यवाही में देशमुख, उनके बेटों ऋषिकेश और साहिल के साथ-साथ कंपनियों समेत नौ अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र का संज्ञान लिया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश ने उन्हें पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख पिछले साल दो नवंबर को मामले में गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, देशमुख ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया और बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन वाजे के माध्यम से मुंबई में विभिन्न बार और रेस्तरां से 4.70 करोड़ रुपए एकत्र किए। जनागपुर स्थित श्री साईं शिक्षण संस्थान के माध्यम से धन की हेराफेरी की गई।

### लालू के राजद अध्यक्ष का पद छोड़ने की संभावना नहीं : राबड़ी देवी

**पटना**। राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद के अगले सप्ताह यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद छोड़ने की घोषणा करने की संभावना नहीं है। लालू की पत्नी राबड़ी देवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उन खबरों के बारे में पूछा गया था कि क्या प्रसाद छोटे बेटे तेजस्वी यादव को पार्टी की बागडोर सौंप सकते हैं। पत्रकारों के सवालों पर राबड़ी ने कहा झूठी खबरें चलाई जा रही हैं।

प्रसाद आजकल ज्यादातर समय राष्ट्रीय राजधानी में अपने दिल और गुर्दे से संबंधित कई बीमारियों के लिए सख्त चिकित्सकीय देखरेख में बिताते हैं।

खराब स्वास्थ्य के कारण तथा चारा घोटाला के एक और मामले में फिर से जेल की सजा होने की स्थिति में प्रसाद के राजद अध्यक्ष का पद छोड़ने की अटकलें लग रही हैं।

# कर्नाटक में हिजाब पहनी छात्राओं को कॉलेज में फिर नहीं मिला प्रवेश

**मेंगलुरु**। कर्नाटक के उडुपी जिले के कुंडापुर में हिजाब पहनी कुछ छात्राओं ने शुक्रवार को एक सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में दाखिल होने की कोशिश की। हालांकि, अधिकारियों ने छात्राओं को कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से एक बार फिर रोक दिया। अधिकारियों के मुताबिक छात्राओं को स्पष्ट किया गया था कि राज्य सरकार द्वारा जारी ड्रेस कोड पर यथास्थिति के तहत कॉलेज परिसर में हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी, बावजूद इसके छात्राएं हिजाब पहनकर अपने अभिभावकों के साथ कॉलेज पहुंचीं और गेट को धक्का देकर अंदर घुसने की कोशिश की।

अधिकारियों के अनुसार छात्राओं के अभिभावकों ने कॉलेज परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि जब छात्राएं कॉलेज परिसर में दाखिल होने की कोशिश कर रही थीं, तब केसरिया शॉल पहने कुछ छात्र विरोध जताने के लिए परिसर में घूमने लगे। अधिकारियों के मुताबिक, छात्रों को तुरंत शॉल उतारने और कक्षा में जाने का आदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि तनाव को देखते हुए कॉलेज गेट पर तैनात कुंदापुर थाने के पुलिसकर्मियों ने सरकारी आदेश का हवाला देते हुए छात्राओं और उनके अभिभावकों से वापस जाने के लिए कहा। हालांकि, छात्राएं गेट पर डटी रहीं।

इस बीच उडुपी के पीयू कॉलेज की कुछ छात्राओं ने हिजाब पहनने से जुड़े मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त से संपर्क किया है, ताकि कॉलेज में शिक्षा का उपयुक्त माहौल कायम किया जा सके। कक्षा में हिजाब पहनने को लेकर विवाद इसी कॉलेज से शुरू हुआ था। छात्राओं ने अपनी अपील में कहा कि वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं और पुलिस तथा मीडिया की मौजूदगी के चलते कॉलेज में शिक्षण प्रक्रिया बाधित है। उन्होंने जिला प्रशासन से कॉलेज में छह छात्रों द्वारा उठाए गए मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कार्वाई करने की अपील की।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई



**शेयर** बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। मिलेजुले वैश्विक रुझानों के बीच बैंकिंग और ऊर्जा शेयरों में नुकसान के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 140 अंक से अधिक गिरकर बंद हुआ। विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत रुख में सख्ती के अनुमान और विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। कारोबारियों ने कहा कि रुपए की मजबूती ने शेयर बाजारों की गिरावट को थामने में कुछ मदद की, लेकिन विदेशी कोषों के लगातार पैसा निकालने के चलते निवेशक चिंतित हैं।

कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 143.20 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,644.82 पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 43.90 अंक या 0.25 प्रतिशत टूटकर 17,516.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.83 प्रतिशत की गिरावट एसबीआई में हुई। इसके अलावा एमएंडएम, एनटीपीसी, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी और पावरग्रिड नुकसान में रहने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे।

दूसरी ओर सन फार्मा, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील,ल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक में 1.21 प्रतिशत तक बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स में 19 शेयर गिरकर बंद हुए, जबकि 11 में बढ़त देखने को मिली। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को ब्याज दरों में वृद्धि की, जबकि यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने भी मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए नीति को सख्त करने का संकेत दिया।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में बृहस्पतिवार को शुरू हुई गिरावट जारी रही, और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों तथा धातु को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में बिकवाली देखने को मिली। बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा दरों में बढ़ोतरी के चलते पश्चिमी बाजारों में भी मजबूती की कमी थी। मुद्रास्फीति के जोखिम से भविष्य में दरें बढ़ सकती हैं। उन्होंने बताया, वॉल स्ट्रीट में काफी उतार-चढ़ाव रहा, क्योंकि मेटा (फेसबुक) के परिणाम आने के बाद भारी बिकवाली देखी गई। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ।,444.59 अंक या 2.52 फीसदी चढ़ा, जबकि निफ्टी 414.35 अंक या 2.42 फीसदी बढ़ा। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा, पूरे सप्ताह इक्विटी बाजार अत्यधिक अस्थिर रहा... अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने को लेकर चिंता, पूर्वी यूरोप में राजनीतिक और सैन्य तनाव, महामारी के नए स्वरूप के प्रतिकूल प्रभाव, के चलते निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई रियल्टी, ऑटो, ऊर्जा, वित्त और बैंकेक्स में शुक्रवार को 2.83 फीसदी तक की गिरावट आई, जबकि घातु, बुनियादी पदार्थ, उपयोगिता और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बढ़त रही। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 0.68 फीसदी तक की गिरावट आई। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग, तोक्यो और सोल में शेयर मजबूती के साथ बंद हुए। नए साल की छुट्टियों के कारण चीन के बाजार बंद रहे। यूरोप में दोपहर कारोबार के दौरान शेयर बाजारों में मिलाजुला रुख देखा गया।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत बढ़कर 92.22 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 19 पैसे मजबूत होकर 74.69 पर बंद हुई।

शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को ।,597.54 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# मूडीज ने की सरकार की सराहना

● **बजट अनुमान सावधानीपूर्वक रखा गया है और इससे महामारी तथा वृहत आर्थिक चुनौतियों से निपटने की गुंजाइशः मूडीज**

**भाषा।** नई दिल्ली

**मूडीज** इन्वेस्टर्स सर्विस ने शुक्रवार को कहा कि भारत के बजट अनुमान को सावधानीपूर्वक रखा गया, इससे सरकार के लिए व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मौजूदा हालात और महामारी से उत्पन्न जोखिमों से अगले वर्ष निपटने के लिए गुंजाइश है। सरकार का अनुमान है कि मार्च 2022 में खत्म होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 9.2 फीसदी होगी। यह अनुमान सितंबर तक, वित्त वर्ष की पहली छमाही में 13.6 फीसदी वृद्धि के आधार पर जताया गया। मूडीज ने कहा कि सरकार ने वृद्धि को लेकर अनुमान सावधानीपूर्वक रखा है। यह इस बात से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2021-22 के संशोधित बजट अनुमान में राजस्व प्राप्तियों में केवल 27.2 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना जताई गई है। यह मार्च 2022 के अंत में वित्तीय खातों के मिलान के बाद आगे लाभ के लिए कुछ गुंजाइश छोड़ता है। मूडीज ने रिपोर्ट में कहा कि 2022-23 के बजट में पूंजीगत व्यय पर ध्यान दिया गया जो निकट भविष्य में वृद्धि को समर्थन देगा हालांकि दीर्घकाल में राजकोषीय मजबूती के लिए इससे चुनौतियां भी हैं। बजट में केंद्र का राजकोषीय घाटा कम होकर अगले वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि इसके चालू वित्त वर्ष में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया, ऐसे समय जब महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है, निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार को बनाए रखने के लिए बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। मूडीज ने कहा, हालांकि भारत के बजट अनुमान को सावधानीपूर्वक रखा गया, इससे सरकार के लिए व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मौजूदा हालात और महामारी से उत्पन्न जोखिमों से अगले वर्ष निपटने के लिए गुंजाइश है। लेकिन इसमें वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत लाने का जो लक्ष्य है, उसे कैसे हासिल किया जाएगा, उसके बारे में चीजें साफ नहीं है।

# वर्ष 2025 तक तेल-गैस उत्खनन क्षेत्र दोगुना करने का लक्ष्यः पुरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**पेट्रोलियम** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि भारत वर्ष 2025 तक तेल एवं गैस उत्खनन क्षेत्रफल को दोगुना कर इसे पांच लाख वर्ग किलोमीटर कर तेल आयात पर अपनी निर्भरता कम करने में सफल रहेगा।

पुरी ने विश्व ऊर्जा नीति सम्मेलन 2022 में शिरकत करते हुए कहा कि घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस उत्खनन का क्षेत्रफल वर्ष 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर पहुंचाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इससे घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस उत्पादन बढ़ने के साथ ही तेल आयात पर निर्भरता भी कम होगी। दुनिया का तीसरा बड़ा तेल एवं गैस उपभोक्ता देश भारत इन ऊर्जा स्रोतों के लिए आयात पर काफी हद तक आश्रित है। वह अपनी 80 प्रतिशत तेल जरूरत आयात से पूरी करता है जबकि गैस के मामले में यह निर्भरता 50 प्रतिशत की है।पुरी ने कहा, "तेल एवं गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के मकसद से उत्खनन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का फैसला किया गया है। वर्ष 2025 तक इसे पांच लाख वर्ग किलोमीटर और उसके अगले पांच वर्षों में 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक ले जाने का लक्ष्य है"। पिछले पांच वर्षों में नई मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति के तहत सात दौर में तेल एवं गैस खनन क्षेत्रों की नीलामी की गई है जिसके बाद तेल एवं गैस उत्खनन का क्षेत्रफल बढ़कर दो लाख वर्ग किलोमीटर हो गया है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पांच लाख करोड़ डॉलर और 2030 तक 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है लिहाजा ऊर्जा जरूरतें भी उसी अनुपात में बढ़ेंगी। इसे पूरा करने के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ाना जरूरी है।

# सरकार चाहती है, निजी कंपनियां तेजी से नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित करें

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव तरुण बजाज ने शुक्रवार को कहा कि सरकार चाहती है कि घरेलू कंपनियां भारत में अपनी नई विनिर्माण इकाइयां तेजी से स्थापित करें और इसलिए 15 प्रतिशत की रियायती कर की दर को मार्च 2024 तक एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। बजाज ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ रहा है और इसमें अच्छी तेजी है। इसका मतलब है कि कॉरपोरेट क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा है, और भारत का कर जीडीपी अनुपात चालू वर्ष में अब तक का सबसे अधिक हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश 2022-23 के आम बजट में नई विनिर्माण इकाइयों के लिए रियायती कॉरपोरेट कर की दर मार्च 2024 तक एक और वर्ष के लिए जारी रखने का प्रस्ताव किया। सरकार ने सितंबर 2019 में कॉरपोरेट कर की दर घटाते हुए कहा था कि किसी एक अक्टूबर 2019 को या उसके बाद गठित घरेलू कंपनी के विनिर्माण क्षेत्र में कोई भी नया निवेश करने पर उसके पास 15 फीसदी की दर से आयकर चुकाने का विकल्प होगा। लेकिन इसके शर्त थी कि उत्पादन 31 मार्च, 2023 तक शुरू हो जाए।




## एक्सिस म्यूचुअल ने ईटीएफ लॉन्च किया

**मुंबई। भारत** की प्रमुख परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस इक्विटी ईटीएफ एफ ओएफ, घरेलू इक्विटी ईटीएफकी इकाइयों में मुख्य रूप से निवेश करने वाली ओपन एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीमद्ध को लॉन्च किया। नए फंड का प्रबंधन श्रेयश देवलकरए फंड मैनेजर द्वारा किया जाएगा। न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 रु है और उसके बाद निवेशक 1 रु के गुणकों में निवेश कर सकते हैं। यह नया फंड निफ्टी 500 टीआरआई बेंचमार्क को ट्रैक करेगा और फंड मैनेजर के टॉप डाउन इन्वेस्टमेंट व्यू के आधार पर डोमेस्टिक इक्विटी ईटीएफ में निवेश कर अल्फा जेनरेट करने का प्रयास करेगा। ईटीएफ पैसिव रणनीतियों में निवेश करने के सबसे लोकप्रिय साधनों में से एक हैं क्योंकि वे बाजार निर्धारित कीमतों पर एक्सचेंज पर बाइट साइज्ड यूनिट्स में ट्रेडिंग करते हुए अंतर्निहित सूचकांक के पोर्टफो लियो को दोहराते हैं। 3 वर्षों मेंए इक्विटी ईटीएफका एयूएम बढ़कर 3ग से अधिक हो गया है। फिर भीए निवेशकों को अक्सर ऐसा सही ईटीएफ चुनना मुश्किल लगता हैय जो आवश्यक विविधीकरण को बनाए रखते हुए संभावित अल्फा हासिल करने में मदद करे। चंद्रेश निगम प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एक्सिस एएमसी ने जानकारी दी।

## सैनी इंडिया ने भारत की सबसे बड़ी क्रॉलर क्रेन सौंपी

**मुंबई।** भारत में एक प्रमुख निर्माण उपकरण निर्माता सैनी इंडिया ने गुजरात के आणंद में स्थित द्वारकेश ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन को देश की पहली 800 टन भार उठने की क्षमता वाले क्रॉलर क्रेन सौंप करनया परचम लहराया है। सैनीएससीसी 8000, यूनिक डिजाइन और सिक्युरिटी फीचर के साथ भारत की सबसे बड़ी क्रॉलर क्रेन है, जो इसे उद्योग में पूरी तरह से सक्षम बनाती है। इस विशालकाय क्रेन का उपयोग द्वारकेश ट्रांसपोर्ट द्वारा विंड टरबाइन इंस्टोलेशन के लिए किया जाएगा। इस भव्य भेंट समारोह में द्वारकेश परिवहन कॉरपोरेशन के मालिक राजेन्द्र द्विवेदी, दीपाल द्विवेदी, रोमल द्विवेदी और उनका परिवार सहित उपस्थित थे। मैंनेजिंग डायरेक्टर दीपक गर्गए हैवी इक्विपमेंट बिजनेस यूनिट के हेड व वाइस प्रेसिडेंट संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।ए वैस्ट रीजन के रीजनल हेड़ एचई विनय ओझा तथा इंस्टिच्यूटनल सेल्स के जनरल मैंनेजर कपिल जैन उपस्थित थे। जिन्होंने द्वारकेश ट्रांसपोर्ट निगम को एससीसी 8000 क्रेन को सौंपा।

## रिलायंस कैपिटल को दिसंबर तिमाही में घाटा

**नई दिल्ली।** दिवाला कार्यवाही का सामना कर रही रिलायंस कैपिटल का दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर।,759 करोड़ रुपए रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 3,966 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। हालांकि घाटा सितंबर 2021 में खत्म तिमाही के मुकाबले बढ़ गया है, तब कंपनी को।,156 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। ज्यादा है। दिसंबर 2020 में उसका खर्च 8,662 करोड़ रुपए और सितंबर 2021 में खत्म तिमाही में 6,981 करोड़ रुपए था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नवंबर 2021 में रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को हटा दिया था और नागेश्वर राव वाई को इसका प्रशासक नियुक्त किया था।

## बैंक ऑफ इंडिया का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 90 प्रतिशत बढ़कर 1027 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने शुक्रवार को बताया कि उसके फंसे हुए कर्ज की स्थिति में सुधार के कारण दिसंबर 2021 में समाप्त हुई तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 90 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ।,027 करोड़ रुपए हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 540.72 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बीओआई ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय कम होकर 11,211.14 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 12,310.92 करोड़ रुपए थी।

## इंडिगो को तीसरी तिमाही में 130 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 129.8 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को अपने तिमाही नतीजों की जानकारी दी। उसने कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 की समान तिमाही में उसे 620.1 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। इंटरग्लोब एविएशन की दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में आय बढ़कर 9,294.8 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 4,910 करोड़ रुपए थी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रोनोजॉय दत्ता ने एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि हम तीसरी तिमाही में लाभ कमाने में सक्षम रहे। यह दर्शाता है कि हमारा व्यापार मॉडल मौलिक रूप से मजबूत है। इंटरग्लोब एविएशन ने एक अलग बयान में अपने सह-संस्थापक एवं प्रवर्तक राहुल भाटिया को तत्काल प्रभाव से कंपनी का प्रबंध निदेशक बनाए जाने की भी घोषणा की।

## आईएमएफ की प्रबंध निदेशक ने बजट 2022-23 को भारत के लिए विचारपूर्ण नीति एजेंडा बताया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के लिए बहुत विचारपूर्ण नीति एजेंडा है और यह मानवीय पूंजी निवेश तथा डिजिटलीकरण पर अनुसंधान और विकास में नवोन्मेष पर जोर देता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को 39.45 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया था जिसमें राजमार्गों से लेकर किफायती आवासों तक पर अत्यधिक व्यय का प्रस्ताव है और इसके पीछे महामारी से उबरती अर्थव्यवस्था के प्रमुख इंजनों को मजबूत रखने की सोच है। बजट में वित्त मंत्री ने रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए अवसंरचना पर खर्च पर जोर दिया है। अप्रैल 2022 से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 35 फीसदी वृद्धि के साथ 7.5 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव है। जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को कुछ संवाददाताओं के साथ डिजिटल वार्ता में कहा, हम भारत के लिए पूरी तरह मजबूत वृद्धि का पूर्वानुमान लगा रहे हैं।

हां, यह जरूर है कि 2022 के लिए 9.5 फीसदी जीडीपी के हमारे अनुमान की तुलना में थोड़ा कम 9 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई है। लेकिन, हम 2023 के लिए भी पूर्वानुमान में थोड़ा संशोधन (वृद्धि) करेंगे, क्योंकि हमें लगता है कि हम स्थाई वृद्धि देखेंगे जो वित्त मंत्री द्वारा व्यक्त पूर्वानुमान से बहुत अलग नहीं है। उन्होंने कहा, इस बात को लेकर हमारा रूख बहुत ही सकारात्मक है कि भारत लघु अवधि के मुद्दों से निपटने के बारे में सोच रहा है और इसके साथ ही दीर्घकालिक संरचनात्मक रूपांतरण पर भी ध्यान दे रहा है।

## कर्नाटक बैंक को सीआईआई सम्मान

**भाषा।** मंगलुरु

**कर्नाटक** बैंक को उसकी नवोन्मेषी सर्वश्रेष्ठ पद्धति केबीएल विकास के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के डीएक्स 2021 डिजिटल रूपांतरण पुरस्कार के लिए चुना गया है। बैंक ने यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। कर्नाटक बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक एम एस महाबलेश्वर ने सम्मान पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि 2017 में शुरू समग्र रूपांतरण यात्रा केबीएल विकास ने परिसंपत्ति और देयता उत्पादों में बैंक की डिजिटल क्षमताओं का क्रियान्वयन, वैकल्पिक वितरण चैनलों के तहत ग्राहक अनुभव और बिक्री और विपणन की एक मजबूत संस्कृति बनाने में मदद दी। केबीएल विकास के अगले चरण के तौर पर बैंक ने हाल में केबीएल नेक्स्ट शुरू किया है जिसका लक्ष्य डिजिटल पहलों को अगले स्तर तक ले जाना है।

## सब्सिडी का बहुत लाभ नहीं हुआ, फिर भी भारत का निर्यात पटरी परः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि सब्सिडी के जरिए निर्यात को बढ़ावा देने के वास्तव में वांछित परिणाम नहीं मिले लेकिन सरकार की आरओडीटीईपी योजना से निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है और इस साल इसके रिकॉर्ड 400 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) का अच्छा परिणाम मिला है और उसके आधार पर निर्यात भी बढ़ रहा है।

## ड्रीमफोक्स सर्विसेज ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई।** ड्रीमफोक्स सर्विसेज लिमिटेड (ड्रीमफोक्स)या कंपनी जो भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट सर्विस एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है । ड्रीमफोक्स अपने प्रौद्योगिकी संचालित प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए यात्रियों को बेहतर हवाई अड्डा अनुभव की सुविधा प्रदान करता है। कंपनी का एसेट लाइट बिजनेस मॉडल एकीकृत तकनीकी मंच पर विभिन्न एयरपोर्ट लाउंज ऑपरेटर्स और अन्य एयरपोर्ट संबंधी सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर भारत में परिचालन करने वाले वैश्विक कार्ड नेटवर्क्सए क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड जारीकर्ता और एयरलाइन कंपनियों सहित अन्य कॉर्पोरेट ग्राहकों को एकीकृत करता है। ड्रीमफोक्स उपभोक्ताओं को निम्नलिखित हवाईअड्डे से संबंधित सेवाएँ प्रदान करता है जैसे लाउंज, खाद्य और पेय ;स्पा,मीट एंड असिस्ट, हवाई अड्डा स्थानांतरण,ट्रांजिट होटल नैप रूम एक्सेस, और बैगेज ट्रांसफर सेवाएं। इस सेगमेंट में इसका प्रभुत्व भारत में वर्तमान में परिचालित 50 लाउंज में से 100 प्रतिशत तक पहुंच की सुविधा पर आधारित है, भारत एक ऐसा बाजार जिसके मौजूदा बाजार आकार के 4 गुना बढ़ने की उम्मीद है।

# पेज एक का शेष

## तीन टीके...

की गई थी। जर्मनी में टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख (टीयूएम) के शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरल स्पाइक प्रोटीन के कुल तीन एक्सपोजर से वायरस-न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडी बनती है। इस कारण कोरोना के नए संक्रमण के खिलाफ यह प्रभावी ढंग से लड़ रही है। स्पाइक प्रोटीन का उपयोग वायरस कोशिकाओं में प्रवेश करने और उन्हें संक्रमित करने के लिए करता है। टीम ने पाया कि तीसरी डोज लेने में बढ़ी एंटीबॉडी प्रभावी ढंग से काम कर रही है। प्रोफेसर पर्सी नोल ने टीकाकरण पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य के नए वेरियंटों के खिलाफ टीका मजबूत प्रतिरक्षा का काम करेगा। वहीं तीसरी डोज अधिक मजबूती से शरीर के बचाव के लिए काम करती है।

## देश में...

पर कोविड-19 के संक्रमण में कमी आई है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गुजरात सहित 34 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आई है, जबकि केरल और मिजोरम चिंता का विषय हैं। देश में मृत्यु की सूची में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। इसके बाद केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली का स्थान है।

## सपा कागजी...

लिए है, उत्तर प्रदेश के लोगों के तेज विकास के लिए है। यह चुनाव सुरक्षा सम्मान और समृद्धि की पहचान को बनाए रखने के लिए है। उन्होंने कहा, यह चुनाव हिस्ट्रीशीटर को बाहर रखने के लिए नई हिस्ट्री बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने यह मन बना लिया है कि दंगाइयों को, माफियाओं को, पर्दे के पीछे रहकर उत्तर प्रदेश की सत्ता हथियाने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के मतदाता अच्छी तरह से समझते हैं कि उद्योगों और व्यापार-कारोबार के लिए कानून व्यवस्था का राज होना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा, कोई सोच नहीं सकता था कि उत्तर प्रदेश में कभी अपराधी और माफिया काबू में आएंगे, लेकिन योगी जी ने कानून का राज स्थापित किया। गुंडागर्दी करने वालों को यह समझ आ आया है कि 21वीं सदी में उत्तर प्रदेश को लगातार ऐसी सरकार चाहिए, जो दोगुनी तेजी से काम करे और दोगुनी तेजी से विकास करे। यह काम डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका उत्तर प्रदेश का पहला दौरा मेरठ का ही हुआ था और मौसम खराब होने की वजह से उन्हें सड़क मार्ग से वहां पहुंचना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मेरठ एक्सप्रेस-वे की वजह से वह महज एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली से मेरठ पहुंच गए थे। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न विकास व कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, यह सब साबित करते हैं कि भाजपा की सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है। जो काम शुरू करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। ज्ञात हो कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों में भाजपा के प्रति रोष की खबरें आ रही हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री ने उनके मुद्दों पर भी विस्तार से अपनी बात रखी और क्षेत्र की जनता को आगाह किया कि यदि समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो उन्हें क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य खत्म हो जाएगा इसको लेकर अफवाह फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन राज्य में डबल इंजन की सरकार ने 2017 से पहले की अपेक्षा एमएसपी पर खरीद में कई गुणा अधिक वृद्धि की है और इस वर्ष भी देश के किसानों को लाखों करोड़ रुपए एमएसपी के रूप में मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार को खेती और किसान के वर्तमान और भविष्य की चिंता है और इसलिए कृषि का बजट पिछली सरकारों की तुलना में आज छह गुना हो चुका है तथा पीएम सम्मान निधि के 70 हज़ार करोड़ रुपए में से बहुत बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को मिलेगा।

## होशंगाबाद जिले...

नाम नर्मदापुर था। हालांकि प्राचीन इतिहास में होशंगाबाद जिले का कोई उचित विवरण नहीं है। ऐतिहासिक अभिलेखों में सबसे पहले इसका नाम 1405 ईस्वी में सुल्तान होशंगशाह गोरी के शासनकाल के दौरान सामने आया। होशंगशाह ने होशंगाबाद के साथ दो अन्य जगहों हंडिया और जोगा में छोटे किले बनवाए। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने इस मामले को लेकर चौहान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एक ट्वीट में पूछा, नर्मदा तट पर बसे होशंगाबाद का नाम बदलकर नर्मदापुरम तो हो गया लेकिन इस जिले में नर्मदा नदी को रोज छलनी करने वाला अवैध उत्खनन कब बंद होगा? उन्होंने कहा कि अब मां नर्मदा के नाम पर नामकरण होने के बाद शिवराज सरकार संकल्प ले कि वह अवैध उत्खनन नहीं होने देगी।

## एमएसपी पर...

परिभाषित करने और खेती को लाभदायक बनाने के लिए कोई तंत्र नहीं था। वास्तव में, उत्पादन की लागत से 50 फीसदी अधिक एमएसपी तय करना स्वामीनाथन समिति की 14 सिफारिशों में से एक था जिसे तब अंतर-मंत्रालयी पैनल ने खारिज कर दिया था। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री मोदी ने 2018-19 में उस सिफारिश को स्वीकार करने के बाद किसानों के हित में उच्च एमएसपी तय करना शुरू कर दिया। एमएसपी गारंटी देने पर कानून लाने के संबंध में मंत्री ने कहा कि गठित समिति जो भी सिफारिशें करेगी, सरकार उनकी जांच करेगी।

## हरियाणा ने...

कहा, मैं उच्च न्यायालय के समक्ष पेश हुआ था, इसलिए मैं कह सकता हूं कि मुझे अपनी बात रखने के लिए 90 सेकंड देने के बाद अदालत ने कानून पर रोक लगा दी। हमने एक विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) तैयार की और यह आज दायर की गई....मैं और बहुत कुछ कहना चाहता हूं, कृपया आदेश को रिकॉर्ड में रखते हुए इसे सोमवार के लिए सूचीबद्ध करें। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में राज्य के निवासियों को 75 फीसदी आरक्षण देने संबंधी हरियाणा सरकार के कानून पर अंतरिम रोक लगा दी। हरियाणा राज्य स्थानीय अभ्यर्थी रोजगार कानून, 2020 राज्य के नौकरी पाने के इच्छुक लोगों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण देता है। यह कानून 15 जनवरी से प्रभावी हुआ है। यह आदेश अधिकतम सकल मासिक वेतन या 30,000 रुपए की मजदूरी देने वाली नौकरियों पर लागू होता है। यह कानून हरियाणा में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों, सोसायटी, ट्रस्ट, साझेदारी वाली लिमिटेड कंपनियों, साझेदारी फर्म, 10 से ज्यादा लोगों को मासिक वेतनादिहाड़ी पर नौकरी देने वाले कार्यालयों, विनिर्माण क्षेत्र आदि पर लागू होता है। मार्च 2021 में, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रियाणा राज्य स्थानीय अभ्यर्थी रोजगार कानून, 2020 को मंजूरी दे दी थी।

## नीट-पीजी...

(रात 11.55 बजे तक) बंद करने के लिए अधिसूचित किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) से नीट-पीजी 2022 को छह से आठ सप्ताह के लिए स्थगित करने को कहा था क्योंकि नीट-पीजी 2021 की काउंसलिंग भी इसी दौरान होनी है। सहायक महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) और चिकित्सा परामर्श समिति के सदस्य सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने एनबीई के कार्यकारी निदेशक डॉ. एम बाजपेई को भेजे गए एक पत्र में कहा कि कई चिकित्सकों ने नीट-पीजी 2022 परीक्षा को टालने का अनुरोध किया क्योंकि नीट पीजी 2021 की काउंसलिंग भी इसी दौरान होनी है। वहीं, मई-जून में कई इंटर्न पीजी काउंसलिंग 2022 में भी भाग नहीं ले पाएंगे। यह पत्र तीन फरवरी को भेजा गया था। इसमें कहा गया, उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नीट पीजी 2022 को छह से आठ सप्ताह तक स्थगित करने का निर्णय किया है। इसलिए, मंत्रालय के फैसले का अनुपालन हो।

## ईडी ने...

है। जनवरी में तलाशी के बाद, एजेंसी ने 10 करोड़ रुपये से अधिक नकद और कई दस्तावेज बरामद किए थे, जिनमें से 8 करोड़ रुपये और अधिकांश कागजात अकेले हनी से जुड़े परिसरों से जब्त किए गए थे। संदीप कुमार के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति से जुड़े परिसर से लगभग 2 करोड़ रुपये नकद जब्त किया गया था।

## उत्तर प्रदेश...

मिलने से बेहद खुशी हुई। शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की झांकी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति था। झांकी के सामने के हिस्से में शिक्षा के क्षेत्र में देश के गौरवशाली अतीत को दर्शाया गया है, वेदों से शुरू होकर, शिक्षा की गुरुकुल प्रणाली और नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय जहां पढ़ाई करने के लिए दुनिया भर से छात्र एकत्र होते थे। वहीं झांकी के ऊपर रखी गई डिजिटल पुस्तक की एलईडी स्क्रीन पर वीडियो में बहु-विषयक शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार, स्टार्टअप, रोबोटिक्स और मेटावर्स का चित्रण आधुनिकता को दर्शते हुए दिखाया गया।

# भारत के साथ संबंध अपनी खूबियों पर टिके हैं : अमेरिकी विदेश विभाग

● रूस के साथ तनाव से प्रभावित नही होंगे

भाषा। वाशिंगटन

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा** परिषद (यूएनएससी) में यूक्रेन सीमा पर स्थिति को लेकर चर्चा में मतदान से अनुपस्थित रहने के कुछ दिन बाद अमेरिका के विदेश विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध अपनी विशेषताओं पर आधारित हैं और रूस के साथ जारी तनाव का इन पर असर नहीं पड़ा है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत के साथ हमारा रिश्ता अपनी खूबियों पर टिका है। प्राइस से यह पूछा गया था कि क्या यूक्रेन संकट को लेकर रूस के साथ तनाव के कारण भारत के साथ अमेरिकी संबंधों पर असर पड़ा है।

इस सप्ताह दूसरी बार विदेश विभाग के प्रवक्ता ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर भारत के रुख से संबंधित सवालों के जवाब देने से परहेज किया। प्राइस ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपने रुख पर चर्चा करने के लिए मैं इसे अपने भारतीय साझेदारों पर छोड़ देता हूं। प्राइस ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, रूस के सैन्य जमावड़े और यूक्रेन के खिलाफ उसकी अकारण संभावित आक्रामकता



के बारे में हमारी चिंताओं पर हम अपने भारतीय साझेदारों सहित दुनिया भर के दर्जनों देशों के साथ संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि ए ऐसी बातचीत है जो अमेरिका विभिन्न स्तरों पर कर रहा है। अनुमान के अनुसार रूस ने यूक्रेन के साथ सीमा के पास करीब 1,00,000 सैनिकों को भेजा है, जिसे लेकर पश्चिम के देशों ने कड़ी चेतावनी दी है और कहा है कि रूस आक्रमण करने का इरादा रखता है। रूस ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि वह यूक्रेन पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हालांकि, रूस मांग कर रहा है कि नाटो यूक्रेन को कभी भी सैन्य गठबंधन में शामिल होने की अनुमति नहीं दे और रूसी सीमाओं के पास नाटो हथियारों की तैनाती को रोकने तथा पूर्वी यूरोप से अपनी सेना को वापस लेने का वादा करे। अमेरिका और नाटो ने रूस की मांगों को खारिज कर दिया है लेकिन रूस की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और संकट को कम करने के लिए आगे बातचीत से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पहले एक अलग संदर्भ में कहा था कि यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का उसके आस पास के देशों से परे सुरक्षा वातावरण पर असर पड़ेगा। चाहे वह चीन हो या भारत अथवा दुनिया भर के देश, इसके प्रभाव दूरगामी होंगे और मुझे लगता है कि सभी इसे लेकर व्यापक समझ रखते हैं। भारत सोमवार को यूक्रेन सीमा को लेकर स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चर्चा के लिए बैठक से पहले प्रक्रियात्मक वोट से अनुपस्थित रहा और रेखांकित किया कि शांत और रचनात्मक कूटनीति समय की आवश्यकता है और रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा हासिल करने के व्यापक हित में सभी पक्षों द्वारा तनाव बढ़ाने वाले ऐसे किसी भी कदम को टाला जा सकता है। बैठक से पहले, रूस ने यह निर्धारित करने के लिए एक प्रक्रियात्मक वोट का आह्वान किया। अमेरिका के अनुरोध पर हुई बैठक को आगे बढ़ाने के लिए परिषद को नौ मतों की आवश्यकता थी। भारत, गैबॉन और केन्या वोट से दूर रहे, जबकि रूस और चीन ने इसके खिलाफ मतदान किया।

## अमेरिका ने चीन की आक्रामकता के खिलाफ भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चीन की आक्रामकता के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। वाशिंगटन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चीन ने शीतकालीन बीजिंग ओलंपिक के लिए उस सैन्य अधिकारी को मशाल वाहक बनाया है जो 2020 में गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर हमला करने वाले चीनी सैनिकों में शामिल था। चीन ने पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों के साथ जून 2020 की झड़प में शामिल पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक रेजिमेंट कमांडर को बीजिंग ओलंपिक के लिए बुधवार को मशाल वाहक के रूप में उतारा। इस पर भारत ने शुक्रवार से शुरू हो रहे इस खेल कार्यक्रम के उद्घाटन के राजनयिक बहिष्कार की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जहां तक बात भारत-चीन सीमा विवाद की है, हम सीधे संवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करना जारी रखेंगे। हमने पहले भी अपने पड़ोसियों को डराने-धमकाने के चीन के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। जैसा कि हम हमेशा करते हैं, हम दोस्तों के साथ खड़े हैं।

## संयुक्त अरब अमीरात पर यमन विद्रोहियों का हमला भारतीय परिवारों के लिए बना त्रासदी

भाषा। अबू धाबी

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में पिछले महीने यमन के हौती विद्रोहियों की ओर से किए गए हमलों के कारण भारतीय भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भारतीय मूल के ट्रक चालक रामजन रथ ने उस हादसे को याद करते हुए कहा पहले तो विस्फोट की आवाज सुनाई दी और कुछ पलों के लिए सब कुछ बिखर गया। इसके बाद उन्होंने देखा कि उनके पैरों में भी आग लगी हुई है। रामजन ईंधन से भरा ट्रक चलाते हैं। उन्होंने ड्रोन हमले वाले दिन को याद करते हुए कहा कि उनके सामने ही उनका ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। रामजन ने मुसाफाह में भारतीय कैंटीन के पास एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत के दौरान यह बात कही। यह हमला औद्योगिक शहर अबू धाबी में एक सरकारी तंय संयंत्र के पास हुआ था।



लंदन में ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर का उद्घाटन हुआ, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय रविवार 6,फरवरी 2022 को सिंहासन पर 70 साल पूरे करेंगी, एक अभूतपूर्व शासन जिसने उन्हें स्थिरता का प्रतीक बना दिया है

kotak

KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank branch and other related business, (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THAT the piece and parcel of Commercial Property being unit no. 207 admeasuring 3263.90 sq. ft. approx.. Super Area on Second floor Situated and located in the building known as "Sewa Corporate Park" at M.G. Road, revenue state of Sirhaul, Tehsil and District Gurgaon, Haryana-122001 | Mrs. Chitsa Mehta **Having Residence at:** 61, Block-G, Lajpat nagar 3, Delhi-110024 |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

kotak

KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank branch and other related business, (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THAT the piece and parcel of Commercial property being unit no. 8 and 9 admeasuring 10576 sq. ft. Super Area on ground and mezzanine floor Situated and located in the building known as "Sewa Corporate Park" at M.G. Road, revenue state of Sirhaul, Tehsil and District Gurgaon, Haryana-122001 | Mrs. Pinky Jain W/o Sajal Jain (Owner shop no. 9) Mr. Sajal Jain S/o Sh. Suresh Kumar Jain (Owner shop no. 8) **Having Residence at:** Mehak Farms, Khasra 207, 307, 304, 309, Maandi Road, Sultanpur, Delhi- 110030 |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

## सिंगापुर में भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधो एवं नियमो का उल्लंघन करने के आरोप मे भारतीय मूल की एक महिला को 10 सप्ताह कारावास की सजा सुनाई गई है। महिला पर आरोप है कि वह शराब पीने के लिए कई बार अपने घर से बाहर निकली और दोस्तो से भी मिली। लेचिमी (37) नामक महिला को बृहस्पतिवार को कोविड -19 (अस्थाई उपाय अधिनियम) के तहत तीन आरोपो मे दोषी ठहराया गया। समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स की एकरिपोर्ट के अनुसार सजा सुनाते समय लेचिमी पर लगे सात आरोपो पर विचार किया गया। डीपीपी केनेथ की ने अदालत मे कहा कि लेचिमी ने पांच अप्रैल से 21 मई 2020 के बीच छह नियमो का उल्लंघन किया और पुलिस अधिकारियों ने उसे पकड़ा।

## भारत में सी-सूट शिखर सम्मेलन 17 जून से

**मुंबई, बैंगलोर।** नूट्रीफी टुड दुनिया का पहला एआई-पावर्ड न्यूट्रास्युटिकल प्लेटफ ॉर्म न्यूट्रीफाई सीसूट समिट लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।यह न्यूट्रास्युटिकल इंडस्ट्री डेवलपमेंट इवेंट 17 जून 2022 को ताजमहल पैलेस मुंबई में होने जा रहा हैं और इसके साथ ही यह एशिया-इंडो-यूएस हाईवे की नींव रखेगा। शिखर सम्मेलन अपने न्यूट्रास्युटिकल उद्योग को अन्य सदस्य देशों के साथ एशिया-इंडो-यूएस हाईवे में सामंजस्यपूर्ण नीतियों का उपयोग करके आसानी से व्यापार करने का मौका देगा, एवं बाजार तक आसानी से पहुंचने में मदद करेगा। 100 बिलियन अमरीकी डालर के साथ वैश्विक न्यूट्रास्युटिकल उद्योग के विकास में एक डेल्टा जोड़ देगा। यह दुनिया का अपनी तरह का पहला आयोजन है, जो खरीदारों व प्रमुख कंपनियो के वरिष्ठ अधिकारियों व प्रमुख सरकारी नेताओं के साथ-साथ आसियान देश, भारत और अमेरिका को एक साथ लाएगा। समिट के बारे में मुख्य उत्प्रेरक अमित श्रीवास्तव ने जानकारी दी।

## सैन्य कार्यवाही पर विचार नहीं : प्रधानमंत्री ट्रूडो

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमो के विरोध मे हो रहे प्रदर्शनो पर सैन्य कार्यवाही का फिलहाल कोई विचार नही है। ओटावा के पुलिस प्रमुख पीटर स्लोली ने इस सप्ताह कहा था कि देश मे जारी प्रदर्शनो को समाप्त कराने के लिए सभी विकल्प खुले है,जिसमे सेना की मदद भी शामिल है। हजारो की संख्या मे प्रदर्शनकारियो ने पिछले सप्ताह संक्रमण रोधी टीका लगवाने और अन्य पाबंदियो के विरोध मे पार्लियामेंट हिल्स के आसपास जाम लगा दिया था।

## हांगकांग का कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को शुक्रवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब उसने शहर मे सरकारी कार्यालयों के बाहर बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक का विरोध करने की योजना की घोषणा की। स्थानीय समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यकर्ता कू स्ज़े-ईउ को उनके घर पर सुबह-सुबह गिरफ्तार कर लिया गया था।

# तालिबान के कब्जे के छह महीने बाद भी अफगानिस्तान की स्थिति अनिश्चित

● संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव ने एक रिपोर्ट में कहा है कि तालिबान के कब्जे के करीब छह महीने बाद भी अफगानिस्तान में स्थिति अस्थिर और अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि युद्ध से तबाह देश राजनीतिक, सामाजिक-आर्थिक और मानवीय झटके से उबरा नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए इसके निहितार्थ पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्थिरता और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय समर्थन को बढ़ावा देने का सर्वश्रेष्ठ तरीका यह होगा कि अपने पूर्व के कृत्यों को ना दोहराते हुए तालिबान अलग-थलग पड़ने से बचे। गुतारेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के लगभग छह महीने बाद भी अफगानिस्तान में स्थिति अस्थिर और अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि कई राजनीतिक, सामाजिक-आर्थिक और मानवीय झटकों से देश अब तक उबर नहीं पाया है। तालिबान खुद को कार्यवाहक सरकार के रूप में पेश करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अभी तक शासन ढांचे का गठन नहीं किया गया है, जो कि देश की जातीय, राजनीतिक और भौगोलिक विविधता को दर्शाए और जिसमें महिलाएं शामिल हों। संसाधनों और क्षमता की कमी के साथ-साथ विचारधारा भी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप शासन व्यवस्था की दिशा में आड़े आ रही है। अमेरिकी सैनिकों की 31 अगस्त को पूर्ण वापसी के दो सप्ताह पहले ही तालिबान ने 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। गुतारेस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सार्थक, लचीले और रचनात्मक जुड़ाव के बिना, अफगानिस्तान में मानवीय और आर्थिक स्थिति खराब ही रहेगी। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल अगस्त और दिसंबर के बीच इराक में इस्लामिक स्टेट और अफगानिस्तान के 16 प्रांतों में इस्लामिक स्टेट लेवेंट-खुरासन (आईएसआईएल-के) द्वारा 150 से अधिक हमले दर्ज किए हैं, जो कि 2020 में इसी अवधि में किए गए हमलों से लगभग आठ गुना अधिक है। 19 अगस्त से 31 दिसंबर 2021 के बीच संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान के 16 प्रांतों में आईएसआईएल-के द्वारा 152 हमले दर्ज किए।

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों मध्यस्थता के लिए रुस, यूक्रेन की यात्रा करेंगे

भाषा। पेरिस



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रोकने और बढ़ते तनाव का कम करने का राजनयिक तरीका ढूंढने के प्रयास के तहत अगले सप्ताह मास्को और कीव जाएंगे। मैक्रों की यह यात्रा सोमवार और मंगलवार को प्रस्तावित है। उनकी यह यात्रा अमेरिका की ओर से बृहस्पतिवार को लगाए गए इस आरोप के बाद होगी कि रूस अपने पड़ोसी यूक्रेन की ओर से रूसी क्षेत्र पर हमला किए जाने की आशंका की आड़ में सैन्य हमला करने और क्षेत्र में युद्ध थोपने की साजिश रच रहा है। हालांकि अमेरिका ने अपने दावों के समर्थन में किसी तरह की विस्तृत जानकारी नहीं दी है। यद्यपि फ्रांस नाटो का महत्वपूर्ण घटक है और रोमानिया पर रूस के हमले की आशंका के मद्देनजर गठबंधन की ओर से की जा रही तैयारी के तहत अपनी सेना भेज रहा है, लेकिन मैक्रों अपने रूसी समकक्ष के साथ संवाद की वकालत करते रहे हैं और खुद भी हाल के सप्ताह में पुतिन से कई बार बात की है। मैक्रों के कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि दोनों नेताओं के सोमवार को आमने-सामने की बैठक होगी।

## टीके की बूस्टर खुराक ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा दे सकती है: अध्ययन

भाषा। बर्लिन

**कोविड-रोधी** टीके की तीन खुराक ले चुके लोगों में उच्च-गुणवत्ता वाली एंटीबॉडी विकसित होती है जोकि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान कर सकती है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, तीन बार वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों और संक्रमणमुक्त होने के बाद टीके की दो खुराक लेने वालों पर भी यह बात लागू होती है। नेचर मेडिसिन में हाल में प्रकाशित इस अध्ययन के दौरान टीके की दोनों खुराक ले चुके लोगों और संक्रमण की चपेट में आने के बाद स्वस्थ हुए मरीजों में विकसित एंटीबॉडी की निगरानी की गई।

# लॉकडाउन के बीच पार्टी आयोजन मामले में पीएम जॉनसन के चार शीर्ष सहयोगियों का इस्तीफा



भाषा। लंदन

**कोविड-19** संबंधी लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय में पार्टी के आयोजन पर विवादों में घिरे प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के चार करीबी सहयोगियों ने इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री की नीति प्रमुख मुनीरा मिर्जा, चीफ ऑफ स्टाफ डैन रोजेनफील्ड, प्रमुख निजी सचिव मार्टिन रेनॉल्ड्स और संचार निदेशक जैक डॉयल सभी ने बृहस्पतिवार को कुछ घंटों के भीतर अपने पद छोड़ दिए। इससे पहले जांच में पता चला था कि देश में सख्त कोविड-19 लॉकडाउन नियमों के बीच डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) में कई पार्टियां आयोजित की गई थीं। बीबीसी की शुक्रवार की एक रिपोर्ट के अनुसार डॉयल ने मिर्जा के इस्तीफे के तुरंत बाद अपने इस्तीफे की भी पुष्टि की। इसके बाद रोजेनफील्ड और रेनॉल्ड्स ने भी इस्तीफा दे दिया। शीर्ष अधिकारियों का यह इस्तीफा ऐसे वक्त में आया है जब जॉनसन (57) पार्टी के भीतर अपने नेतृत्व को लेकर बढ़ते सवालों का सामना कर रहे हैं।

RAMPUR FERTILIZERS LTD.
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.

NOTICE OF BOARD MEETING

In pursuance of Regulation 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Monday, the 14th February 2022, at 4:00 P.M. at its H.O.: 319-A, Hemkunt Chambers, 89 Nehru Place, New Delhi - 110019, inter alia, to consider, approve and adopt unaudited Financial Results for the quarter ended on December 31st, 2021 pursuant to Regulation 33 of LODR. The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE and MSE to upload on their websites i.e. www.cse-india.com, www.msei.in respectively.

By order of Board
Sd/-
Rajeev Kumar
(Company Secretary)

Place: New Delhi
Date: 04.02.2022

PERFECTPAC LIMITED
**Regd. Office:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
**Phone No.:** 011-26441015-18, **Website:** www.perfectpac.com
**Email:** complianceofficer@perfectpac.com, **CIN No.:** L72100DL1972PLC005971

EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2021

(Rs. In lakhs except EPS)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2021 | 30.09.2021 | 31.12.2020 | 31.12.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2021 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Revenue from operations | 2336.13 | 2245.81 | 1703.85 | 6331.50 | 4125.91 | 6590.14 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | 15.40 | 77.17 | 48.20 | 80.44 | 32.98 | 107.78 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 15.40 | 77.17 | 48.20 | 80.44 | 32.98 | 107.78 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax and Exceptional items | 2.20 | 55.60 | 35.19 | 50.88 | 19.75 | 77.17 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 2.20 | 55.60 | 35.19 | 50.88 | 19.75 | 81.58 |
| Equity Share Capital | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 |
| Earnings Per Share of Rs. 10/- each | | | | | | |
| 1. Basic (Rs.) | 0.17 | 4.17 | 2.64 | 3.82 | 1.48 | 5.79 |
| 2. Diluted (Rs.) | 0.17 | 4.17 | 2.64 | 3.82 | 1.48 | 5.79 |

NOTES:
1. The above unaudited financial results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its Meeting held on February 04, 2022.
2. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2021, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-audited Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2021 along with review report of the Statutory Auditors is available under the investor section of our website at www.perfectpac.com and on the website of the stock exchanges i.e. www.bseindia.com and www.cse-india.com

For **Perfectpac Limited**

Place : New Delhi
Date : 04.02.2022

Sanjay Rajgarhia
*Managing Director*
DIN: 00154167

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश भोजवानी, अनुराग वर्मा, एच नंबर 1/5, तृतीय तल, व्हाइट हाउस, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00002068715 | फ्लैट नंबर 413, चतुर्थ तल, टावर-ए, मनहर गार्डन, हरीश नगर, सिकन्दरा बूला, आगरा, उत्तर प्रदेश | 08-09-2021 रू. 21,83,128/- | 11/05/2021 |
| 2. | विमलेश चंदेरा कोटियाल, निधि', एल-222, सेक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00002072172 | फ्लैट नंबर 1604, 16वां तल, टावर डी 2, नियो टाउन, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 08-09-2021 रू. 11,14,397.99/- | 12/04/2021 |
| 3. | वैभव अग्रवाल, सुचिता अग्रवाल, फ्लैट नंबर 17 बी, धवल गिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-11, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00002090132 | फ्लैट नंबर 324, तृतीय तल, टावर-बी, निकट मनहर गार्डन, निकट हरीश नगर, सिकन्दरा बोडला रोड, आगरा | 18-09-2021 रू. 36,58,228/- | 11/05/2021 |
| 4. | दीपक बिछोरिया, बृजलता अग्रवाल, 403, टावर 18, पारस टिएरा, सेक्टर-137, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00002091149 | फ्लैट नंबर 422, चतुर्थ तल, मनहर गार्डन, निकट हरीश नगर, सिकन्दरा बोडला रोड, आगरा | 18-09-2021 रू. 35,00,913/- | 11/05/2021 |
| 5. | रोहित मिश्रा, रिचा हक्सर, ए 125, फ्लैट नंबर 12, फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव, नेबसराय, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00002097884 | फ्लैट नंबर 139, प्रथम तल, मनहर गार्डन, निकट हरीश नगर, सिकन्दरा बोडला रोड, आगरा | 18-09-2021 रू. 37,25,835/- | 10/06/2021 |
| 6. | गुरपाल सिंह गांधी, रश्मि गांधी, ई-52 ए, , सेक्टर-41, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00002115371 | फ्लैट नंबर 202, द्वितीय तल, टावर एफ-3, नियो टाउन, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर टेकजोन-4, नोएडा | 08-09-2021 रू. 5,22,478/- | 11/05/2021 |
| 7. | आकाश बजाज, तनु दत्ता, 145 बी-2 शक्ति खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBNOD00002132819 | फ्लैट नंबर 106, टावर सी, प्रथम तल, अपना घर ग्राम कुंजहाल नालागढ़ बद्दी, हिमाचल प्रदेश | 08-09-2021 रू. 8,80,235/- | 07/06/2021 |
| 8. | सुमित अग्रवाल, सोनल राजावत, एच नंबर ए 134, निकट एनएमएस हॉस्पिटल, आरडब्ल्यूए सोसायटी, सेक्टर-30, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00002470953 | फ्लैट नंबर 2103, 21वां तल, टावर सी, मास्कोट सोहो मनोरथ, प्लॉट नंबर जीएच-04 बी, सेक्टर 16, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा | 18-09-2021 रू. 58,68,998/- | 06/05/2021 |
| 9. | सरफराज अहमद, सिराज अहमद, कमरा नंबर 25, आनंद जनरल स्टोर के सामने, बी 9/10, मित्रा हॉस्पिटल के पीछे, सेक्टर-35, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00003479995 | फ्लैट नंबर 811, 8वां तल, ब्लॉक ए, मैक्सब्लिस ताज किंग्सटन, प्लॉट नंबर जीएच 12, ईको सिटी, सेक्टर-75, गौतमबुद्ध नगर | 08-09-2021 रू. 9,53,126/- | 12/06/2021 |
| 10. | मोहित शर्मा, संतोष शर्मा, ई-138, 10वां एवेन्यू, गौड़ सिटी 2, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर खाता नंबर :- LBNOD00004061309 | फ्लैट नंबर 1554, 14वां तल, टावर जी, संस्कृति विहार, गौड़ सिटी 2, 10वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर 16 सी, नोएडा | 18-09-2021 रू. 29,32,407/- | 06/05/2021 |
| 11. | मोहित शर्मा, संतोष शर्मा, ई-138, 10वां एवेन्यू, गौड़ सिटी 2, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर खाता नंबर :- LBNOD00004705771 | फ्लैट नंबर 1554, 14वां तल, टावर जी, संस्कृति विहार, गौड़ सिटी 2, 10वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर 16 सी, नोएडा | 08-09-2021 रू. 2,36,235/- | 06/05/2021 |
| 12. | आशुतोष कुमार मिश्रा, स्वाति मिश्रा, डी-138, सेक्टर-12, प्रताप विहार, निकट यूनियन बैंक, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBNOD00004912604 | प्लॉट नंबर 785, ब्लॉक 7 डी, सेक्टर-18, नोएडा | 08-09-2021 रू. 7,24,156/- | 09/06/2021 |
| 13. | केशव कुमार, नेहा देवी, सी 425, पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्टी विला जीटा-1 के सामने, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00004941552 | फ्लैट नंबर आई-09, भू तल, टावर-आई, अजनारा पैनोरामा लंदन स्क्वायर, विला टाइप I, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर 22, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डवलपमेंट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 01-09-2021 रू. 62,66,168/- | 31/08/2020 |
| 14. | सोनू वर्मा, कोशांकी वर्मा, यूनिट नंबर 2102, टावर सी, एस एस्पायर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00005153390 | फ्लैट नंबर 1701, 17वां तल, टावर वाई-18, इरोस सम्पूर्णम, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर 2, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा | 08-09-2021 रू. 21,68,656/- | 09/06/2021 |
| 15. | गुडिया आचार्य, ललित आचार्य, फ्लैट नंबर 38 एफ, पाकेट बी 7, जनता फ्लैट, मयूर विहार फेज-III, नई दिल्ली-110096 खाता नंबर :- LBNOD00005159058 | यूनिट नंबर 314, तृतीय तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट, जय अम्बे अपार्टमेंट्स, कोंडली घड़ोली, मयूर विहार फेज-III, दिल्ली | 08-09-2021 रू. 11,61,722.3/- | 06/04/2021 |
| 16. | सतीश कुमार, नीरज, 114 ग्वालीसन, झज्जर, हरियाणा खाता नंबर :- LBXB I00005125460 | प्लॉट नंबर 92 ए, खेवट नंबर 2917/2915, खाता नंबर 3269, मुस्टिल नंबर 154, किला नंबर 27/7/2 (20-1) 12/640 इंतकाल नंबर 127818, वार्ड नंबर 19, ऋषि कालोनी, भगत चौक, चरखी दादरी रोड, झज्जर, हरियाणा | 08-09-2021 रू. 14,48,579/- | 07/04/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05 फरवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



# शाकाहार की बढ़ती लोकप्रियता

**विभिन्न कारणों से भोजन विकल्पों के लोकप्रियता चार्ट पर शाकाहार बढ़ रहा है।**

'मांस की कसम खाओ' मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड के बीच एक लोकप्रिय नए साल का संकल्प था। वे अत्यधिक मांस की खपत के परिणामों के बारे में अधिक जागरूक हैं और स्वेच्छा से इसे कम करने का प्रयास कर रहे हैं। आज, नकली मांस, एक स्थायी जीवन शैली, और सभी के लिए सहानुभूति शाकाहार को आगे बढ़ा रही है।

शाकाहार, एक निर्दोष प्रतीत होने वाला शब्द, अपमानजनक पर्यावरणीय परिस्थितियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है, और इसने शैली में ऐसा किया है। यह सिर्फ एक आहार से ज्यादा है। यह जीवन का एक तरीका चुनने के बारे में है जिसमें पशु-आधारित उत्पादों, विशेष रूप से भोजन को शामिल नहीं किया जाता है। यह एक ऐसा दर्शन है जो वस्तुओं के रूप में पशुओं के उपयोग का पुरजोर विरोध करता है। शायद यही कारण है कि लुईस हैमिल्टन और टॉम फोर्ड जैसी हस्तियां पौधे आधारित, पर्यावरण के अनुकूल आहार के पक्ष में हैं।

**● लेकिन सवाल यह है कि दुनिया अचानक शाकाहार से क्यों बौखला गई है?**

शाकाहार अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कुंजी है। बहुत से लोग मानते हैं कि वे मांस खाने का एकमात्र कारण इसके पोषण मूल्य के लिए है। यह प्रोटीन में उच्च है, आयोडीन, लौह और जस्ता जैसे आवश्यक पोषक तत्व, साथ ही साथ बी 12 और आवश्यक फैटी एसिड जैसे विटामिन। क्या होगा यदि आप इन सभी पोषक तत्वों को पौधे आधारित आहार से प्राप्त कर सकते हैं? बेकन और सॉसेज जैसे प्रोसेस्ड मीट में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है, जो उन्हें हृदय रोग और कैंसर पैदा करने के मामले में बेहद खतरनाक बनाता है।

शोध के अनुसार, जानवरों का मांस, दूध और अंडे खाना धूम्रपान की तरह हानिकारक हो सकता है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि सख्त शाकाहारी लोगों में कैंसर की दर सबसे कम होती है, इसके बाद शाकाहारियों का स्थान आता है जो मांस नहीं खाते हैं, लेकिन अंडे या दूध जैसे पशु-आधारित उत्पादों का सेवन करते हैं। निष्कर्ष यह है कि, जबकि एक उच्च बीएमआई और धूम्रपान की आदतें महत्वपूर्ण कारक हैं, आहार विकल्प स्वास्थ्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**● शाकाहारी आहार पर स्विच करने के लिए पर्याप्त कारण हैं?**

लेकिन क्या आपकी स्वाद कलिकाएं आपको शाकाहार करने से रोक रही हैं? चिंता मत करो। शाकाहारी दूध, आइसक्रीम और पास्ता सॉस से लेकर पर्यावरण के अनुकूल चिकन, मटन, टूना, अंडे और सभी प्रकार के मांस जो देखने, स्वाद लेने और यहां तक कि पारंपरिक मांस की तरह पकाने वाले सभी प्रकार के मांस को शामिल करते हैं।

**● शाकाहारी पर्यावरण के कायाकल्प में मदद करता है**

अग्रणी संगठनों ने बार-बार कहा है कि मांस उद्योग प्रदूषण, भोजन की कमी और समुद्र की कमी का एक प्रमुख स्रोत है। नेचर फूड में हाल ही में प्रकाशित एक पेपर के अनुसार, पशु-आधारित खाद्य पदार्थों से वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों की तुलना में दोगुना है।

यह कहने के बाद, कोई भी मांस, डेयरी और अंडे जैसे पशु-आधारित उत्पादों की खपत को कम करके और शाकाहारी जीवन शैली को अपनाकर अपने कार्बन पदचिह्न को प्रभावी ढंग से कम कर सकता है। वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों का मुकाबला करने के लिए पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों और शाकाहार की ओर एक वैश्विक बदलाव महत्वपूर्ण घटक हैं। क्या आपको शाकाहारी होने के और कारणों की आवश्यकता है?

**● शाकाहार स्वाद और स्थिरता के बराबर है**


क्या आपको लगता है कि यह नाटकीय है कि पशु कृषि को अंधेरे और भयानक के रूप में वर्णित किया जा रहा है? यह वास्तव में है, और लोगों के जघन्य कार्यों को देखने के लिए आपको दूर की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। शिशु नर बछड़ों को उनकी माताओं से छीनना, निर्दोष जानवरों को बूचड़खानों में भेजना या उससे भी बदतर, और जानवरों के साथ दूध, अंडे और विभिन्न प्रकार के मांस का उत्पादन करने के लिए मशीनों की तरह व्यवहार करना, औद्योगिक खेती की बदबू मानव जाति को कभी नहीं छोड़ेगी।

हम मासूम जानवरों के खून से हाथ नहीं धो पाएंगे, लेकिन हम इन अत्याचारों पर रोक तो लगा ही सकते हैं. एक पल के लिए विचार करें कि आपको स्वादिष्ट नाश्ता करने के लिए एक खुश और शुद्ध आत्मा की बलि देनी होगी।

शाकाहारी मांस की शुरूआत और पौधों पर आधारित खाद्य व्यंजनों में स्वस्थ प्रगति के कारण, लोग आज अपने स्वाद से समझौता किए बिना आसानी से शाकाहार अपना सकते हैं। आप अभी भी अपने पसंदीदा चिकन विंग्स या पोर्क सॉसेज को प्लांट-बेस्ड मीट ट्विस्ट के साथ खा सकते हैं। ये पर्यावरण के अनुकूल मांस विकल्प पारंपरिक मांस की तरह स्वाद, अनुभव और यहां तक कि पकाते हैं और एक स्थायी विकल्प के रूप में नियमित आहार में जोड़ा जा सकता है।

**● शाकाहार : एक बेहतर कल की ओर कदम**

जबकि शाकाहारी की जड़ें पर्यावरण संबंधी चिंताओं और पशु कल्याण में हैं, इसके कई स्वास्थ्य लाभों ने भी बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। और, यह देखते हुए कि अधिकांश लोग नए साल की शुरुआत भोजन से संबंधित संकल्पों के साथ करते हैं, हाल के वर्षों में शाकाहारी शब्द ने लोकप्रियता हासिल की है। कहा जाता है कि 21 दिन के नियम का पालन किसी भी व्यक्तिगत या पेशेवर लक्ष्य को आदत में बदल लेना चाहिए।




## मप्र में स्कूली पाठ्यक्रम में आनंद विषय को शामिल करने पर विचार कर रही सरकार


**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की कक्षाओं के पाठ्यक्रम में हैप्पीनेस को एक विषय के रूप में शामिल करने पर विचार कर रही है। प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य आनंद संस्थान (मप्र आनंद विभाग) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अखिलेश अर्गल ने पीटीआई -भाषा को बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के लिए इस विषय पर पुस्तकों का एक मसौदा लगभग तैयार है। वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश में आनंद विभाग स्थापित किया गया था और ऐसा करने वाला यह पहला प्रदेश बना। उन्होंने कहा, नवंबर (पिछले साल) में हमने यहां 80 शिक्षकों या प्रशिक्षकों को इस विषय पर एक प्रस्तुति दी थी। इसके अगले माह हमने कक्षा 9 से 12 तक के 80 विद्यार्थियों के साथ पांच दिनों तक बातचीत की और आनंद पुस्तक के मसौदे पर चर्चा की। विषय के लिए उनकी प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक थी। उन्होंने कहा कि पुस्तकों को अंतिम रुप देने के बाद उन्हें मंजूरी के लिए राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश संभवत: देश का पहला ऐसा राज्य होगा जहां इस विषय को स्कूलों में पेश किया जाएगा। प्रदेश में नौवीं से 12वीं तक के सभी विषयों के विद्यार्थियों के लिए यह विषय अनिवार्य होगा।

## पाकिस्तान के खैबरपख्तूना प्रांत में 1800 साल पुरानी बौद्ध कलाकृतियां मिलीं

**पेशावर।** पाकिस्तान में पुरातत्वविदों ने देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 1800 साल पुरानी 400 से अधिक बहुमूल्य बौद्ध कलाकृतियों की खोज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा के स्वाबी जिले के बाबू धेरी गांव में बौद्ध स्तूप सहित 400 विभिन्न कलाकृतियां मिली हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ अब्दुस समद ने बताया, पुरातत्वविदों ने खुदाई के दौरान बौद्ध काल की 1800 साल पुरानी ऐतिहासिक कलाकृतियों की खोज की है। उन्होंने कहा कि खुदाई का काम छह महीने पहले शुरू हुआ था और पुरातत्व विभाग ने अब कलाकृतियों के संरक्षण और इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों के लिए इसे खोलने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। हाल के दिनों में खैबर पख्तूनख्वा में ऐसी कई पुरातात्विक खोज हुई हैं। पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तानी और इतालवी पुरातत्वविदों की एक संयुक्त उत्खनन टीम ने बौद्ध काल के 2,300 साल पुराने मेहराबनुमा मंदिर और कुछ अन्य बहुमूल्य कलाकृतियों की खोज की। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात जिले के बजीरा शहर में की गई खोज को पाकिस्तान में बौद्ध काल का सबसे पुराना मंदिर बताया गया था।

## भीमसेन जोशी की 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अपनी कला के माध्यम से वह देश को करीब



लेकर आए। जोशी को कला व संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2008 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। मोदी ने ट्वीट कर कहा, पंडित भीमसेन जोशी जी 100वीं जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं। अपने काम से उन्होंने भारतीय संगीत और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में उत्कृष्ट योगदान दिया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से वह हमारे देश को करीब लेकर आए। जोशी का 24 जनवरी, 2011 को निधन हो गया था।



मुंबई में बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी अपनी बहन और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के साथ मुंबई के लोअर परेल में अपने जन्मदिन समारोह के दौरान

## गणतंत्र दिवस परेड में शिक्षा मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ पर आयोजित परेड में शिक्षा मंत्रालय की झांकी को केंद्रीय मंत्रालयोंाविभागों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने ट्वीट कर कहा, गणतंत्र दिवस परेड 2022 में विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ झांकियों का पुरस्कार जीतने वाले सभी विजेताओं को बधाई। केंद्रीय मंत्रालयोंाविभागों की श्रेणी में शिक्षा मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार मिलने से बेहद खुशी हुई। शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की झांकी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति था। झांकी के सामने के हिस्से में शिक्षा के क्षेत्र में देश के गौरवशाली अतीत को दर्शाया गया है, वेदों से शुरू होकर, शिक्षा की गुरुकुल प्रणाली और नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय जहां पढ़ाई करने के लिए दुनिया भर से छात्र एकत्र होते थे। झांकी के पीछे के हिस्से में एक चमकदार बल्बनुमा मस्तिष्क जैसी संरचना थी जो नवाचार और रचनात्मकता का प्रतीक थी। विभिन्न आयु वर्ग समूहों के छात्रों ने झांकी के साथ कौशल विकास और आनंदमय शिक्षा को चित्रित किया, जबकि झांकी के जरिए नवीनतम तकनीकों जैसे संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता पर जोर देने की अपील की गई। झांकी के ऊपर रखी गई डिजिटल पुस्तक की एलईडी स्क्रीन पर वीडियो में बहु-विषयक शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार, स्टार्टअप, रोबोटिक्स और मेटावर्स का चित्रण किया गया है। झांकी के दोनों ओर प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक के शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों के चित्र भी देखे जा सकते थे।

# हमारी पसंदीदा कैंडी में मौजूद हैं पोषक तत्व

**कैंडीस्यूटिकल्स आपके शरीर की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का नया तरीका है, बता रही हैं 'निकिता नटेरवाला'।**

स्वस्थ शरीर के लिए पोषक तत्वों और विटामिनों का एक स्वस्थ मिश्रण बहुत ही वांछनीय है लेकिन हम इसे प्रबंधित करने में मुश्किल से सक्षम हैं। क्या यह सिर्फ हमारी गलती है? ज़रूरी नहीं। आधुनिक जीवन शैली, तनाव और समय की कमी का लगभग हमेशा मतलब होता है कि हम अपने शरीर में डाले जाने वाले भोजन पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते हैं। फल और सब्जियां अब वे बिजलीघर नहीं रहे हैं जो कभी हुआ करते थे। उस सूची में आनुवंशिक संशोधन, कीटनाशकों और कीटनाशकों को जोड़ें। पोषक तत्वों से भरपूर, हमारे पूर्वजों के पास सबसे अच्छे उत्पाद उपलब्ध थे जो आज हमें जो मिलता है, उसके बिल्कुल विपरीत हैं।

इसका मतलब है कि हमारे शरीर अनिवार्य रूप से वंचित हैं जो अन्यथा उन्हें बढ़ने में मदद करेंगे। यह, बदले में, हमें सप्लीमेंट्स और गोलियों का सेवन करने के लिए प्रेरित करता है जो जल्दी या बाद में हमारे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनना बंद कर देते हैं। हमारे जीवन में किसी बिंदु पर, हम सभी ने गोलियां ली हैं जो हमें अपनी जरूरत की हर चीज देने का दावा करती हैं, उनसे नफरत करती हैं, और बस हमारे भाग्य को स्वीकार करती हैं।

मानव जाति में एक बहुत ही विशिष्ट कमी है जिसे केवल सटीक मात्रा में पचने वाले विशिष्ट पोषक तत्व ही हल कर सकते हैं - अधिक नहीं, कम नहीं। सिंथेटिक विटामिन और खनिज मात्रा में जो आदर्श नहीं हैं, आपके शरीर द्वारा कभी भी सही ढंग से अवशोषित नहीं किए जा सकते हैं। ये आपके लीवर पर दबाव डालने के अलावा फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि शरीर पोषक तत्वों को बेहतर तरीके से अवशोषित करता है जब आप उसे वही खिलाते हैं जो आपको पसंद है और जिसे आप खाना पसंद करते हैं। यदि आप उन पोषण शहीदों में से एक हैं जो ऐसे खाद्य पदार्थ खाते हैं जिन्हें आप पसंद नहीं करते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे आपके शरीर के लिए 'स्वस्थ' हैं, तो सबसे अधिक संभावना है कि आप उन खाद्य पदार्थों से अधिक पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर रहे हैं।

मस्तिष्क एक शक्तिशाली चीज है, और आपका शरीर कला का एक काम है। पाचन तंत्र का एक बड़ा हिस्सा न्यूरोट्रांसमीटर या मस्तिष्क द्वारा आपके शरीर के बाकी हिस्सों को भेजे गए संकेतों के जवाब में है जो इसे प्राप्त होने वाले भोजन के लिए तैयार करता है। जब आप अपने भोजन का स्वाद पसंद करते हैं, तो आपका मस्तिष्क इसे संसाधित करने और अवशोषित करने के लिए पाचक रसों के सही अनुपात को स्रावित करने के लिए अंगों को संदेश भेजने के लिए अधिक उत्सुक होता है। इसके बारे में सोचें, जिस भोजन का आप आनंद लेते हैं उसका पीछा करने के लिए आपको कितनी बार उस गिलास पानी को उठाने की आवश्यकता है?

अब जब आप जानते हैं कि आपका शरीर उन खाद्य पदार्थों से आवश्यक चीजों को अवशोषित करता है जिनका वह सबसे अधिक आनंद लेता है, तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि जब आप गोलियां खाते हैं तो क्या होता है? वे पानी से धुल जाते हैं, आपके पेट के एंजाइम को पतला कर देते हैं और इस तरह उनकी जैव उपलब्धता को कम कर देते हैं। क्या होगा अगर हम दैनिक पूरक आहार की फिर से कल्पना कर सकें? क्या होगा अगर हम इन सभी सप्लीमेंट्स को ले सकते हैं और उन्हें किसी ऐसी चीज़ में मिला सकते हैं जिसे हम खाना पसंद करते हैं?




मस्तिष्क एक शक्ति शाली चीज है, और आपका शरीर कला का एक काम है। पाचन तंत्र का एक बड़ा हिस्सा न्यूरोट्रांसमीटर या मस्तिष्क द्वारा आपके शरीर के बाकी हिस्सों को भेजे गए संकेतों के जवाब में है जो इसे प्राप्त होने वाले भोजन के लिए तैयार करता है। जब आप अपने भोजन का स्वाद पसंद करते हैं, तो आपका मस्तिष्क इसे संसाधित करने और अवशोषित करने के लिए पाचक रसों के सही अनुपात को स्रावित करने के लिए अंगों को संदेश भेजने के लिए अधिक उत्सुक होता है।

यह ठीक वही जगह है जहां कैंडीस्यूटिकल्स तस्वीर में आते हैं। अपने शरीर को न केवल खाने का आनंद लेने का एक क्रांतिकारी तरीका, बल्कि यह भी कि आपका शरीर प्रभावी रूप से क्या अवशोषित कर सकता है। अगर हमें पोषक तत्वों को शरीर में अवशोषित करने के लिए डालना है, तो यह कुछ सुखद के रूप में होना चाहिए। और क्या मिष्ठान्न से ज्यादा आत्मिक संतुष्टि देने वाला कुछ है? हमें नहीं लगता। उन सभी सूक्ष्म और मैक्रोन्यूट्रिएंट्स को प्राप्त करते हुए मुंह में पिघलने वाली चॉकलेट का एक टुकड़ा खाने की कल्पना करें जो आपको अन्यथा नहीं मिलती। पूर्ण अपराध-मुक्त आनंद और तनाव मुक्त स्वास्थ्य। गमीज़, चॉकलेट बार और इस तरह की चीज़ों से आपके शरीर को वह सारा प्यार देना आसान हो जाता है, जिसकी उसे ज़रूरत होती है। इन स्वादिष्ट आविष्कारों से एक ही समय में खुश और स्वस्थ रहना संभव है। यद्यपि बाजार में बहुत से पूरक उपलब्ध हैं, यह महत्वपूर्ण है कि आप उन योगों का चयन करें जो आपको विटामिन और खनिजों की दैनिक खुराक निगरानी और अच्छी तरह से शोधित मात्रा में प्रदान करते हैं, ऐसे योगों में जिन्हें आपका शरीर खाना पसंद करेगा, ताकि आप वास्तव में कर सकें अपने शरीर को फिर से संपूर्ण बनाने की प्रक्रिया का आनंद लें।

# टीम चयन में दखल के आरोप गलत: गांगुली

## बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा, अटकलबाजियों का जवाब देने की जरूरत नहीं

**●जय शाह और अरुण धूमल के साथ मेरे संबंध बेहतरीन**

**●संयुक्त सचिव जएश जार्ज चयन समिति के सदस्य नहीं**



**भाषा** । नई दिल्ली

**सौरव** गांगुली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के तौर पर चुनौतीपूर्ण 26 महीनों के अंदर कई तरह की आलोचनाओं का सामना किया जिसमें उन्हें कोविड-19 के कारण पैदा हुई परेशानियों से तो रूबरू होना ही पड़ा लेकिन उन पर चयनकर्ताओं को प्रभावित करने और अपने कार्यकाल में महिला क्रिकेट के लिए ज्यादा कुछ नहीं करने के आरोप भी लगे, लेकिन एक विशेष साक्षात्कार में पूर्व भारतीय कप्तान ने खुद पर लगे आरोपों को ही खारिज नहीं किया बल्कि अपने आलोचकों को भी याद दिलाया कि बीसीसीआई अध्यक्ष बनने से पहले मशहूर क्रिकेटर थे और 424 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके थे जिसमें 113 टेस्ट शामिल थे।

विराट कोहली के कप्तानी कार्यकाल को लेकर हुए ड्रामा से दूर रहते हुए गांगुली ने अन्य संवेदनशील मुद्दों पर पूछे सवालों के जवाब दिए जैसे हाल में रणजी ट्राफी की दो चरण में बहाली की घोषणा, भारत के नए टेस्ट कप्तान पर फैसले का इंतजार और महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरूआत।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इस महीने कोलकाता में भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच दर्शकों के बिना कराए जाएंगे और जब उनसे बोर्ड सचिव जय शाह से संभावित मतभेद की अटकलों के बारे में पूछा गया तो वह हंस पड़े। पेश है साक्षात्कार के कुछ अंश :

**सवाल** : आरोप हैं कि आप चयन समिति को प्रभावित कर रहे हैं और आप चयनकर्ताओं पर दबाव डालने के लिए बैठकों में हिस्सा लेते हैं? **उत्तर** : मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी को इस पर जवाब देने की जरूरत है और इन आधारहीन आरोपों में से किसी को अहम बनाने की जरूरत है। मैं बीसीसीआई अध्यक्ष हूं और बीसीसीआई अध्यक्ष को जो काम करना चाहिए, वह करता हूं और आपको यह भी बता दूं, मैंने सोशल मीडिया पर एक फोटो देखी जिसमें मुझे चयन समिति की बैठक में बैठे हुए दिखाया जा रहा था।

मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि यह फोटो (जिसमें गांगुली, जय शाह, कप्तान विराट कोहली और संयुक्त सचिव जएश जॉर्ज बैठे हैं) चयन समिति की बैठक की नहीं थी। जएश जॉर्ज चयन समिति का हिस्सा नहीं हैं। मैं भारत के लिए 424 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुका हूं। कभी कभार लोगों को यह दिलाने का विचार बुरा नहीं है। (हंसते हुए)

**सवाल** : बीसीसीआई में पिछले 26 महीनों में जय शाह के साथ काम करने में रिश्ते किस तरह के रहे हैं? **उत्तर** : जय के साथ मेरा शानदार रिश्ता है। वह अच्छा मित्र है और विश्वासपात्र सहयोगी है। मैं, जय, अरुण धूमल और जएश जॉर्ज हम इन दो वर्षों में विशेषकर कोविड-19 के मुश्किल दौर में बोर्ड को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि क्रिकेट खेला जाए। मैं कहूंगा कि दो साल शानदार रहे। हमने बतौर टीम ऐसा किया है।

**सवाल** : विराट कोहली के हटने का फैसला करने के बाद आप किस तरह का नया टेस्ट कप्तान देख रहे हैं? **उत्तर** : निश्चित रूप से, कप्तानी के कुछ मानदंड हैं और जो भी इनमें फिट बैठेगा, वह अगला भारतीय टेस्ट कप्तान होगा। मेरा मानना है कि चयनकर्ताओं के दिमाग में एक नाम होगा और वे अधिकारियों - अध्यक्ष और सचिव - के साथ इस पर चर्चा करेंगे और आने वाले समय में इसकी घोषणा करेंगे।

**सवाल** : आपने हाल में कहा था कि अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा रणजी ट्राफी में खेलेंगे। लेकिन क्या इसका मतलब है कि उन्हें श्रीलंका टेस्ट से बाहर किया जा सकता है, हालांकि इन मैचों को अब मार्च में कराया जाएगा? **उत्तर** : मेरा मतलब था कि वे रणजी ट्राफी खेलेंगे क्योंकि यह श्रीलंका श्रृंखला से पहले शुरू होगी। इसके बाद चयनकर्ता फैसला करेंगे। रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप फरवरी के तीसरे हफ्ते में शुरू होंगे और श्रीलंका टेस्ट मार्च में हैं। यह पूरी तरह से चयन समिति का फैसला होगा, वे जो भी फैसला करें।

**सवाल** : आपको क्या लगता है, हार्दिक पंड्या भारतीय टीम में कब वापसी करेंगे? कम से कम इस समय उपलब्ध विकल्पों को देखते हुए, क्या टीम को हार्दिक की कमी नहीं खल रही? **उत्तर** : हार्दिक चोटिल था और उसे पूरी तरह से उबरने के लिए ब्रेक दिया गया था ताकि वह भारतीय क्रिकेट के लिए लंबे समय तक खेल सके। मुझे लगता है कि मैं उसे रणजी ट्राफी में कुछ मैच खेलते हुए देखूंगा। मैं उससे काफी ज्यादा ओवर गेंदबाजी करने की उम्मीद करता हूं जिससे उसका शरीर मजबूत होगा। साथ ही अब वह अहमदाबाद आईपीएल का कप्तान है और यह ऐसा मंच होगा जिसमें चयकनर्ता उसकी फॉर्म और फिटनेस को देख लेंगे। इसी के अनुसार वे फैसला करेंगे।

**सवाल** : रणजी ट्राफी के बारे में बात करें तो बीसीसीआई इसे शुरू कर रही है लेकिन कुछ निश्चित ब्रैकेट के लिए मैच फीस प्रत्एक मैच 2.4 लाख रूपए तक बढ़ाने के बावजूद ज्यादातर टीमें केवल तीन प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगी। क्या यह वित्तीय नुकसान नहीं है और सभी हितधारकों के लिए मुद्दा नहीं है? **उत्तर** : वे विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली में भी खेल चुके हैं, जिसमें भी मैच फीस बढ़ाई गई थी। आपको समझना होगा कि मेडिकल टीम से चर्चा के बाद फैसला किया गया कि चार टीमों को एक विशेष शहर में एक ग्रुप में रखा जाए क्योंकि हमारे पास केवल यही तरीका था जिससे कि हम कोविड-19 दौर में बायो-बबल की सुरक्षा को बरकरार रख सकें। किसी एक विशेष स्थान पर ज्यादा संख्या में व्यक्तियों की मौजूदगी से संक्रमण की रफ्तार ही बढ़ेगी। इसलिए स्थल ज्यादा हैं और टीमें कम हैं।

साथ ही टाइम-फ्रेम (समयसीमा) भी एक कारण था क्योंकि हमने जनवरी के मध्य में कोविड-19 मामले बढ़ने के कारण इसे स्थगित कर दिया था। हमें अंडर-25, अंडर-19 नॉक आउट, महिला टी20 प्रतियोगिताएं भी करानी है। आईपीएल और महिला टी-20 चैलेंजर भी है।

काफी प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी आईपीएल टीमों का हिस्सा होंगे। इसलिए यह इन सबको देखकर किया गया है। बीसीसीआई कभी भी प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों का नुकसान नहीं चाहेगा। **सवाल** : बीसीसीआई महिलाओं की आईपीएल क्यों शुरू नहीं कर रहा? फिर से टी-20 चैलेंज क्यों? जब बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) जैसी एक राज्य इकाई छह टीमों की 90 खिलाड़ियों वाली महिला टी-20 क्लब प्रतियोगिता आयोजित करती है? **उत्तर** : हम महिला आईपीएल गठित करने के स्तर पर हैं। यह निश्चित रूप से होगी। मेरा मानना है कि अगले साल मतलब 2023 पूर्णकालिक महिला आईपीएल शुरू करने का बहुत अच्छा समय होगा जो पुरूष आईपीएल की तरह ही बड़ी और सफल होगी। ***सवाल*** : उम्मीद है कि आईपीएल भारत में ही हो रहा है। यह कितनी बड़ी राहत की बात होगी? **उत्तर** : बीसीसीआई ने हमेशा ही कहा है कि यह इंडियन प्रीमियर लीग है और हम आदर्श रूप से इसे भारत में ही कराना चाहेंगे।

हां, हमने अभी आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की है क्योंकि देश में हम अब भी कोविड-19 हालात से निपट रहे हैं। हां, हम कुछ समय में स्थलों पर फैसला करेंगे। योजना इसे भारत में ही कराने की है और हम इसी के अनुसार तैयारी कर रहे हैं।

**सवाल** : भारत के 1000वें वनडे के लिए क्या कुछ विशेष जश्न होगा, जो रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जाएगा? **उत्तर** : नहीं, ऐसा कुछ नहीं क्योंकि सबकुछ बायो-बबल में हो रहा है। हमें कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना होगा इसलिए बड़ा जश्न संभव नहीं होगा। **सवाल** : राज्य सरकार ने ईडन गार्डन्स पर तीन टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों के लिए 75 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दे दी है। लेकिन क्या बीसीसीआई चिंतित नहीं है क्योंकि मोटेरा में दर्शकों के बिना वनडे कराए जाएंगे?

**उत्तर** : मैं बता दूं कि हम तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों के लिए ईडन गार्डन्स पर दर्शकों को अनुमति नहीं दे रहे हैं। आम जनता के लिए कोई टिकट नहीं होगा। केवल बंगाल क्रिकेट संघ के अधिकारियों और विभिन्न इकाईयों के प्रतिनिधियों को अनुमति होगी।

ऐसे समय में हम दर्शकों को अनुमति देकर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य का जोखिम नहीं उठा सकते। हमारे पास राज्य सरकार की मंजूरी है लेकिन बीसीसीआई खिलाड़ियों की सुरक्षा का जोखिम नहीं चाहता।

# पहले वनडे से भारतीय टीम ने अभ्यास सत्र में भाग लिया



**भाषा** । अहमदाबाद



**भारतीय** टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले शुक्रवार को अपना पहला व्यापक अभ्यास सत्र पूरा किया। गुरुवार को टीम ने हल्के सत्र को आयोजित किया था, जहां खिलाड़ियों के साथ ट्रेनर भी थे।

शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर की तिकड़ी को छोड़कर शुक्रवार को सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ कोविड-19 जांच में नेगेटिव आने के बाद अभ्यास सत्र में मौजूद थे। खिलाड़ियों ने दूधिया रोशनी में अभ्यास किया और यह एक पूर्ण सत्र था। समझा जाता है कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को खिलाड़ियों से मिलवाया। विराट कोहली, ऋषभ पंत और अन्य खिलाड़ियों ने नेट पर बल्लेबाजी की, जबकि एकदिवसीय टीम में वापसी कर रहे कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी ने गेंदबाजी की। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और हरफनमौला शारदुल ठाकुर ने भी नेट में गेंदबाजी की।सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल तीन दिन के लिए पृथकवास हैं और लोकेश राहुल के उपलब्ध नहीं होने पर शुरुआती मैच के लिए एक विकल्प होंगे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भी एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है और वह भी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर सलामी बल्लेबाज धवन, रिजर्व सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ और मध्यक्रम के बल्लेबाज अय्यर - वेस्टइंडीज श्रृंखला शुरू होने से पहले अनिवार्य पृथकवास के दौरान हुई कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए थे। चार अन्य लोग भी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए थे जिसमें नेट गेंदबाज नवदीप सैनी भी शामिल थे। सैनी भी स्टैंडबाई सूची में शामिल हैं।

कोविड-19 पॉजिटिव आने वाले अन्य तीन सदस्य क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप, सुरक्षा संपर्क अधिकारी बी लोकेश और मालिशिया राजीव कुमार हैं। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए 31 जनवरी को अहमदाबाद में इकट्ठा हुई थी। श्रृंखला छह फरवरी से अहमदाबाद में शुरू होगी जो भारत का 1000 वां वनडे मैच होगा।

अब यह निश्चित हो गया है कि धवन, रूतुराज और अय्यर की तिकड़ी श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी क्योंकि उन्हें एक हफ्ते लंबे पृथकवास में रहना होगा और फिर आरटी-पीसीआर की जांच में दो बार नेगेटिव आना होगा।

# हार के बाद इंग्लैंड के कोच सिल्वरवुड का इस्तीफा

**●पिछले दो साल काफी चुनौतीपूर्ण रहे**

**एपी** । लंदन



**एशेज** श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक एशले जाइल्स ने भी पद छोड़ दिया था।

सिल्वरवुड ने कहा कि पिछले दो साल काफी चुनौतीपूर्ण थे। मैने टीम के साथ अपने समय का पूरा मजा लिया। उन्होंने कहा कि मैं अच्छी यादों के साथ जा रहा हूं। अब अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगा और कैरियर की दूसरी पारी का आगाज करूंगा। अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले अंतरिम कोच की नियुक्ति की जाएगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरीसन ने कहा कि क्रिस ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया और खिलाड़ियों तथा स्टाफ ने उसके साथ काम करने का पूरा आनंद उठाया।

उन्होंने कहा कि क्रिस के कोच रहते सीमित ओवरों की इंग्लैंड टीमें विश्व रैंकिंग में पहले दूसरे स्थान पर पहुंची। टेस्ट टीम ने दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में जीत दर्ज की। उनके योगदान के लिए आभार।

# महामारी, लॉकडाउन और बहिष्कार के साए में शीतकालीन ओलंपिक शुरू

**एपी** । बीजिंग

**जिस** देश में दो साल पहले कोरोना वायरस का प्रकोप सामने आया था, उसने शुक्रवार को यहां लॉकडाउन के साए में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की शुरुआत की। कई देशों ने इन खेलों का राजनयिक बहिष्कार किया है लेकिन चीन गर्व से वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यहां बर्फ और सर्दी के मौसम जैसे माहौल में नेशनल स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान खेलों के शुरू होने की घोषणा की। इसी बर्ड नेस्ट (चिडिए की घोसले की तरह) स्टेडियम ने 2008 के ओलंपिक (ग्रीष्मकालीन खेल) के उद्घाटन समारोह की मेजबानी की थी। इसके साथ ही बीजिंग ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दुनिया का पहला शहर बन गया। इससे पहले चिनफिंग और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस एक साथ स्टेडियम पहुंचे थे। महामारी के दौर में तोक्यो (ग्रीष्मकालीन ओलंपिक) के बाद पिछले छह महीने में यह दूसरा ओलंपिक है। मानवाधिकारों के हनन को लेकर अमेरिका और यूरोप के कई देशों के विरोध के बाद भी उद्घाटन समारोह में कई वैश्विक नेताओं ने भाग लिया। इसमें सबसे उल्लेखनीय नाम रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का है। यूक्रेन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच पुतिन ने समारोह से पहले दिन में शी के साथ निजी तौर पर मुलाकात की। भारत ने गुरुवार को घोषणा की कि बीजिंग में भारतीय दूतावास के मामलों के प्रमुख 2022 शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन या समापन समारोह में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि चीन ने गलवान घाटी झड़प में शामिल सैन्य कमांडर को इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता का मशाल धारक बनाकर सम्मानित किया है।



**शीतकालीन खेलों के दौरान यूक्रेन की बोबस्लेडर लिडिया हुनको ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को रूस से दूर रहने को कहा गया है**

# दबदबा कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम

**●इंग्लैंड के साथ अंडर 19 विश्व कप का फाइनल आज**

**भाषा** । नॉर्थ साउंड (**एंटीगा**)

**पिछले** 14 सत्र में आठ बार फाइनल खेलकर चार खिताब जीत चुकी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप इतिहास की सबसे कामयाब टीम है और इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को फाइनल में यश धुल की टीम इस दबदबे पर मुहर लगाने के इरादे से उतरेगी। भारत की नजरें रिकॉर्ड पांचवें खिताब पर है और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए यह मुश्किल भी नहीं लग रहा। दूसरी ओर इंग्लैंड का इरादा भी इतिहास रचने का है और दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है।

मैदान से बाहर कोरोना संक्रमण से जूझने के बावजूद भारतीय टीम को फाइनल तक पहुंचने में दिक्कत नहीं आई जो खिलाड़ियों की प्रतिभा और टीम की गहराई की बानगी पेश करती है। कप्तान धुल और उपकप्तान शेख रशीद संक्रमण के कारण तीन में से दो मैच नहीं खेल सके थे। संक्रमित खिलाड़ियों में सबसे बुरी तरह प्रभावित हुए धुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में शानदार शतक जड़ा। वहीं रशीद ने भी 95 रन की पारी खेली।

सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और हरनूर सिंह सेमीफाइनल में चल नहीं सके और फाइनल में उन्हें अत्यधिक रक्षात्मक खेलने से बचना होगा। धुल और रशीद ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब शुरूआत के बाद जिस तरह से पारी को संभाला, उससे उनकी परिपक्वता नजर आई।

मौजूदा टीम में से कुछ ही खिलाड़ी सीनियर स्तर पर खेल सकेंगे लेकिन शनिवार को अपने प्रदर्शन से आईपीएल की आगामी मेगा नीलामी के लिए टीमों का ध्यान खींचने में जरूर कामयाब होगा। यानी उनके पास अपनी तकदीर बदलने का यह सुनहरा मौका है। बल्लेबाजी में जहां व्यक्तिगत प्रदर्शन देखने को मिला, वहीं गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में प्रभावित किया है। राजवर्धन हंगरगेकर और रवि कुमार ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान किया तो विकी ओस्तवाल ने स्पिन गेंदबाजी का मोर्चा बखूबी संभाला। वह 10 .75 की औसत से 12 विकेट ले चुके हैं। खिताब और भारत के बीच इंग्लैंड की टीम है जो आखिरी बाद 1998 में फाइनल में पहुंची थी जब उसने अब तक का एकमात्र खिताब जीता था।

अफगानिस्तान के खिलाफ तनावपूर्ण सेमीफाइनल के बाद अब इंग्लैंड की नजरें 24 साल से खिताब का इंतजार खत्म करने पर लगी है। टूर्नामेंट में भारत की तरह की अपराजेय रही टॉम प्रेस्ट की टीम के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। प्रेस्ट अभी तक 73 की औसत से 292 रन बना चुके हैं जबकि तेज गेंदबाज जोशुआ बॉयडेन ने 13 विकेट लिए हैं। भारतीय बल्लेबाजों को कलाई के स्पिनर रेहान अहमद को संभलकर खेलना होगा।

# कैमरून को हराकर मिस्र फाइनल में

**एपी** । याओंडे, चार फरवरी

**लिवरपूल** के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सालाह और सादियो माने अफ्रीकी कप आफ नेशंस फुटबॉल खिताब के लिए आमने सामने होंगे। मिस्र ने कैमरून को सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में 3-1 गोल से हराया। मिस्र के स्ट्राइकर सालाह को पेनल्टी लेने की जरूरत ही नहीं पड़ी।

निर्धारित 120 मिनट तक स्कोर गोलरहित बराबरी पर था। इस बीच मिस्र के कोच कार्लोस किरोज पर एक मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया है और वह सेनेगल के खिलाफ फाइनल में नहीं होंगे। पिछले सोमवार को कैमरून और कोमोरोस के बीच अंतिम 16 के मुकाबले में मची भगदड में आठ प्रशंसकों की मौत के बाद ओलेम्बे स्टेडियम में यह पहला मैच था। फाइनल भी इसी मैदान पर खेला जाएगा जिसमें माने की सेनेगल टीम की नजरें पहले उपमहाद्वीपीय खिताब पर होंगी। सेनेगल को 2019 फाइनल में अल्जीरिया ने हराया था।

## रीयल मैड्रिड को हराकर बिलबाओ कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड**। एलेक्स बेरेनगुएर के 89वें मिनट में किए गए गोल की मदद से एथलेटिक बिलबाओ ने रीयल मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एथलेटिक लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इस जीत के साथ ही उसने रीयाल मैड्रिड के खिलाफ पिछले तीन मैचों में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। दो महीने में दोनों टीमों का यह चौथा मुकाबला था। मैड्रिड ने पिछले महीने स्पेनिश सुपर कप के फाइनल में उसे हराया था जबकि दिसंबर में स्पेनिश लीग मैच में दो बार जीत दर्ज की थी। एथलेटिक पिछले दो कोपा फाइनल में पहुंची थी जिसे 2020 में रीयाल सोशिदाद ने और पिछले सत्र में बार्सीलोना ने हराया था। इससे पहले रीयाल बेटिस ने सोशिदाद को 4-0 गोल से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।



**एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ गोल करने का प्रयास करता रीयल मैड्रिड का खिलाड़ी**

## कामिल माशजाक ने दूसरे वरीय मुसेत्ती को टाटा ओपन से बाहर किया

**भाषा** । पुणे

**पोलैंड** के कामिल माशजाक ने टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस में बड़ा उलटफेर करके दूसरी वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती को हराकर शुक्रवार को सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उलटफेर से भरे दिन गत चैंपियन जिरी वेस्ली और वरीयता प्राप्त दो अन्य खिलाड़ियों को भी हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज कामिल माशजाक ने दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी को दो घंटे 13 मिनट तक मुकाबले में 6-2, 7-6, 6-4 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी असलान कारात्सेव पहले ही दूसरे दौर में क्वालीफायर एलियास वायमेर से हारकर बाहर हो गए हैं। सेमीफाइनल में कामिल माशजाक के सामने फिनलैंड के खिलाड़ी एमिल रुसुवुओरी की चुनौती होगी।

# सीनियर महिला कुश्ती खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर साई में सात से

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**एशियाड** 2022 सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवान अपना परचम लहराने के लिए सीनियर महिला कुश्ती खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आगामी सात फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

साई लखनऊ के कार्यकारी निदेशक संजय सारस्वत के अनुसार इस कैंप में 48 महिला पहलवान सहित 10 कोच भी शामिल होंगे। इसके साथ सहयोगी स्टॉफ भी होगा। यह खिलाड़ी साई सेंटर में बने स्टेट ऑफ द आर्ट एयर कंडीशनिंग कुश्ती हाल में संचालित होगा।

उन्होंने कहा कि इस कैंप के दौरान सभी आवश्यक कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाएगा। इसमें सभी खिलाड़ियों को अपनी अनिवार्य कोरोना आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट देनी होगी। इसके साथ कैंप के दौरान भी एंटीजन टेस्ट किए जाएंगे। वैसे पिछले साल कोरोना संक्रमण के मुश्किल हालात में भी कैंप के संचालन के बाद एक बार फिर कैंप की शुरुआत की जा रही है।

बहरहाल महिला कुश्ती के कैंप का मुख्य उद्देश्य इस साल सितंबर माह में होने वाले एशियन गेम्स है जिनका आयोजन 10 से 25 सितंबर तक चीन के हांगझोऊ में होगा।

इस कैंप में ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और एशियाड व राष्ट्रमंडल खेल की पदक विजेता विनेश फोगाट सहित कई दिग्गज पहलवान शामिल होंगी। बताते चले कि साई लखनऊ का सेंटर भारतीय महिला पहलवानों के लिए काफी लकी रहा है और यहीं से ट्रेनिंग करके महिला पहलवानों ने रियो ओलंपिक, एशियाड-2018, कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 और अन्य अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतकर भारत का परचम लहराया है।

**खिलाडियों के नाम**

शिवानी, सिमरन, ममता, सीमा, पूजा गहलौत, स्वाति, शिवानी, अंकुश, अंजू, भाविका पटेल, रमन यादव, इंदू तोमर, मानषी, नीतू, अर्चना चौधरी, सोनाली, सरिता, गीता, भाग्यश्री, पूजा ढांडा, संगीता, रितु रानी, सृष्टि, मनीषा, निशा, जसप्रीत कौर, शाफ अली,ए प्रियंका, रितु मलिक, नैना, अनिता, निक्की, पिंकी, कुलविंदर कौर, अनुराधा, दिव्या काकरान, पूजा, बिपाशा, किरन, विनेश फोगाट, अंशू, संजू देवी, साक्षी मलिक, सोनम, पिंकी, भटेरी, हैनी कुमारी।

## 24 साल बाद पाक का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया

**भाषा** । कराची

**क्रिकेट** आस्ट्रेलिया ने 24 साल में पाकिस्तान के अपने पहले दौरे को मंजूरी दे दी, जिसमें दोनों बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं के बीच संशोधित यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की। आस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान में रावलपिंडी, कराची और लाहौर में तीन टेस्ट मैच खेलेगी। दौरे के दौरान तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और एक टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच भी खेले जाएंगे। दौरे का पहला टेस्ट मैच रावलपिंडी में चार से आठ मार्च तक खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट कराची (12 से 16 मार्च) और तीसरा टेस्ट मैच लाहौर (21 से 25 मार्च) में खेला जाएगा। सफेद गेंद के चार मैच 29 मार्च से पांच अप्रैल तक खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी फैसल हसनैन ने कहा कि हमें खुशी है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया बोर्ड ने औपचारिक रूप से अपनी टीम को पाक दौरे को अनुमति दी।